डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2024-2026
लाइसेंस क्र. Tech/23-04/08/2024-2026
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति रविवार को प्रकाशित | 16-31 अक्टूबर 2024 | 21 अक्टूबर | वर्ष-41 | अंक-03 | मूल्य ₹10.00

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया राज्य स्तरीय मकर संक्रांति उत्सव का शुभारंभ

प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में खुशहाली का मार्ग हुआ प्रशस्त

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय मकर संक्रांति उत्सव के शुभारंभ अवसर पर संबोधित किया

भोपाल, लाड़ली बहनों को मकर संक्रांति पर जारी की जा रही राशि का उपयोग वे अपने परिवार को आगे बढ़ाने तथा सबको साथ लेकर चलते हुए परिवार के सभी सदस्यों के हित में करें। यह राशि राज्य सरकार की ओर से इसी उद्देश्य से उपलब्ध की जा रही है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय मकर संक्रांति उत्सव के शुभारंभ अवसर पर कही।

इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत एक करोड़ 29 लाख बहनों के खातों में 1576.61 करोड़ रुपये सिंगल क्लिक से अंतरित किये।

महिलाओं के प्रति सम्मान का प्रतीक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारे देश में नारियों का सदा से सम्मान रहा है, बहन-बेटियाँ हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। विश्व में कोई ऐसा देश नहीं है, जहां देश को माता के रूप में माना गया हो। भारत देश का नाता अपनी माता से जोड़कर हमने अपनी विशेषता को दुनिया के सामने प्रकट किया है। हमारे सभी त्योहारों और देवी-देवताओं में महिला का नाम आगे रहता है, यह उनके प्रति सम्मान का प्रतीक है।

10 से 15 जनवरी तक चलेगा उत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 10 से 15 जनवरी तक चलने वाले मकर संक्रांति उत्सव का शुभारंभ किया। यह उत्सव महिला सशक्तिकरण एवं युवा ऊर्जा पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 56 लाख से अधिक हितग्राहियों को 341 करोड़ की पेंशन और आर्थिक सहायता का अंतरण भी सिंगल क्लिक से किया। कार्यक्रम में महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, सामाजिक न्याय मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह उपस्थित थे।

महिला, किसान, युवा और गरीबों के उत्थान के लिए संकल्पित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने महिला, किसान, युवा और गरीब इन चार जातियों के उत्थान पर बल दिया है। राज्य सरकार इन सभी के उत्थान तथा सशक्तिकरण के लिए संकल्पित है। उनके द्वारा बनाई और क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाएं सभी देशवासियों के खुशहाल और स्वस्थ जीवन का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

प्रकृति से संबंधित हैं हमारे त्योहार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी संस्कृति खुली किताब की तरह है। यह दुनिया और मनुष्यता को समझने का मौका देती है। हमारे सभी व्रत, त्योहार, पर्व और उत्सव, उत्साह और उमंग के साथ हमारे सभी गुणों को विश्व के सामने प्रस्तुत करते हैं। हमारे त्योहारों को मनाने का समय और तरीका यह सिद्ध करता है कि इनका प्रकृति से गहरा संबंध है। मकर संक्रांति भी उनमें से ही एक त्योहार है। हमारा प्रत्येक कार्यक्रम दीप प्रज्ज्वलन से आरंभ होता है, जिसका अर्थ है सूर्य का स्मरण करना, यह अंधेरे को दूर कर आगे बढ़ने का विश्वास दिलाने वाले क्षण भी होते हैं।

संक्षिप्त खबर

उर्दू की श्रेष्ठ पुस्तकों के पुरस्कारों के लिये आवेदन 12 फरवरी तक

भोपाल, मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी द्वारा उर्दू की श्रेष्ठ पुस्तकों पर 6 राष्ट्रीय एवं 13 प्रादेशिक पुरस्कार दिये जाने के लिये 01 जनवरी, 2023 से 31 दिसम्बर, 2023 तक की अवधि में प्रकाशित पुस्तकें 12 फरवरी, 2024 तक आमंत्रित हैं।

जल विज्ञान में नवाचार के लिए मध्यप्रदेश को मिला अवॉर्ड

भोपाल, जल विज्ञान में नवाचार के लिए प्रदेश को भारत सरकार का एक्सीलेंस अवॉर्ड प्राप्त हुआ है। नई दिल्ली में आयोजित जल विज्ञान परियोजना की राष्ट्र स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी ने जल विज्ञान के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचार के लिए मध्यप्रदेश को चुन सचिव जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार श्रीमती देवाश्री मुखर्जी ने परियोजना संचालक, जल संसाधन विभाग श्री आर.के. गुप्ता को एक्सीलेंस अवॉर्ड प्रदान किया। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने विभाग के अधिकारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये बधाई दी।

भीतर के पृष्ठों पर

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार में 7वीं बार इंदौर सिरमौर

भोपाल, भारत मंडपम में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह 2023 में मध्यप्रदेश के इंदौर शहर को सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में पहुंची टीम मध्यप्रदेश ने ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि गार्बेज फ्री शहर में 7-स्टार रेटिंग के साथ इंदौर ने लगातार सातवीं बार उपलब्धि हासिल की है। सबसे स्वच्छ राज्यों की श्रेणी में द्वितीय स्थान का पुरस्कार भी प्रदेश को प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों, जनप्रतिनिधियों और स्वच्छता मित्रों को बधाई देते हुए कहा कि इंदौर को सातवीं बार स्वच्छता के शिखर पर पहुंचने का श्रेय प्रधानमंत्री के कुशल मार्गदर्शन को जाता है।

भोपाल को पांच स्टार रेटिंग के साथ पांचवा स्थान

प्रदेश में स्वच्छता के प्रयासों से 7 शहरों को वाटर प्लस, 361 शहरों को ओडीएफ++, 3 शहरों को ओडीएफ+ और 7 शहरों को ओडीएफ दर्जा प्राप्त है। प्रदेश में एक 7-स्टार, एक 5-स्टार, 24- 3स्टार और 132 1-स्टार गार्बेज फ्री शहर हैं। कार्यक्रम में भोपाल शहर को स्वच्छ शहरों की सूची में गार्बेज फ्री सिटी में 5 स्टार रेटिंग के साथ पांचवा स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश के 15,000 से 20,000 जनसंख्या वाले शहरों में बुधनी को पश्चिम जोन के सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। एक लाख से कम जनसंख्या वाले शहरों में नौरोजाबाद और अमरकंटक को फास्ट मूविंग सिटी श्रेणी में प्रथम और द्वितीय स्थान मिला है। महू ने सबसे स्वच्छ कैंटोनमेंट बोर्ड का खिताब हासिल किया है।

प्रदेश में उद्योगों को दिया जाएगा बढ़ावा - डॉ. यादव

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा। उद्योगों की इकाई लगाने के लिए हर संभव मदद की जाएगी। राज्य सरकार रोजगार और उद्योगों के विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में उद्योगपतियों से चर्चा कर रहे थे। फोर्स मोटर्स लिमिटेड के अध्यक्ष श्री फिरोदिया ने बताया कि फोर्स मोटर्स राज्य में 1987 से पीथमपुर में कार्यरत है। यह प्रदेश में 4515 करोड़ से अधिक का निवेश कर 2200 से अधिक लोगों को रोजगार दे रही है। पिनकेल इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष डॉ. सुधीर मेहता ने बताया कि कंपनी 1996 से कार्यरत है। प्रदेश में 175 करोड़ से अधिक का निवेश कर एक हजार से अधिक लोगों को रोजगार दे रही है। राज्य शासन द्वारा पिनकेल मोबिलिटी साल्यूशन को नवीन परियोजना के लिए पीथमपुर में भूमि आवंटित की गई है।

शिलान्यास समारोह

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है नई शिक्षा नीति

भोपाल, हरिद्वार में पतंजलि गुरुकुलम् एवं आचार्यकुलम् के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सभी युगों में हमारे देश में शिक्षा-दीक्षा को महत्व प्रदान किया गया है।

5 हजार साल पहले श्रीकृष्ण द्वारा बाल रूप में कंस जैसी महाशक्ति का पराभव करने के बाद भी तत्कालीन समाज ने कहा कि श्रीकृष्ण की शिक्षा-दीक्षा होना चाहिए, यह व्यवस्था 14 विद्या, 64 कला से परिपूर्ण थी। प्रत्येक शिष्य का सर्वांगीण विकास और उनमें मानवीयता के उत्कृष्ट मापदंडों की पुनर्स्थापना करना इसका उद्देश्य था।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में क्रियान्वित हो रही नई शिक्षा नीति भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर केन्द्रित है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति गुरु और गुरुकुल दोनों की महिमा बताती है। त्रेता में श्रीराम और द्वापर में श्रीकृष्ण ने गुरुकुल में अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। हमारा यह सौभाग्य है कि मध्यप्रदेश भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा स्थली के रूप में भी जाना जाता है।

21वीं सदी भारत के उत्कर्ष की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का मानना था कि 21वीं शताब्दी भारत के उत्कर्ष की शताब्दी होगी और उत्कर्ष के यह लक्षण दिखाई देने लगे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का यश सम्पूर्ण विश्व में स्थापित हुआ है। योग गुरु स्वामी रामदेव जी महाराज ने भारतीय संस्कृति की महत्ता को विश्व में स्थापित करते हुए भारतीय दर्शन व चिंतन में विश्वास की पुनर्स्थापना की है।

6 जनवरी

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने मांगे सुझाव

● सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने प्रेस और पत्रिका पंजीकरण नियम-2024 के

मसौदे के बारे में राय और सुझाव मांगे हैं। हितधारक और आम लोग अगले महीने की चार तारीख तक अपनी राय और सुझाव दे सकते हैं। मसौदा नियमों के अनुसार प्रकाशक समाचार पत्र के प्रकाशन के 48 घंटे के भीतर समाचार पत्र का इलेक्ट्रॉनिक संस्करण प्रेस सेवा पोर्टल पर अपलोड करेगा। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में प्रकाशक हर महीने की पांच तारीख तक समाचार पत्र की प्रति प्रत यसूचना कार्यालय में भेजेगा। प्रकाशक के व्यावसायिक परिसर में दस्तावेजों और अन्य रिकॉर्ड का निरीक्षण केवल तभी किया जाएगा, जब प्रकाशक वार्षिक विवरण नियमित रूप से जमा नहीं करा रहा होगा।

● यूक्रेन और रूस ने एक दूसरे के लगभग पांच सौ से अधिक कैदियों को रिहा किया है। इनमें यूक्रेन की रक्षा सेवा के वे सदस्य भी शामिल हैं, जिन्हें लड़ाई के दौरान काला सागर में मारिया पुल के इस्पात संयंत्र और स्नेक आईलैंड से हिरासत में लिया गया था। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन ने उसके 248 सैन्यकर्मी सौंपे हैं, जबकि यूक्रेन ने अपने 230 लोगों की रिहाई की जानकारी दी। दोनों देशों के बीच सैनिकों की यह सबसे बड़ी अदला-बदली है। रूसी रक्षा मंत्रालय के अनुसार रूसी सेना के सभी रिहा सैनिकों को आवश्यक चिकित्सा और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान की जा रही है।

7 जनवरी

एयरलाइंस को बोइंग-737 मैक्स 8 विमानों का निरीक्षण करने के निर्देश

● नागर विमानन महानिदेशालय ने घरेलू विमानन कंपनियों को निर्देश दिया है

कि वे अपने बेड़े में शामिल सभी बोइंग-737 मैक्स 8 विमानों में आपातकालीन निकास द्वार का तत्काल निरीक्षण करें। महानिदेशालय ने अलास्का एयरलाइंस के विमान बोइंग 737 मैक्स 9 विमान की घटना को ध्यान में रखते हुए यह निर्देश दिया है। बता दें, अलास्का एयरलाइंस के विमान की खिड़की सहित आउटर सेक्शन उड़ान के समय हवा में ही गिर गया था, जिसके कारण उसे आपात स्थिति में उतारना पड़ा था। इस समय, एयर इंडिया एक्सप्रेस, स्पाइस जैट और अकाशा विमान कंपनियों के बेड़े में 737 मैक्स 8 विमान शामिल हैं। वहीं अमरीका की विमान विनियामक संस्था फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने बोइंग 737 मैक्स 9 विमानों को संचालित न करने का आदेश दिया है।

● भारत और सऊदी अरब ने आपसी संबंधों को और मजबूत करते हुए एवं हज यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए द्विपक्षीय हज समझौते 2024 पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता समावेशण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी ने कहा कि सऊदी अरब के शिष्टमंडल ने भारत की डिजिटल पहल विशेषकर अंतिम समय में हज यात्रियों को आवश्यक जानकारी मुहैया कराने की व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने हज यात्रियों के लिए चिकित्सा सुविधाओं में बढ़ोतरी किए जाने के महत्व को स्वीकार किया।

8 जनवरी

जन औषधि केंद्रों ने बचाए गरीबों के 26 हजार करोड़ रुपये

● केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा है कि पिछले नौ वर्षों

में जन औषधि केन्द्रों के कारण देशभर में गरीबों की लगभग 26 हजार करोड़ रुपये की बचत हुई है। प्राथमिक कृषि ऋण समितियों-पैक्स के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहले प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों से अधिकतम शहरी क्षेत्रों में रह रहे गरीब लोगों को लाभ मिलता था, लेकिन अब ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी किफायती मूल्य पर दवाइयां मिल रही हैं। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री मनसुख मांडविया ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में चार हजार से अधिक प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को ऑनलाइन पंजीकृत किया गया है। दो हजार तीन सौ से अधिक समितियों को प्रारंभिक स्वीकृति दे दी गई है। इनमें से पांच सौ समितियों ने जन औषधि केन्द्र शुरू कर दिए हैं।

● तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने बंगाल की खाड़ी में कृष्णा गोदावरी बेसिन में गहरे समुद्र की प्रमुख परियोजना से तेल उत्पादन शुरू कर दिया है। ओएनजीसी ने केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 ब्लॉक की क्लस्टर-2 परियोजना से उत्पादन शुरू कर दिया गया है। सोशल मीडिया पोस्ट में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि तेल उत्पादन प्रतिदिन 45 हजार बैरल और गैस उत्पादन प्रतिदिन दस करोड़ घन मीटर से अधिक होने की आशा है। इस परियोजना से वर्तमान राष्ट्रीय तेल और प्राकृतिक गैस उत्पादन में सात-सात प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। यह बंगाल की खाड़ी में गोदावरी नदी डेल्टा के तट पर स्थित है।

9 जनवरी

एक फरवरी से शुरू होगा भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024

● भारत अगले महीने 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024' के आयोजन की

मेजबानी करेगा। नई दिल्ली के भारत मंडपम में तीन दिवसीय प्रदर्शनी 1 फरवरी से शुरू होकर 3 फरवरी तक चलेगी। इस बारे में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने बताया कि इस प्रदर्शनी में भारतीय ऑटो उद्योग की अनेक उपलब्धियों और आविष्कारों को दर्शाया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने देश के ऑटो उद्योग से आग्रह किया कि वे स्वयं को 25 प्रतिशत निर्यात हिस्सेदारी हासिल करने तक ही सीमित न रखें, बल्कि कम से कम 50 प्रतिशत निर्यात हिस्सेदारी का लक्ष्य निर्धारित करें। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शनी के पहचान चिन्ह और पुस्तिका का अनावरण भी किया। इस प्रदर्शनी में 50 से अधिक देश भाग लेंगे।

● नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने उड़ान चालक दल के लिए साप्ताहिक विश्राम अवधि 36 घंटे से बढ़ाकर 48 घंटे कर दी है। डीजीसीए द्वारा जारी संशोधित उड़ान ड्यूटी अवधि नियमों के अनुसार रात्रि ड्यूटी अब पहले की तुलना में आधी रात से सुबह छह बजे तक होगी। रात की उड़ान के लिए अधिकतम ड्यूटी अवधि 8 घंटे और दिन की उड़ान के लिए अधिकतम ड्यूटी अवधि 10 घंटे तक सीमित कर दी गई है। डीजीसीए ने कहा है कि इसका उद्देश्य थकान संबंधी जोखिम प्रबंधन प्रणाली व्यवस्था में बदलाव लाना है। महानिदेशालय ने कहा कि ऐसा पायलटों की थकान को दूर करने, समग्र उड़ान सुरक्षा बढ़ाने और विमानन क्षेत्र में विकास को संतुलित करने के लिए किया गया है।

10 जनवरी

आर्थिक असमानता में आ रही कमी

● भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट के अनुसार देश में आर्थिक असमानता में कमी आई है। रिपोर्ट के मुताबिक आय में असमानता एसेसमेंट ईयर 2014-15 से लेकर एसेसमेंट ईयर 2022-23 के दौरान 0.472 से घटकर 0.402 पर आ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एसेसमेंट ईयर 2014-15 के दौरान 3.5 लाख रुपये से कम आय सेगमेंट वाले 36.3 फीसदी टैक्सपेयर्स अब इस इनकम ग्रुप से बाहर आ गए हैं और ऊपर के आय वाले सेगमेंट में चले गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 3.5 से 5 लाख रुपये और 5 से 10 लाख रुपये के सालाना इनकम वाले सेगमेंट में 15.3 फीसदी टैक्सपेयर्स शिफ्ट कर चुके हैं। 5.2 फीसदी लोग 10 से 20 लाख रुपये इनकम के सेगमेंट में जा चुके हैं। बाकी लोग 20 लाख रुपये सालाना इनकम से ऊपर वाले ब्रैकेट में जा चुके हैं।

● रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में चार और राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) इकाइयां बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसमें जम्मू-कश्मीर के उधमपुर व कुपवाड़ा और लद्दाख के कारगिल में एक-एक मिश्रित (लड़के और लड़कियां) सेना बटालियन और उधमपुर (जम्मू-कश्मीर) में एक एयर स्क्वाड्रन शामिल है। इसके परिणामस्वरूप, जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख में मौजूदा 27,870 कैडेटों की संख्या में 12,860 कैडेटों का इजाफा हो जाएगा। इस तरह इसमें 46.1 प्रतिशत की वृद्धि होगी। निदेशालय के पास दो ग्रुप हेडक्वार्टर हैं, जिनमें कुल 10 एनसीसी इकाइयां हैं, जो सभी तीन भौगोलिक क्षेत्रों को कवर करती हैं।

11 जनवरी

भारतीय जनसंचार संस्थान का 55वां दीक्षांत समारोह आयोजित

● भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) का 55वां दीक्षांत समारोह भारत मंडपम में आयोजित

किया गया। समारोह में पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आईआईएमसी दिल्ली, आईआईएमसी ढेंकानल, आईआईएमसी आइजोल, आईआईएमसी अमरावती, आईआईएमसी कोट्टायम और आईआईएमसी जम्मू के 2021-22 और 2022-23 बैच के 700 से अधिक छात्रों ने दीक्षांत समारोह में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त किया। छात्रों को हिंदी पत्रकारिता, अंग्रेजी पत्रकारिता, उड़िया पत्रकारिता, मराठी पत्रकारिता, मलयालम पत्रकारिता, उर्दू पत्रकारिता, विज्ञापन और जनसंपर्क, रेडियो और टेलीविजन पत्रकारिता तथा डिजिटल मीडिया में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान किये गये। इसके अलावा दोनों बैच के 65 विद्यार्थियों को भी विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

● भारतीय नौसेना का बहुराष्ट्रीय अभ्यास मिलन 24 विशाखापत्तनम में 19 से 27 फरवरी तक आयोजित किया जायेगा। इससे पहले इस अभ्यास का 11वां संस्करण 2022 में पूर्वी नौसेना कमान के तहत विशाखापत्तनम में आयोजित किया गया था। मिलन एक द्विवार्षिक बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास है, जो 1995 में भारत की 'पूर्व की ओर देखो नीति' के अनुरूप चार देशों इंडोनेशिया, सिंगापुर, श्रीलंका, थाईलैंड की भागीदारी के साथ शुरू हुआ था। मिलन प्रशांत महासागर क्षेत्र में समुद्री सहयोग और सुरक्षा को बढ़ावा देने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रदर्शन है।

12 जनवरी

7 जुलाई को होगी नीट पीजी परीक्षा

● राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-नीट पीजी 2024 अब सात जुलाई को होगी। राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने नीट पीजी 2024 का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है। पहले यह परीक्षा तीन मार्च को होनी थी। राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल परीक्षा नेशनल एग्जिट टेस्ट एक वर्ष के लिए विलंबित रहेगी और 2025 से कार्यान्वित होगी।

● वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन ने कहा कि भारत 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। गुजरात में वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन में उन्होंने कहा कि देश 2028 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा। भारत में 2023 तक पिछले 23 वर्षों में 919 बिलियन डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हुआ, जिसमें से 65 प्रतिशत निवेश पिछले नौ वर्षों में आया है। देश के विकास के इंजन के रूप में गुजरात के योगदान की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद में गुजरात का योगदान 8 प्रतिशत से अधिक है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

विकास की संभावनाओं वाले क्षेत्रों की पहचान कर सड़क निर्माण की योजना बनाएं

भोपाल, सड़कें प्रदेश के विकास का द्वार है। जिन क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण होता है, वहां आवासीय और औद्योगिक विकास होता है। अगले 10 वर्ष में विकास की गति को देखते हुए शहरों का चयन करें और भविष्य में विकास की संभावनाओं वाले क्षेत्रों की पहचान कर सड़क निर्माण की योजना बनाएं। ये बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित मंत्रालय में लोक निर्माण विभाग की समीक्षा करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य उच्चतम गुणवत्ता का करें। समय पर कार्य पूरा हो इसका विशेष ध्यान रखें। निर्माण करने के लिए सड़कों और भवनों के मेंटेनेंस का भी ध्यान रखें।

डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि क्वालिटी कार्य करने वाली अच्छी एजेंसियों को कार्य दें। क्वालिटी कंट्रोल और मॉनिटरिंग के लिए राज्यस्तरीय ऑनलाइन क्वालिटी स्टेटस डैशबोर्ड बनाए। क्वालिटी लैब विकसित करने के साथ ही थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट कराएं। पचास लाख रुपए से अधिक की लागत वाले निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए मॉनिटरिंग सेल बनाएं।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि एनएचआई जैसे निर्माण संस्थाओं से प्रेरणा लेकर रेवेन्यू जेनेरेशन मॉडल पर कार्य करने की योजना बनाएं, जिससे निर्माण कार्य की लागत निकलने के साथ ही शासन को अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी।

**Liberal College
Rau, Indore**
Affiliated to D.A.V.V., Indore, M.P. Higher Education Bhopal, NCTE, BCI New Delhi
Application are invited for the following
Department of Education
Principal/HOD, Professor, Asso. Professor, Asst. Professor for Perspective Education, Pedagogy Subject, Fine Arts, Performing Arts, Health & Physical Education
Eligibility as per NCTE/UGC Regulation & DAVV College Code 28 norms
Department of Law and Traditional Courses
Principal/HOD, Professor, Asso. Professor, Asst. Professor for Political Science, History, Economics, English Literature, Law Subject, MSW, Commerce, Sociology, Computer Science.
Eligibility as per UGC/BCI/DAVV College Code 28 norms
Email CV with Photo at: liberalcollege11@gmail.com
Campus : Plot 11/13, Village Pigdamber, Rau. Indore (M.P.) 9111987858
R-49360/2024

वर्ष 41, अंक 03 15.01.2024 से 21.01.2024
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - संदीप यादव
● सम्पादक - रंजना चितले
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
● आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इससे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

स्वच्छता के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करता मध्यप्रदेश

देश के हृदय स्थल मध्यप्रदेश ने एक बार फिर स्वच्छता के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किया है। विगत दिनों जारी स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 ओडीएफ और स्टार रेटिंग के परिणामों में मध्यप्रदेश ने अपनी बढ़त जारी रखी है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में हुए पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने इंदौर को लगातार सातवीं बार सबसे स्वच्छ शहर और मध्यप्रदेश को स्वच्छ राज्य की श्रेणी में दूसरा पुरस्कार दिया। यह पुरस्कार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में टीम मध्यप्रदेश ने प्राप्त किया। प्रदेश ने साल दर साल स्वच्छता के क्षेत्र में जिस तरह से विश्व पटल पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है वह प्रदेश सरकार के प्रोत्साहन और मार्गदर्शन का परिणाम है। लोगों में जागरूकता लाने से लेकर समय पर कचरा संग्रहण जैसे सभी मापदंडों पर कार्य कर प्रदेश यह उपलब्धि अर्जित करने में सफल हुआ है। केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के परिणामों की घोषणा अनुसार इंदौर, भोपाल, महू कैंट, अमरकंटक, नौरोजाबाद एवं बुधनी को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। उल्लेखनीय है कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में मध्यप्रदेश के 378 शहरों ने भाग लिया था। गार्बेज फ्री शहर में 7-स्टार रेटिंग के साथ इंदौर ने लगातार सातवीं बार यह उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश में स्वच्छता के प्रयासों से 7 शहरों को वाटर प्लस, 361 शहरों को ओडीएफ++, 3 शहरों को ओडीएफ+ और 7 शहरों को ओडीएफ दर्जा प्राप्त है। प्रदेश में एक 7-स्टार, एक 5-स्टार, 24 -3स्टार और 132-1स्टार गार्बेज फ्री शहर हैं। यही नहीं राजधानी भोपाल को स्वच्छ शहरों की सूची में गार्बेज फ्री सिटी में 5 स्टार रेटिंग के साथ पांचवा स्थान प्राप्त हुआ है। ओडीएफ डबल प्लस का सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले निकायों की संख्या अब बढ़कर 361 हो गई हैं। यह पिछले वर्ष तक 324 थी। इसके अलावा मलजल प्रबंधन के लिए प्राप्त होने वाले वॉटर प्लस प्रमाणीकरण में प्रदेश के 6 शहरों को इस साल यह प्रतिष्ठित प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ है। पिछले वर्ष मध्यप्रदेश के सिर्फ इंदौर और भोपाल शहरों को यह सम्मान मिला था। प्रदेश में खुले में शौच को स्थाई रूप से रोकने के लिए प्रदेश के 5 लाख 79 हजार से अधिक जरूरतमंद परिवारों को व्यक्तिगत शौचालय तैयार कर प्रदान किए गए हैं। साथ ही प्रदेश में 2500 से अधिक सार्वजनिक शौचालय कॉम्प्लेक्स का निर्माण भी कराया गया है। स्टार रेटिंग के कचरा मुक्त शहरों की स्टार रेटिंग भी एक प्रतिष्ठित प्रमाणीकरण है। जिसमें मध्यप्रदेश के 158 शहरों को यह प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ था। विगत वर्ष यह प्रमाणीकरण सिर्फ 99 शहरों को प्राप्त हुआ था। इसके अलावा इंदौर को 7 स्टार शहर और भोपाल को 5 स्टार शहर का दर्जा प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश स्वच्छता के क्षेत्र में पिछले 5 वर्षों से निरंतर कार्य कर रहा है।

मध्यप्रदेश आज एक बार फिर गौरवान्वित है और यहां के जन-जन ने इस बात की फिर पुष्टि की है कि स्वच्छता प्रदेशवासियों लिए एक संकल्प है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से प्रेरणा लेकर प्रदेश इस संकल्प को आगे बढ़ा रहा है।

नेप्च्यून और यूरेनस का रंग हरा और नीले रंग के शेड वाला है

पिछले दिनों ब्रिटेन के खगोल वैज्ञानिकों ने एक रिसर्च पूरी की, रिसर्च से बाद जारी हुई रिपोर्ट ने आश्चर्य कर देने वाली जानकारी सामने आई। वैज्ञानिकों के अनुसार सौर मंडल के सबसे आखिरी ग्रह नेप्च्यून और यूरेनस के रंग को लेकर हमारे विचार गलत हैं। 1980 के दशक में चलाए गए अंतरिक्ष मिशन से दोनों ग्रहों की तस्वीरें सामने आई थीं। उसमें नेप्च्यून का रंग गहरा नीला और यूरेनस का हरा था। लेकिन नए शोध से पता चला है कि दोनों ग्रहों का रंग हरे-नीले रंग के शेड वाला है। इन दो ग्रहों को हीरे की बारिश वाला ग्रह भी कहा जाता है। यह दोनों ग्रह बर्फ से बने हैं। यह पता चला है कि नेप्च्यून की पिछली तस्वीरों को ग्रह के वायुमंडल का विवरण दिखाने के लिए गहरा किया गया था। इस कारण उसका असली रंग बदल गया। एडिनबर्ग यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर कैथरीन हेमैन्स के अनुसार नेप्च्यून के वातावरण में मौजूद विशेषताओं को दिखाने के लिए नीले रंग को गाढ़ा किया गया। यही कारण है कि पहले की फोटो बहुत नीली दिखती है। लेकिन वास्तव में नेप्च्यून का रंग यूरेनस के जैसा ही है। शोध का नेतृत्व करने वाले ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर पैट्रिक इरविन के अनुसार कृत्रिम रूप से रंग को उस समय ग्रह वैज्ञानिक जानते थे। इसके अलावा जब इन तस्वीरों को जारी किया गया तो इस बात का उल्लेख किया गया था। रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी के उप निदेशक डॉ. रॉबर्ट मैसी के अनुसार खगोलीय अनुसंधान में तस्वीरों के रंगों को बदलना सामान्य प्रक्रिया है।

- विकास तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं।)

विकसित भारत अभियान

अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के उत्थान का संकल्प है प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना

भारतीय स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित भारत संकल्प के अंतर्गत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की 'ज्ञान का सम्मान' संकल्पना में जिन पांच वर्गों के उत्थान का लक्ष्य बनाया गया है, उनमें सबसे पहले देश का वह गरीब वर्ग है जो स्वतंत्रता के 77 वर्ष बाद भी अपनी आधारभूत आवश्यकताओं के लिये संघर्षरत है। इस वर्ग के उत्थान के लिये ग्यारह बड़ी योजनाएं आरंभ की गई हैं, जिनमें अस्सी करोड़ लोगों को निःशुल्क अनाज वितरण, प्रधानमंत्री अंत्योदय योजना, आवास और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना भी महत्वपूर्ण है।

वर्ष 2014 में पद संभालते ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को दुनिया के विकसित राष्ट्रों की श्रृंखला में अग्रणी बनाने का संकल्प लिया था। अपनी संकल्पना के अंतर्गत पहले कार्यकाल में श्री मोदी ने विकास की आधारभूत तैयारी की और दूसरे कार्यकाल में गति दी। यह उनके संकल्प का ही परिणाम है कि भारत अब विश्व में पांचवें क्रम की अर्थव्यवस्था वाला देश है और आशा की जा रही है कि अगले तीन साल में तीसरे क्रम पर आ जायेगा। विकसित भारत अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने संपूर्ण भारतीय समाज के लिये कुल चार वर्ग या चार जातियों की परिकल्पना दी है और इन्हें 'GYAN' शब्द से संबोधित किया है। gyan शब्द में आये चारों अक्षरों से उन्होंने क्रमशः गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को माना। विकास को गति देने के लिये गरीब के उत्थान को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा है। इस दिशा में प्रधानमंत्री के निर्देश पर लागू की गई प्रांतीय योजनाओं के अतिरिक्त गरीब कल्याण के लिये ग्यारह ऐसी बड़ी योजनाएं लागू की गई हैं जो सीधे केन्द्र सरकार के द्वारा संचालित की जा रही हैं। इनमें प्रधानमंत्री दीनदयाल अंत्योदय योजना, प्रधानमंत्री अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, आयुष्मान भारत योजना, जनधन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा जैसी योजनाएं लागू की गई हैं।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना

प्रत्येक व्यक्ति की आधारभूत आवश्यकता भोजन है। किंतु आज भी भारत में कई लोग हैं जिन्हें अपनी दो जून की रोटी जुटाने की भी समस्या है। यह स्थिति पिछले दिनों कोरोना काल में कितनी भयावह बनी थी। यह सबके सामने है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री गरीब अन्न योजना की शुरुआत कोरोना काल में ही की थी। ताकि भारत का कोई गरीब भूखा न सोये। कोरोना काल में इस योजना ने करोड़ों लोगों को भूख से बेहाल होने से बचाया। अब इस योजना को पांच साल के लिये और बढ़ा दिया गया है। भारत के हर जरूरतमंद गरीब को अब वर्ष 2028 तक पांच किलो गेहूं या चावल अथवा अन्य कोई अनाज निःशुल्क दिया जायेगा। इस योजना में देश के अस्सी करोड़ लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना

सुप्रसिद्ध विचारक और चिंतन पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने विकसित राष्ट्र के लिये समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति के उत्थान को प्राथमिकता देने की बात कही थी। उनका कहना था कि जब तक अंतिम पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़ा व्यक्ति का उत्थान नहीं होगा तब तक भारत विकसित नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी ही स्मृति में 25 सितम्बर, 2014 को यह दीनदयाल अंत्योदय योजना लागू की। यह योजना दो स्तरीय है। ग्रामीण क्षेत्र के लिये अलग और नगरीय क्षेत्र के लिये अलग। हालांकि योजना का मूल भाव तो गरीब का उत्थान ही है। स्वरोजगार और आधारभूत आवश्यकताएं गांव और नगर की थोड़ी अलग होती हैं इसीलिए योजना के दो घटक बनाये गये। इस योजना का मुख्य उद्देश्य कौशल विकास और अन्य उपायों के माध्यम से आजीविका के अवसरों की वृद्धि कर व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाना है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले कार्यकाल में गरीब कल्याण की जिन योजनाओं को प्राथमिकता दी उनमें यह दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना भी है। नगरीय क्षेत्र में इस योजना का कार्यान्वयन केंद्रीय आवास एवं शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्रालय तथा ग्रामीण क्षेत्र में इसका कार्यान्वयन केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को सुविधा देने और उनके जीवन की कठिनाई कम करके उन्हें विकसित भारत संकल्प अभियान में जोड़ने के लिये प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना आरंभ की है। यह योजना वर्ष 2016 में लागू की गई थी। इसके अंतर्गत महिलाओं विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र में कमजोर वर्ग की बीपीएल कार्डधारी गरीब महिलाओं को सरकार ने मुफ्त गैस कनेक्शन देने की योजना लागू की है। इस योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन के अतिरिक्त सात घर में बारह गैस सिलेंडर सब्सिडी पर दिये जाते हैं। सब्सिडी की यह राशि सीधे हितग्राही के बैंक खातों में जमा होती है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत अब तक 10 करोड़ से अधिक लाभार्थी जुड़ चुके हैं। भारत सरकार ने इस योजना की अवधि बढ़ाने तथा और व्यापक बनाने का भी निर्णय लिया है। अब वर्ष 2025-26 तक 1650 करोड़ रुपये की लागत से 75 लाख नए उज्ज्वला एलपीजी कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

आयुष्मान भारत योजना

गरीब व्यक्ति के सामने बीमारी आने पर उसके इलाज की सबसे बड़ी समस्या होती है। मोदी सरकार ने देश के करोड़ों गरीबों और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों की बीमारी का मुफ्त इलाज करने के उद्देश्य से यह आयुष्मान भारत योजना आरंभ की है। इस आयुष्मान योजना के अंतर्गत कार्डधारक हितग्राही को 5 लाख रुपये तक के मुफ्त उपचार की सुविधा मिलती है। इसमें दवाइयां तथा चिकित्सा के अन्य व्यय का भार सरकार वहन करती है। इस योजना के अंतर्गत 'आयुष्मान कार्ड' धारक सरकार द्वारा सूचीबद्ध किसी भी अस्पताल में अपना निःशुल्क उपचार करवा सकते हैं।

प्रधानमंत्री जनधन योजना

इस योजना के अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले लोग जीरो बैलेंस पर किसी बैंक में अपना खाता खुलवा सकते हैं। इन खाताधारकों को बैंक में कोई भी न्यूनतम धन राशि रखना आवश्यक नहीं है। जनधन बैंक खाते पर आमजन को चेक बुक, पासबुक, दुर्घटना बीमा के अलावा ओवरड्राफ्ट फैसिलिटी की सुविधा भी मिलती है। यही नहीं इन खातों में ओवरड्राफ्ट की सुविधा भी है। इस सुविधा के अंतर्गत जनधन खाता धारक अपने बैंक खाते में कुछ भी बैलेंस नहीं होने पर भी दस हजार रुपये तक की राशि ओव्हर ड्राफ्ट के रूप में ले सकते हैं। इस योजना का उद्देश्य गरीब से गरीब व्यक्ति को भी बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ना है। वस्तुतः यह योजना फुटपाथ विक्रेताओं, फेरी विक्रेताओं और हाथ ठेले आदि से सामान बेचने वाले अथवा अन्य श्रेणी वर्ग के नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखकर बनाई गई है ताकि वे अपना लघु एवं फुटकर व्यापार कर आत्मनिर्भर हो सकें।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना उस व्यक्ति को ध्यान में रखकर बनाई गई है जिसकी मृत्यु होने पर परिवार असहाय हो जाता है। अब इस योजना के अंतर्गत बीमाधारक की मृत्यु होने की स्थिति में उसके परिवार को दो लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। इसके लिये मात्र 436 रुपये सालाना का प्रीमियम भरना होता है। इस योजना का लाभ लेने के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 50 वर्ष निर्धारित गई है।

प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना

अटल पेंशन योजना 2015-16 में लागू की गई थी। यह भारत के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर केंद्रित पेंशन योजना है। इस पेंशन योजना में हितग्राही को अपनी 18 वर्ष की आयु से 40 वर्ष की आयु तक निवेश करना होता है। फिर 60 वर्ष की आयु के बाद आजीवन 5000 रुपये प्रतिमाह तक की पेंशन प्राप्त की जा सकती है। पेंशन की राशि हितग्राही के निवेश पर निर्भर करती है। भारत का कोई भी नागरिक इस अटल पेंशन योजना में शामिल हो सकता है। इसके लिए उसका एक बचत खाता किसी बैंक अथवा डाकघर में होना चाहिए।

प्रधानमंत्री आवास योजना

प्रधानमंत्री आवास योजना में देश के गरीब और बेघर लोगों को अपना आवास बनवाने के लिए सहायता दी जाती है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र के लिये दो रूपों में तैयार की गई है। ग्रामीण क्षेत्र के हितग्राही को प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से अपना घर बनाने के लिए कुल 1.30 लाख रुपये और नगरीय क्षेत्र के लोगों को 1.20 लाख रुपये दिये जाते हैं। राज्य सरकार की राशि जुड़ जाने से हितग्राही को 2.5 लाख तक की सहायता मिल जाती है। इस योजना के तहत अब तक चार करोड़ से अधिक लोगों को आवास दिया जा चुका है।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना उन तकनीकी शिल्पकारों के लिये है, जो लोक शिल्पकार हैं और अपने कला से कुछ उपयोगी वस्तुओं को तैयार कर सकते हैं। इस योजना के तहत 13000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो वर्ष 2028 तक लागू रहेगी। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और हस्तशिल्पकारों को प्रोत्साहन देना है उन्हें विश्वकर्मा प्रमाण पत्र और पहचान पत्र भी दिया जाता है।

रमेश शर्मा

(लेखक- वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार हैं।)

Dear Educators

Unleash your untapped potential & evolve to greater heights of your career
@ All NEW **IIST, IIP & IIMR**

INVITING APPLICATIONS

IIST | Indore Institute of Science & Technology

(Principal / Professor / Associate Professor / Assistant Professor)

Computer Science & Engineering, AI ML, Data Science, IOT, Block Chain, Cyber Security, Information Technology
Electronics and Communication Engineering (Embedded System/Communication), Civil Engineering
Mechanical Engineering (Machine Design), Chemical Engineering, Engineering/Applied-Mathematics, Physics, Chemistry
English & Communication Skills

Technical Trainers: Civil: Primavera, MS Project, E-Tabs, Water GEMS, MX ROAD | **Mechanical:** Solid works, CATIA, ANSYS
ECE: MATLAB/PYTHON, ARM Controller/ Raspberry / Arduino-Embedded System, Humanoid Robot, Analog Circuit Design
CSE, AI & ML, IT, DS: iOS 12 & Swift 4 or higher, Android App Development-REST API, JSON, XML, Node.js, ReactJS, AngularJS, Python-Web Development Framework, Django, Flask, Machine Learning Libraries, Block Chain, Cyber Security, IOT, Data Analytics, Big Data, Data Science, Data Visualizations
Soft Skill & Aptitude Trainer
Eligibility & Qualifications as per AICTE / Code 30 of RGPV norms.

IIP | Indore Institute of Pharmacy

(Principal / Professor / Associate Professor / Assistant Professor)

Pharmaceutical-Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology, Pharmacognosy, Quality Assurance, Pharmaceutical Bio-Technology, Pharmacy Practice, Pharm D.
Technical Trainers: Clinical Research, Pharmacovigilance, IPR & Patents, Drug Regulatory Affairs, Sophisticated Instruments Handling
Eligibility & Qualifications as per Code 30 of RGPV / PCI norms.

IIMR | Indore Institute of Management & Research

(Principal / Professor / Associate Professor / Assistant Professor)

M.B.A. : HR, Marketing, Finance, Production & Operations, IT, Business Analytics, Economics
UG Courses : B.B.A., B.B.A.(Foreign Trade), B.Sc. (Stat, Math, Comp. Science), B.Com.(Hons.)
Technical Trainers: Digital Marketing, Financial Modeling, MS Office, Database Management System, Six Sigma, Lean Project Management, Economics Management, Logistics, Documentation for Foreign Trade, Retail Management, Business Intelligence, Data Analytics, TABLEAU
Eligibility & Qualifications as per AICTE / UGC / Code 28 of DAVV norms.

@ Office of the Group Advisor (IIST Group & SPARSH Group)

Academic & Technical Advisor to the DG
Qualifications: Associate/Professor/HOD/Principal with minimum 10 years experience in the mentioned position in the field of higher education, education management and research.
Role: Assist and advise the Director General in formulating and managing the academics of IIST-IIP-IIMR

Non Teaching Positions

GM-Finance/Accounts, Administrative Officer, Corporate Relations Officer, Training & Placement Officer, **Graphic Designer**, Sports Officer (PHD or MPE + UGC NET), Librarian (PHD or M Lib +UGC NET), Student Counselors/ Psychologists, Senior Marketing Officer, Sr. Marketing Executive, Purchase Officer, Store-in charge, Office Superintendent, Office Asst, Lab Technician, Lab assistant, Computer Assistant, Electrical Supervisor, Electrician, Transport Manager, Bus Mechanic, Bus Driver, Bus Maintenance Supervisor (Mechanical & Electrical), Estate Officer, NSS Officer, CCTV Technician, ERP Technician, Gardener.

(Apply Within 10 days)
Affiliated to - RGPV(Bhopal) | DAVV(Indore) & Approved by - AICTE(New Delhi) | PCI(New Delhi) | DTE(MP) | DHE(Bhopal)
IIST Campus, Opp IIM, Rau Pithampur Road, Indore - 453331
hr@indoreinstitute.com / dgoffice@indoreinstitute.com

Shreeram

R-49349/2024

म.प्र. अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड

CIN No. U75110MP2015SGC034139
इन्द्रा प्रेस कॉम्प्लेक्स, अमर कंटक भवन, एम.पी. नगर, भोपाल-462011
+ 91-755-27628677, फैक्स: +91-755-2762867
ई-मेल: mpusipbpl@gmail.com

निविदा आमंत्रण

म.प्र. अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड द्वारा ई निविदा आईडी 2024_MPUDC_324835 के माध्यम से स्टेशनरी/हाउस कीपिंग क्रय हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है:-

स.क्र.	विवरण	दिनांक	समय
1.	निविदा फार्म डाउनलोड करने की प्रारंभ तिथि	11.01.2024	दोपहर 3:00 बजे
2.	निविदा फार्म डाउनलोड करने की अंतिम तिथि	31.01.2024	सायं 5:00 बजे तक
3.	निविदा फार्म ऑन-लाइन प्रस्तुत करने की तिथि	01.02.2024	दोपहर 2:00 बजे
4.	तकनीकी निविदा खोलने की तिथि	01.02.2024	दोपहर 4:30 बजे

सामग्री म.प्र. अर्बन डेवलपमेंट कंपनी कार्यालय भोपाल में प्रदाय किया जाना है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा संबंधी अन्य विवरण म.प्र. शासन की वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** से डाउनलोड करें।
म.प्र. माध्यम/113172/2024 **उप परियोजना संचालक (प्रशासन)**

R-49350/2024

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्रमांक- 01, कार्यालय भवन, 1558 गोरखपुर थाने के पीछे, ऋषि काटेज, रतन कालोनी कटंगा, जबलपुर (म.प्र.) पिनकोड-482002 फोन नं. : 0761-4927201
Email : mpphcjabalpur@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-01 के अंतर्गत खेल विभाग के अंतर्गत फारेस्टर मैदान कटनी में क्रिकेट मैदान में स्पेक्टेटर्स गैलरी निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-25 वर्ष 2023-24 (ऑनलाइन निविदा क्र. 2023_MPPHC_325013_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 22.01.2024 तक खरीदकर सायं 17:00 बजे तक** सबमिट किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
म.प्र. माध्यम/113182/2024 R-49351/2024 **परियोजना यंत्री**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal-462011 (M.P.)
No./594/22/D-12/MPRRDA/2024 Bhopal, Dated : 12.01.2024

NOTICE INVITING TENDER No. 1166 (PMGSY-III-Bridge) (PMGSY-III, Batch-I, Year 2023-24)

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years defect liability & maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in**. as detailed below;

- **Name of Work –** Construction of Bridges under PMGSY including maintenance for Five year after construction.

S. No.	Name of District	No. of Packages	No. of Bridge	Total PAC (In Rs.)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	Narsinghpur	1	1	48527000.00

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission:** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in.** The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online from **15.01.2024 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **29.01.2024 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/113254/2024 R-49357/2024 **(TENDER)**
''मेरी सड़क'' एप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-1, भदभदा रोड, भोपाल
क्र./ 55 /तरा/प.यं./2024 दिनांक : 11.01.2024

प्रेस विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा भोपाल जिले में निर्माण/मरम्मत कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक (1) 2024_MPPHC_326066_1, (2) 2024_MPPHC_326067_1 **दिनांक 24.01.2024 समय सायं 17:00 बजे तक** खरीदी जा सकती है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/113264/2024 R-49359/2024 **परियोजना यंत्री**

हकीम सैय्यद ज़ियाउल हसन शासकीय स्वशासी यूनानी महाविद्यालय/चिकित्सालय

कार्यालय : प्रधानाचार्य/मुख्य कार्यपालन अधिकारी
कोलार-नेहरू नगर बायपास रोड, मैनिट के पीछे, भोपाल
फोन : 0755-2970354, Web. : www.gumcbhopal.in
E-mail : gumcbhopal@gmail.com
क्र./स्था./योजना/2024/250 भोपाल, दिनांक : 09.01.2024

विज्ञापन

राष्ट्रीय आयुष मिशन योजना अंतर्गत, जनस्वास्थ्य कार्यक्रम में विहित कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन हेतु योग्य अभ्यर्थियों से कार्यक्रमों की अवधि तक के लिए अनुबंध के आधार पर कार्य करने हेतु आयुष चिकित्सक एवं बहुउद्देशीय कार्यकर्ता के आवेदन पत्र दिनांक 29.01.2024 तक आमंत्रित किये जाते हैं।
विज्ञापन प्रपत्र एवं विस्तृत विवरण व नियम शर्तें संस्थान वेबसाइट **www.gumcbhopal.in** पर उपलब्ध है।

प्रधानाचार्य/
म.प्र. माध्यम/113231/2024 **मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

R-49354/2024

ओला पीड़ित किसानों के नुकसान की भरपाई करेगी सरकार - कृषि मंत्री

भोपाल, किसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने मुरैना जिले के सबलगढ़ में क्षतिग्रस्त फसलों का जायजा लेते हुए कहा है कि ओला पीड़ित किसानों की फसलों को हुए नुकसान की भरपाई सरकार करेगी। श्री कंषाना ने किसानों को आश्वस्त किया कि 50 प्रतिशत नुकसान पर किसानों को आरबीसी-6 (4) में शत-प्रतिशत मुआवजा दिया जायेगा। कृषि मंत्री ने ग्राम पंचायत सिमरोदा किरार के श्री गयेराम की ओला प्रभावित शत-प्रतिशत क्षतिग्रस्त सरसों की फसल का अवलोकन किया। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि संकट के समय में प्रदेश सरकार उनके साथ है। नुकसान की भरपाई सरकार द्वारा की जायेगी।

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक-02 भोपाल, Mobile : 9425601534
ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com
क्र. मप्रपुआअविनि/35/पयं/भोपाल-02/तरा1/2024 भोपाल, दि. : 10.01.2024

प्रेस विज्ञप्ति

इन्टीग्रेटेड कमाण्ड सेन्टर श्यामला हिल्स भोपाल में पार्किंग शेड का निर्माण कार्य हेतु निविदा क्रमांक-20/2023-24 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक-MPPHCL/TENDER No- 2024_MPPHC_325533_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 18.01.2024 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/113224/2024 R-49353/2024 **परियोजना यंत्री**

हकीम सैय्यद ज़ियाउल हसन शासकीय स्वशासी यूनानी महाविद्यालय/चिकित्सालय

कार्यालय, प्रधानाचार्य/मुख्य कोर्यपालन अधिकारी, कोलार-नेहरू नगर बायपास रोड़, मैनिट के पीछे, भोपाल
Web. : www.gumcbhopal.in, E-mail : gumcbhopal@gmail.com, Ph. : 0755-2970354
क्रमांक/क्रय/2023-24/325-27 भोपाल, दिनांक : 12.01.2024

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

हकीम सैयद जियाउल हसन शासकीय (स्वशासी) यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय भोपाल हेतु नीचे दर्शाये अनुसार वर्ष 2023-24 के लिये संबंधित फर्मों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	निविदा का प्रकार	पोर्टल का नाम	ई-निविदा प्राप्त एवं जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	ई-तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय
1	महाविद्यालय में कंप्यूटर, प्रिंटर, फोटोकॉपी मशीन की सर्विसिंग/रिपेयरिंग (AMC) हेतु ई-निविदा (द्वितीय)	MP Tender gov.in	01.02.2024 सायं 05.00 बजे	02.02.2024 दोपहर 02.00 बजे
2	चिकित्सालय खाद्य सामग्री (सब्जी, फल, दूध) की आपूर्ति हेतु ई-निविदा (चतुर्थ)	MP Tender gov.in	01.02.2024 सायं 05.00 बजे	02.02.2024 दोपहर 02.00 बजे
3	महाविद्यालय एवं चिकित्सालय हेतु इलेक्ट्रिकल (Electrical) सामग्री की आपूर्ति हेतु ई-निविदा (प्रथम)	MP Tender gov.in	01.02.2024 सायं 05.00 बजे	02.02.2024 दोपहर 02.00 बजे

नोट : विस्तृत विवरण निविदा प्राप्त एवं नियम शर्तें **mptenders.gov.in/Gem Portal** एवं संस्थान वेबसाइट **www.gumcbhopal.com** पर उपलब्ध है। किसी भी प्रकार का आंशिक संशोधन संस्था की वेबसाइट **www.gumcbhopal.com** पर प्रदर्शित किया जावेगा।
म.प्र. माध्यम/113261/2024 R-49358/2024 **प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल

माधवराव सप्रे मार्ग, (मुख्य मार्ग क्रमांक-03) भोपाल (म.प्र.) 462003

नि.आं.सू. क्र. 17/एन.एच.एम./2023-24/1593 **भोपाल, दिनांक : 05.01.2024**

निविदा आमंत्रण सूचना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाइन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से **(www.mptenders.gov.in) (Department of Directorate of Health Services)** 2 तक दो लिफाफा पद्धति से प्रपत्र ''अ'' फार्म में पर्सेटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एस.ओ.आर. 15.09.2022 (निविदा सूचना जारी होने तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :

ई-निविदा सूचना क्रमांक - 17/2023-24 दिनांक 05.01.2024

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. जिला रायसेन के 01 जिला चिकित्सालय 01 सिविल अस्पताल बरेली, 03 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाडी उदयपुरा, औबेदुल्लागंज, गोहरगंज एवं 01 जी एन.एम.टी.सी. भवनों में मरम्मत एवं आवश्यक कार्य। कुल 7, **द्वितीय आमंत्रण**

टेण्डर नं.	अनुमानित लागत राशि (लाख में)	जमा धरोहर राशि रु.	टेण्डर दर राशि रु.	समय सीमा वर्षाकाल सहित
324414	73.00	73000/-	10000/-	04 माह

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 2. जिला राजगढ़ विकासखण्ड सारंगपुर ग्राम कुडलासा में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण**

324415	60.31	60310/-	10000/-	06 माह

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट **(http://www.mptenders.gov.in)** पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दिनांक 08.01.2024 प्रातः 10.30 से **दिनांक 22.01.2024** सायं 17.30 तक क्रय किये जा सकते हैं।
3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन.एच.एम. भोपाल के पक्ष में देय होगी।
4. एन.आई.टी. में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाइट **(http://www.mptenders.gov.in)** पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री

जी-22635/49341/2024 **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल**

कार्यालय अधीक्षण यंत्री

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जबलपुर मण्डल जबलपुर

कार्यालय पता - तहसीली चौक अम्बेडकर भवन के सामने, जबलपुर

दूरभाष - 0761 (2625425), ईमेल - seresjabalpur@mp.gov.in

क्रमांक/09/निविदा/ग्रामसेवा/2024 **जबलपुर, दिनांक : 02.01.2024**

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 15/2023-24

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालाघाट क्रमांक-1, 2 मण्डला क्रमांक-2 एवं कटनी के निम्नांकित निर्माण कार्य हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर सरल क्रमांक-1 से 6 तक दो लिफाफा पद्धति एवं सरल क्रमांक 7 तीन लिफाफा पद्धति के अनुसार ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा संशोधित प्रपत्र एपेडिक्स 2.10 अनुसार अद्यतन संशोधन, निर्धारित तिथि (Key Date) अनुसार तथा कॉलम 11 में उल्लेखित एस.ओ.आर. के अनुसार प्रभावशील दर अनुसूची सहित ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विवरण निम्नानुसार है :–

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. नवीन जिला पंचायत भवन बालाघाट के कैंपस में पेवर ब्लॉक, पाइप कल्वर्ट एवं प्रोटेक्शन वॉल निर्माण कार्य।

ग्रामसेवा संभाग	सिस्टम टेण्डर नंबर	विकास खण्ड	निविदा लागत (PAC) (राशि रुपये में)	अमानत राशि (राशि रुपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रुपये में)	समयावधि (वर्षाकाल सहित)	आमंत्रण का क्रम	ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में लागू दर अनुसूची का दिनांक
बालाघाट-1	2024_RES_323462_1	बालाघाट	2537714/-	50000/-	5000/-	180 दिवस	प्रथम	RES-11-04-2022

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 2. सिहोरा से चिखला माइनर मेर रोड गोंदिया बालाघाट तक डब्ल्यू.बी.एम. सड़क निर्माण कार्य लंबाई 3 कि.मी. का शेष निर्माण कार्य।

बालाघाट-2	2024_RES_323463_1	बालाघाट	2086349	41800/-	5000/-	180 दिवस	द्वितीय	RES-01-01-2019

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 3. स्टापडेम रिनोवेशन कार्य (स्टापडेम का अतिरिक्त कार्य) ग्राम निवारी ग्राम पंचायत निवारी

मण्डला-2	2024_RES_323464_1	नैनपुर	2198937/-	44000/-	5000/-	180 दिवस	प्रथम	RES-11-04-2022

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 4. शासकीय कन्या हाईस्कूल विजयराघवगढ़ में 350 मीटर बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य।

कटनी	2024_RES_323465_1	विजय राघवगढ़	2108864/-	42200/-	5000/-	180 दिवस	प्रथम	RES-11-04-2022

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 5. शासकीय कन्या हाईस्कूल विजयराघवगढ़ में 06 नग शिक्षक कक्षों का निर्माण कार्य।

कटनी	2024_RES_323466_1	विजय राघवगढ़	2478089/-	50000/-	5000/-	180 दिवस	प्रथम	RES-11-04-2022

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 6. शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में खेल मैदान निर्माण कार्य।

कटनी	2024_RES_323467_1	विजय राघवगढ़	3671725/-	50000/-	5000/-	180 दिवस	प्रथम	RES-11-04-2022

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 7. जिला पंचायत कटनी के परिसर में प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण कार्य।

कटनी	2024_RES_323468_1	कटनी	6382650/-	64000/-	10000/-	180 दिवस	प्रथम	RES-11-04-2022

नोट - निविदा संशोधन से संबंधित जानकारियां ऑनलाइन देखी जा सकती हैं, जो कि प्रकाशित नहीं की जायेंगी।

निविदा संबंधी तिथियां (Key Dates) :–

(1) Date of publishing of Tender/Document Download/Sale Start Date - 08.01.2024 AT 11.00 AM

(2) Document Download/Sale End Date/Technical Bid Submission End Date **- 16.01.204 AT 05.30 PM**

(3) Bid Opening Date - 18.01.2024 AT 11.00 AM

अधीक्षण यंत्री

जी-22650/49342/2024 **ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जबलपुर मण्डल जबलपुर**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश

एन.एच.एम. भवन, लिंक रोड नंबर 3, पत्रकार कॉलोनी, भोपाल-462003

क्रमांक/एन.एच.एम./एच.आर./2024/17327 **भोपाल, दिनांक : 4.01.2024**

सूचना पत्र

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन म.प्र. की विज्ञप्ति क्रमांक एएएएम/एचआर/2023/16697 दिनांक 06.10.2023 द्वारा **संविदा नेत्र सहायक (ophthalmic Assistant)** के 92 पद की पूर्ति हेतु योग्य उम्मीदवारों से एम.पी. ऑनलाइन लिमिटेड के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि दिनांक 10.01.2024 समय 12.00 a.m. से **दिनांक 25.01.2024** समय 11.00 p.m. तक सीमित रहेगी।

विज्ञापन से संबंधित समस्त जानकारी हेतु एम.पी. ऑनलाइन लिमिटेड की वेबसाइट **www.mponline.gov.in** अथवा **http://iforms.mponline.gov.in** पर उपरोक्त तिथियों के मध्य अवलोकन किया जा सकता है।

मिशन संचालक

जी-22703/49344/2024 **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश

एन.एच.एम. भवन, लिंक रोड नंबर 3, पत्रकार कॉलोनी, भोपाल-462003

क्रमांक/एन.एच.एम./एच.आर./2024/17346 **भोपाल, दिनांक : 09.01.2024**

सूचना पत्र

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन म.प्र. की विज्ञप्ति क्रमांक एनएचएम/एचआर/2023/16696 दिनांक 06.10.2023 के द्वारा **संविदा सार्टिफिकेट इन कम्युनिटी हेल्थ (सीसीएच) में प्रवेश एवं संविदा कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ)** की पूर्ति हेतु योग्य उम्मीदवारों से एम.पी. ऑनलाइन लिमिटेड के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि, **दिनांक 18.01.2024** समय 12.00 a.m. से दिनांक 02.02.2024 समय 11.00 p.m. तक सीमित रहेगी।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी संशोधित परिपत्र के दिशा निर्देशों के परिपालन में उक्त पद हेतु आयु सीमा 21-40 वर्ष के स्थान पर आयु सीमा 21-43 वर्ष किया जाता है। (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग निःशक्तजन/महिलाओं (अनारक्षित/आरक्षित) आदि के लिये अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट) नियम पुस्तिका की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

विज्ञापन से संबंधित समस्त जानकारी हेतु एम.पी. ऑनलाइन लिमिटेड की वेबसाइट **www.mponline.gov.in** अथवा **http://iforms.mponline.gov.in** पर उपरोक्त तिथियों के मध्य अवलोकन किया जा सकता है।

मिशन संचालक

जी-22780/49348/2024 **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश**

संचालक ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला, ग्वालियर म.प्र.

Email - directorgma@mp.gov.in & gma_gwalior@rediffmail.com

Phone No. - 0751-2480263, 2481841

क्रमांक 108-111/स्था./2024 **ग्वालियर, दिनांक : 05.01.2024**

विज्ञापन सूचना

मध्यप्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश क्रमांक एफ-2-15/2022/1/55 भोपाल दिनांक 03.08.2022 द्वारा सृजित/स्थानांतरित, सीनियर रेजीडेन्ट एवं जूनियर रेसीडेन्ट पद, संचालक चिकित्सा शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल के आदेश क्रमांक 1200-02/स्था./राज/2021 दिनांक 24.12.2021 एवं ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला म.प्र., प्रबंध समिति की 58वीं बैठक दिनांक 28.12.2020 में लिए गये निर्णय के परिपालन में जूनियर रेसीडेन्ट के रिक्त पदों पर सीमित समयावधि (Tenure) 3 वर्ष हेतु भरे जाने हेतु, विज्ञप्ति जारी कर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। प्रथम नियुक्ति एक वर्ष हेतु की जावेगी, विभागाध्यक्ष के अनुसांसा एवं स्पष्ट अभिमत पर एक-एक वर्ष कर अधिकतम कुल तीन वर्ष तक आगे बढ़ाई जायेगी। आवेदन कार्यालयीय समय 10.30 AM से 05.30 PM तक संचालक ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला के कार्यालय में प्राप्त किये जावेंगे तथा साथ ही विभागीय वेबसाइट **https://gwaliormentalhospital.org/**पर विस्तृत नियम निर्देश पढ़ सकते हैं।

आवेदन प्रारंभ होने की दिनांक 12.01.2024

आवेदन जमा करने की अंतिम दिनांक **26.01.2024**

संचालक

जी-22777/49346/2024 **ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला, ग्वालियर म.प्र.**

कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन)

लोक निर्माण विभाग ओल्ड पलासिया इंदौर (म.प्र.)

ई-मेल : apdpiuindore@gmail.com, फैक्स : 0731-4989768

क्र.एफ-3/सामान्य/नि.प्र. अनुमोदन/मु.अ. (भवन)/2023/एनआईटी-24/35 **इंदौर, दिनांक : 03.01.2024**

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 24/2023

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग, परिक्षेत्र इंदौर के अंतर्गत निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीयन ठेकेदार से लोक निर्माण विभाग, म.प्र. द्वारा दिनांक 15.09.2022 से प्रभावशील एस.ओ.आर. एवं निविदा सूचना प्रकाशन तिथि संशोधित, निर्धारित तिथि (Key-Date) अनुसार के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है -

क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. शासकीय नवीन आदर्श महाविद्यालय खण्डवा में पहुंच मार्ग (सीसी रोड) का निर्माण कार्य।

पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
2024_PWPIU_323556_1	खण्डवा	138.05	1,38,050	12,500	3

क्र. एवं कार्य का नाम :– 2. शासकीय विधि महाविद्यालय अलीराजपुर जिला अलीराजपुर का निर्माण कार्य।

2024_PWPIU_322976_1	अलीराजपुर	635.57	6,35,577	20,000	15

क्र. एवं कार्य का नाम :– 3. सी.एम. राईज योजनांतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजला जिला झाबुआ भवन के निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)

2024_PWPIU_323084_1	झाबुआ	2002.89	10,01,445	50,000	18

निविदा संबंधित तिथियां (key-Date) :–

1. प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि - 03.01.2024
2. बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि - 04.0.2024
3. बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 18.01.2024
4. बिड खोलने की तिथि - 19.01.2024

मुख्य अभियंता (भवन)

जी-22688/49343/2024 **लो.नि.वि. परिक्षेत्र इंदौर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1, ग्वालियर
निविदा विज्ञप्ति सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 44 **दिनांक : 29.12.2023**

म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से म.प्र. की ओर से निम्नांकित कार्यों हेतु सड़क/भवन दिनांक 25.03.2022/15.09.2022 तथा निविदा सूचना जारी होने तक उसमें किये गये संशोधन सहित मोहरबंद निविदायें नवीन निविदा फार्म 2.10 में आमंत्रित की जाती है, प्रपत्र में दर्शाये गये कार्यालय में निविदायें डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। पोस्टल विलंब के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. Additional & Altration Work in Protocol Section Making of File, Shelves, Racks, Table & Almari At New High Court Gwalior.

निविदा प्रपत्र की राशि एवं फार्म	1. ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) 2. अमानत राशि	कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय एवं समय एवं दिनांक	1. निविदा प्राप्ति का दिनांक 2. कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. स.क्र.1	1. निविदा खोलने का दिनांक 2. कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. स.क्र.1	1. कार्य पूर्ण करने की अवधि 2. ठेकेदार की श्रेणी 3. आमंत्रण क्र.
2000/- ''अ''	2.51/- 5020/-	**15.01.2024**	16.01.2024	17.01.2024	01 माह केन्द्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

क्र. एवं कार्य का नाम :– 2. Additional & Altration & Renovation Work of Chamber And Room of Hon'ble Chief Justice in Main Building of High Court Bench Gwalior.

2000/- ''अ''	2.92/- 5840/-	15.01.2024	16.01.2024	17.01.2024	01 माह केन्द्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

क्र. एवं कार्य का नाम :– 3. Additional & Altration & Renovation of Adjacent Hall of Main Library High Court Bench Gwalior.

2000/- ''अ''	10.00/- 20000/-	15.01.2024	16.01.2024	17.01.2024	01 माह केन्द्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

क्र. एवं कार्य का नाम :– 4. Deposit And Other Mantenance Work in New High Court Building Gwalior.

2000/- ''अ''	10.00/- 20000/-	15.01.2024	16.01.2024	17.01.2024	01 माह केन्द्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

क्र. एवं कार्य का नाम :– 5. Deposit And Work For Repairing of Canteen Hall, C.C. Pavement in Hob'le Judges Cottage & other Work in New High Court Campus Gwalior.

2000/- ''अ''	10.00/- 20000/-	15.01.2024	16.01.2024	17.01.2024	01 माह केन्द्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

क्र. एवं कार्य का नाम :– 6. Refiling And Refixing And Fire Exlinguiseas And Other Work in High Court Section Gwalior.

2000/- ''अ''	5.00/- 10000/-	15.01.2024	16.01.2024	17.01.2024	01 माह केन्द्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

क्र. एवं कार्य का नाम :– 7. Water Supply Line And Construction of Water Storage Tank in New High Court Gwalior.

2000/- ''अ''	9.50/- 19000/-	15.01.2024	16.01.2024	17.01.2024	01 माह केन्द्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

क्र. एवं कार्य का नाम :– 8. Mantenance And Other Work Hon'ble Jadges Bunglow in New High Court Section Gwalior.

2000/- ''अ''	9.95/- 19900/-	15.01.2024	16.01.2024	17.01.2024	01 माह केन्द्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

कुल कार्य - 08 कुल अनुमानित लागत राशि रुपये 10.00 लाख
टीप - शेष शर्तें कार्यालयीन समय पर कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

कार्यपालन यंत्री
जी-22779/49347/2024 **लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-1 ग्वालियर**

कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन), लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन
प्लाट नं. - 27-28, अरेरा हिल्स, भोपाल

एनआईटी नं. - 23/2023/निविदा/सा/मु.अ.भ./ **भोपाल, दिनांक : 01.01.2024**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है -

स. क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1	2024_PWPIU_324718_1	लोक निर्माण विभाग भवन संभाग भोपाल के अंतर्गत विभिन्न शासकीय भवनों, आवासीय/गैर आवासीय भवन/डिपोजिट/एस.आर./एआर/एम.आई.एस.सी./कार्य में बाह्य/आंतरिक विद्युतीकरण कार्य उपलब्ध कराने का कार्य	भोपाल	102.50	102500	12500	12 माह वर्षाकाल सहित
2	2024_PWPIU_324383_1	मुलताई जिला बैतूल में सी.एम. राईज योजना अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय भवन का निर्माण कार्य	बैतूल	3335.21	1667660	50000	18 माह वर्षाकाल सहित

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 01.01.2024 समय 10.30 से **दिनांक 15.01.2024** समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य अभियंत (भवन)
जी-22761/49345/2024 **लोक निर्माण विभाग भोपाल**

क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1460
कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

ईमेल - mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in
फोन - 0755-2553402, फैक्स - 0755-2552406

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक - 562/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग **भोपाल, दिनांक : 08.01.2024**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर **दिनांक 23.01.2024** को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	जिला	राशि रु. लाख में
1.	2023_WRD_316602	तमरा पहाड़ सिंचाई योजना के हेड स्लूस का विशेष मरम्मत कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	रीवा	19.73
2.	2023_WRD_318466	आर.बी.सी. एवं बी.सी. कोलार परियोजना पर सी.आर./एच.आर. गेट्स का सुधार कार्य।	भोपाल	15.81
3.	2023_WRD_318467	उपसंभाग रायसेन में मरम्मत, इलेक्ट्रिकल रीवायरिंग एवं अन्य विद्युत कार्य।	भोपाल	1.84
4.	2023_WRD_321545	तवा बांध की गैलरी की पाइप लाइन एवं मोटर पंप का सुधार एवं मरम्मत का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	नर्मदापुरम्	0.89
5.	2023_WRD_321546	तवा परियोजना संभाग इटारसी के चैन क्र. 84 बांध आमपुरा माईनर के 1 नग एच.आर. एवं सुपरली माईनर के 1 नग सी.आर. गेट का मरम्मत का कार्य।	नर्मदापुरम्	0.60
6.	2023_WRD_322083	बर्धरू मध्यम परियोजना हेत बंदूकधारी प्रायवेट गार्ड का प्रदाय।	विदिशा	8.13
7.	2023_WRD_322325	म.प्र. राज्य पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण से सीप-अम्बर सिंचाई काम्प्लेक्स परियोजना फेस-2 के पर्यावरण क्लीयरेंस का कार्य। (तृतीय आमंत्रण)	सीहोर	9.53
8.	2023_WRD_322929	चोरल नहर की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य आर.डी. 14700 मी. से 15820 मी. पर कार्य।	इंदौर	10.62
9.	2023_WRD_322931	गोकल्याकुण्ड तालाब के पहुंच मार्ग एवं पुलिया का निर्माण कार्य।	इंदौर	15.97
10.	2023_WRD_323595	चेंटीखेड़ा वृहद् सिंचाई परियोजना के पर्यावरणीय प्रभाव का आंकलन।	मुरैना	10.83
11.	2023_WRD_323644	मदिया सिंचाई परियोजना के डूबक्षेत्र से प्रभावित ग्राम कोलुआ (बेगमगंज के समीप) पर 11 के.व्ही. विद्युत लाइन के प्रतिस्थापन एवं अन्य कार्य।	सागर	5.08
12.	2023_WRD_323645	मदिया सिंचाई परियोजना के डूबक्षेत्र से प्रभावित ग्राम खेजरा (बेगमगंज के समीप) पर 11 के.व्ही. विद्युत लाईन के प्रतिस्थापन एवं अन्य कार्य।	सागर	4.59
13.	2023_WRD_323766	चम्बल दाहिनी मुख्य नहर के गेटों का मरम्मत कार्य।	ग्वालियर	8.90
14.	2023_WRD_323768	हरसी केनाल के एच.आर. एवं सी.आर. के गेटों का मरम्मत कार्य।	ग्वालियर	2.50
15.	2023_WRD_323769	आसन बैराज का मरम्मत कार्य।	ग्वालियर	3.48
16.	2023_WRD_323770	लाईट मशीनरी एवं वि./यां. उपसंभाग सबलगढ़ के लोअर मैन नहर के गेटों का मरम्मत कार्य।	ग्वालियर	3.33
17.	2023_WRD_324232	गरेटिया जलाशय की आर.डी. 100 मी. से 425 मी. तक सूखे पिचिंग स्टोन को हटाने एवं पुनर्निर्माण का कार्य।	भोपाल	4.84
18.	2023_WRD_324233	मैनापुरा जलाशय की आर.डी. 250 मी. से 545 मी. तक सूखे पिचिंग स्टोन को हटाने एवं पुनर्निर्माण का कार्य।	भोपाल	4.92
19.	2023_WRD_324235	कल्याणपुरा जलाशय की आर.डी. 345मी. से 600 मी. तक सूखे पिचिंग स्टोन को हटाने एवं पुनर्निर्माण का कार्य।	भोपाल	4.76
20.	2023_WRD_324236	नामदापुरा जलाशय की आर.डी. 75 मी. से 345 मी. तक सूखे पिचिंग स्टोन को हटाने एवं पुनर्निर्माण का कार्य।	भोपाल	4.99
			कुल योग	**141.34**

जी-22825/49355/2024 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

कार्यालय जिला पंचायत रीवा (म.प्र.)

दूरभाष क्रमांक : 07662-252607, Email - ceozprew@mp.gov.in

क्र./972/आंकाक्षी ब्लाक/जिप/2024 **रीवा, दिनांक : 09.01.2024**

विज्ञप्ति सूचना

मिशन संचालक, नीति आयोग भारत सरकार द्वारा दिनांक 25.08.2023 के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला रीवा के विकासखण्ड सिरमौर एवं जवा में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, कौशल उन्नयन व वित्तीय समावेशन एवं अधोसंरचना विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए **''आंकाक्षी ब्लाक फैलो''** स्वीकृत 4 पद मानदेय रुपये 55000/- प्रतिमाह पर नियुक्ति की जाना है। जिसे आवश्यकतानुसार आगामी वित्तीय वर्ष के लिए बढ़ाई जा सकेगी। इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 10.01.2024 से शैक्षणिक योग्यता, शर्तें तथा आवेदन प्रारूप संबंधी जानकारी जिला रीवा की वेबसाइट **www.rewa.nic.in** से डाउनलोड कर सकते हैं तथा **दिनांक 25.01.2024** सायं 4.00 बजे तक पूर्ण भरा हुआ आवेदन पत्र, शैक्षणिक योग्यता व अनुभव संबंधी समस्त दस्तावेज (स्व प्रमाणित) सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा (म.प्र.) पिन कोड 468001 पर स्पीड पोस्ट/रजिस्टर डाक से अथवा स्वयं कार्यालय में जमा कर सकते हैं। नियत तिथि व समय के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जी-22847/49356/2024 **जिला पंचायत रीवा (म.प्र.)**

मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज होगा - मुख्यमंत्री

मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य क्षेत्र में मिलेंगे पर्याप्त आर्थिक संसाधन - श्री मांडविया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मनसुख मांडविया उज्जैन में स्वास्थ्य संस्थाओं का शुभारंभ करते हुए

उज्जैन, महाकाल दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को इस परिसर में प्रसादम के माध्यम से हल्दी फूड मिलेगा। अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छे आहार के विचार को क्रियान्वित किया जा रहा है। जन-स्वास्थ्य रक्षा सरकार की प्राथमिकता है। नागरिकों को अच्छा स्वास्थ्य देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। भारत सरकार प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज के लिए संकल्पबद्ध है। इसके साथ ही प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज हो, इस दिशा में राज्य सरकार भरपूर प्रयास करेगी। समाज के गरीब वर्ग के साथ महिलाओं, किसानों और युवाओं के कल्याण को समान महत्व देते हुए योजनाएं क्रियान्वित होंगी। ये बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में फूड स्ट्रीट प्रसादम एवं स्वास्थ्य संस्थाओं के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं।

- **उज्जैन में 218 करोड़ रुपये की लागत से 187 स्वास्थ्य संस्थाओं का किया गया भूमिपूजन और लोकार्पण।**
- **भारत सरकार द्वारा प्रत्येक जिले को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दी जा रही है 100 करोड़ रुपये की राशि।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन की रचना को देखें तो यह पृथ्वी का लघु रूप भी है। दुनिया के इस छोटे से स्वरूप में 84 महादेव हैं, सप्त सागर हैं। काल का केन्द्र महाकाल है। उज्जैन भविष्य का ग्रीनविच है। जब 21 जून और 22 दिसम्बर को सूर्य देव कक्षा बदलते हैं तो अपनी परछाई भी नहीं दिखाई देती। उज्जैन में काल गणना पौराणिक काल से हो रही है। करीब 300 वर्ष पहले तक समय की गणना दुनिया में कहीं से होती थी तो वह शहर मध्य बिंदु उज्जैन था। इसलिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के साथ ही अन्य संबंधित संस्थाओं के सहयोग से उज्जैन में ऑब्जर्वेटरी की स्थापना की पहल की गई। उज्जैन से अनेक विभूतियों का उदय हुआ है। हजारों वर्ष से विभूतियों का संबंध उज्जैन से रहा है।

अन्य नगरों में भी प्रारंभ होंगी फूड स्ट्रीट

केन्द्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि महाकाल के पवित्र स्थान पर फूड स्ट्रीट का शुभारंभ हो रहा है। यह फूड स्ट्रीट यात्रियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। डॉ. मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने आयुष्मान भारत, हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के माध्यम से स्वास्थ्य संरचना को मजबूत बनाने की ठोस पहल की है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य क्षेत्र में आवश्यक आर्थिक संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे।

दूध की सही कीमत दिलाने के लिए सांची और अमूल की संयुक्त बैठक ली

मुख्यमंत्री ने डेयरी किसानों को

अहमदाबाद, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के दूध उत्पादकों से दूध की खरीद सुनिश्चित करने और डेयरी किसानों को दूध की सही कीमत दिलाने में मदद करने के लिए सांची और अमूल की संयुक्त बैठक ली। अहमदाबाद में सम्पन्न हुई बैठक में विभिन्न संभावनाओं पर विचार किया गया।

मुख्यमंत्री ने दुग्ध उत्पादकों के हितों और सहकारिता प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए दुग्ध संकलन, गुणवत्ता नियंत्रण, प्रसंस्करण, विपणन, क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण, मानव संसाधन, डेयरी किसानों पर केंद्रित कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में मध्यप्रदेश एवं गुजरात के सहकारी दुग्ध महासंघों और दुग्ध संघों की संयुक्त सहभागिता का रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए।

बैठक में पशुपालन और डेयरी विकास राज्यमंत्री श्री लखन पटेल, प्रबंध संचालक, गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (अमूल), श्री जयेन मेहता, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री श्री राघवेन्द्र सिंह, प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विभाग श्री गुलशन बामरा, प्रबंध संचालक एम.पी. स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (सांची) डॉ. सतीश कुमार, गुजरात से अध्यक्ष पंचमहल दुग्ध संघ श्री जेठाभाई भारवाड़ तथा श्री मितेश मेहता, प्रबंध संचालक, पंचमहल दुग्ध संघ उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अमूल तथा पंचमहल दुग्ध संघ की ओर से स्मृतिचिह्न भेंट किया गया।

रोज़गार और उद्योगों को प्रोत्साहन देना राज्य सरकार की प्राथमिकता - मुख्यमंत्री

भोपाल, विकास कार्यों की जानकारी जनप्रतिनिधियों के ध्यान में रहे। सभी विभागों के अधिकारी विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी जनप्रतिनिधियों को दें। निर्माणाधीन विकास कार्यों को समय-सीमा में पूरा किया जाए। शीत ऋतु को देखते हुए प्रदेश में स्कूलों का समय सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक किया जाये। रोजगार और उद्योगों को प्रोत्साहन देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इस दिशा में बेहतर कार्य हो। ये बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल संभाग के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम राइज़ स्कूलों का गुणवत्तापूर्ण समय-सीमा में निर्माण पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मोटे अनाज की फसलों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि भोपाल जिले में ओडीएफ के क्षेत्र में अच्छा कार्य हुआ है। जो ग्राम ओडीएफ से छूट गए हैं उन्हें भी चिन्हित कर ओडीएफ करने का प्रयास करें।

डॉ. यादव ने कहा कि विकास कार्यों के लोकार्पण, भूमिपूजन एवं शिलान्यास के लिए स्वस्थ वातावरण निर्मित हो। बिजली संबंधी समस्याओं और शिकायतों को त्वरित हल किया जाए। जनता की संतुष्टि के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी जाए।

स्कूल शिक्षा विभाग की स्टार्स योजना

भोपाल, स्कूल शिक्षा विभाग की स्टार्स परियोजना केन्द्र सरकार की विश्व बैंक से सहायता प्राप्त योजना है। इस योजना के तहत राज्य सरकार को केन्द्र सरकार से 60:40 के अनुपात में फण्ड प्राप्त होता है। यह राजस्व एवं पूंजीगत दोनों स्वरूप का है।

इस योजना के तहत उन कार्यों को किया जाता है, जो समग्र शिक्षा अभियान के तहत नहीं किये गये हैं। इन कार्यों में सीमेंट की स्थापना, कमाण्ड कंट्रोल सेंटर की स्थापना और शैक्षणिक सुधार से संबंधित प्रशिक्षण शामिल हैं। इस योजना में इस वर्ष 118 करोड़ 16 लाख रुपये का प्रावधान रखा गया है।

राजस्व महाअभियान 15 जनवरी से 29 फरवरी तक

भोपाल, राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख में इन्द्राज त्रुटियों को ठीक करने के उद्देश्य से प्रदेश में राजस्व महाअभियान संचालित किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दिये निर्देशों के अनुसार राजस्व महाअभियान 15 जनवरी से प्रारंभ होकर 29 फरवरी, 2024 तक संचालित किया जायेगा। अभियान की गतिविधियों के संबंध में समस्त कलेक्टर्स को निर्देश जारी कर दिये गये हैं। प्रमुख सचिव राजस्व श्री निकुंज श्रीवास्तव ने बताया कि महाअभियान का उद्देश्य राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, नये राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान का सेचुरेशन एवं समग्र का आधार से ई-केवाईसी और खसरे की समग्र आधार से लिंकिंग सहित आमजन की राजस्व से संबंधित समस्याओं का निराकरण करना है।

श्री श्रीवास्तव ने बताया कि महाअभियान में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों में राजस्व रिकॉर्ड का वाचन, समग्र ई-केवाईसी और समग्र से खसरे की लिंकिंग, आरसीएमएस पर प्रकरण दर्ज कराना, आरसीएमएस पर लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, उत्तराधिकार नामांकन, सीमांकन, नक्शे में तरमीम किया जाना शामिल है।

राजस्व महाअभियान में राजस्व रिकॉर्ड के वाचन के लिये पटवारी पूर्व निर्धारित समय-सारणी के अनुसार गांव में खसरा, बी-1 का वाचन करेंगे। समग्र ई-केवाईसी और समग्र से खसरे की लिंकिंग के लिये समग्र वेब पोर्टल एमपी ऑनलाइन/सीएसई के कियोस्क के माध्यम से समग्र में आधार की ई-केवाईसी कराने की सुविधा नागरिकों को निःशुल्क उपलब्ध रहेगी।

महाअभियान के दौरान की जाने वाली गतिविधियों की जिला स्तर पर रोजाना समीक्षा होगी।

आयुर्वेद को पुनर्स्थापित कराना हमारी प्राथमिकता

भोपाल, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने भोपाल में आयुष विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय विकास के परिदृश्य एवं कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के निर्देशों एवं राज्य सरकार के संकल्प अनुरूप विभागीय कार्ययोजनाओं पर तीव्रता से क्रियान्वयन हो। श्री परमार ने 100 दिन की विभागीय कार्ययोजना पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद पर विश्वास का भाव जागृत करने की आवश्यकता है। इसके लिए आयुर्वेद को पुनर्स्थापित कराना ही हमारी प्राथमिकता है।

मध्यप्रदेश में

हिन्दी में प्रदान की जा रही है एमबीबीएस की शिक्षा

भोपाल, हिन्दी में एमबीबीएस का संचालन मध्यप्रदेश के छात्रों के लिये महत्वपूर्ण पहल है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप छात्रों को उनकी ही भाषा में उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए यह अभिनव प्रयास किया गया है। यह गर्व की बात है कि मध्यप्रदेश हिन्दी भाषा में एमबीबीएस की शिक्षा प्रदान करने वाला पहला राज्य है। मेडिकल पाठ्यक्रम को पढ़ाये जाने वाली 16 भाषाओं में अब हिन्दी भी शामिल है। ये बातें उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने भोपाल में हिन्दी में एमबीबीएस पाठ्यक्रम संचालन संबंधी कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहीं।

बैठक में बताया गया कि अब तक प्रथम वर्ष के तीनों विषयों की पाठ्यपुस्तकें हिन्दी में उपलब्ध करा दी गयी हैं। द्वितीय एवं तृतीय चरण में आगामी वर्षों की पाठ्यपुस्तकों का हिन्दी लिप्यंतरण कार्य प्रगतिरत है। उल्लेखनीय है कि हिन्दी लिप्यंतरण कार्य के द्वितीय एवं तृतीय चरण में 12 विषयों की 13 पुस्तकों में से 9 पुस्तकें हिन्दी भाषा में उपलब्ध हो गयी हैं। शेष 4 पुस्तकें भी जनवरी माह के अंत तक पूर्ण कर ली जायेंगी। श्री शुक्ल ने हिन्दी भाषा में एमबीबीएस पाठ्यक्रम का लाभ ले रहे छात्रों के फीडबैक के संबंध में जानकारी प्राप्त की। लगभग 10 प्रतिशत विद्यार्थी हिन्दी भाषा की पाठ्यपुस्तकों का लाभ ले रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आगामी सत्र से अंग्रेजी के साथ हिन्दी में भी प्रश्नपत्र तैयार करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। हर मेडिकल कॉलेज में हिन्दी प्रकोष्ठ 'मंदार' का गठन किया गया है।

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय, सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल आदि में चिकित्सकों को इनसेंटिव और अन्य हितलाभ समय से उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें।

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल भोपाल में हिन्दी में एमबीबीएस पाठ्यक्रम संचालन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए

हाउसिंग बोर्ड

कमजोर वर्ग के आवास के लिए कार्य करें

भोपाल, हाउसिंग बोर्ड समाज के कमजोर और मध्यम वर्ग के आवास एवं व्यावसायिक गतिविधियों के लिये प्राथमिकता से कार्य करे। सभी निर्माण कार्यों को तय समय-सीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ किया जाए। ये निर्देश आवास एवं नगरीय विकास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने भोपाल में मध्यप्रदेश हाउसिंग एण्ड इन्फ्रा-स्ट्रक्चर डेव्हलपमेंट बोर्ड की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए दिए।

श्री विजयवर्गीय ने कहा कि बोर्ड को बड़े नगरों के साथ छोटे नगरों में भी अपनी गतिविधियों के विस्तार का प्रयास करना चाहिये। उन्होंने कहा कि बोर्ड में जिन एजेंसियों को काम दिया जाये, उनकी गुणवत्ता और विश्वसनीयता का परीक्षण प्राथमिकता से किया जाये। बैठक में बोर्ड द्वारा संचालित हाउसिंग योजना, री-डेंसिफिकेशन, री-डेव्हलपमेंट, सुराज और डिपॉजिट वर्ग के तहत चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। श्री विजयवर्गीय ने बोर्ड के कार्यों के विस्तार के लिये रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया को और तेज करने के निर्देश दिये। प्रमुख सचिव श्री मण्डलोई ने बताया कि बोर्ड के कामों के माध्यम से व्यावसायिक गतिविधियों के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।

कमिश्नर हाउसिंग बोर्ड श्री चन्द्रमौली शुक्ला ने बताया कि निगम द्वारा वर्तमान में 4 हजार करोड़ रुपये के निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं। बैठक में रीवा के मेगा आईटीआई, रिडेंसीफिकेशन प्रोजेक्ट, प्रोफेसर कॉलोनी, जिसमें प्रमुख रूप से कलेक्टोरेट, कमिश्नर कार्यालय सहित अन्य कार्य, जिनकी लागत तकरीबन 492 करोड़ रुपये है, पर चर्चा की गई। इसके अलावा सागर-रतलाम जेल के निर्माण पर भी चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि री-डेंसिफिकेशन प्रोजेक्ट में बोर्ड ने हाल ही में सोशल जस्टिस ऑफिस भोपाल में बनाया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

विकसित भारत संकल्प यात्रा जन-जन की संकल्प यात्रा बन रही है - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के हितग्राहियों से संवाद करते हुए

भोपाल, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के गरीबों का कल्याण हो रहा है और भारत का सांस्कृतिक तथा वैज्ञानिक गौरव भी निरंतर बढ़ रहा है। आजादी के अमृतकाल में देश के हर नागरिक तक सभी सुविधाओं का लाभ पहुंचाने और सभी पात्र नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से देशभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना से प्रेरित इस संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम पंचायतें और शहरी क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अपने देश को 2047 तक दुनिया में नंबर वन बनाना है। ये बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के मंडला और बैतूल जिले के हितग्राहियों से बातचीत करते हुए कहीं। उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं से हितग्राहियों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल मोबाइल वैन के माध्यम से लाभार्थियों से जुड़ी सफलता की कहानियां, वीडियो संदेश और लघु फिल्में दिखाकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जन-जन तक विकास की बयार ले जाने वाली यह यात्रा अब जन-जन की यात्रा बन चुकी है। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर इस यात्रा का समापन होगा। इस वर्ष का गणतंत्र दिवस कई मायनों में महत्वपूर्ण है, हम अपना 75वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सफल, सम्पन्न और सुखी भारत का जो सपना देखा है, मध्यप्रदेश की धरती उसे साकार करेगी। हमारा प्रयास है कि यात्रा के अंतर्गत जन-जन तक लाभ पहुंचाने में मध्यप्रदेश देश में प्रथम रहे।

डॉ. यादव ने हितग्राहियों से प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री स्वनिधि, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला सहित अन्य योजनाओं के संबंध में चर्चा की तथा हितग्राहियों की कुशलक्षेम पूछी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने का संकल्प लें - राज्यपाल

उज्जैन, राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने नागरिकों को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलवाया। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ने और देश की एकता को और ज्यादा सुदृढ़ बनाने और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने में जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभायें। राज्यपाल उज्जैन की जनपद पंचायत घट्टिया की ग्राम पंचायत सोहंग में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए।

राज्यपाल ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लगाए गए शिविर में विभिन्न कारणों से छूट गए पात्र लोगों को पंजीकृत भी किया जा रहा है। इस प्रकार की यात्रा पहले कभी नहीं निकाली गई। केंद्र की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर और सशक्त बन रही हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं की चिंता करते हुए उज्ज्वला योजना शुरू की। आयुष्मान योजना गरीबों के उपचार का खर्च उठा रही है।

श्री पटेल ने कहा कि जो कभी भी जीवन में पक्का मकान नहीं बना सकते थे, प्रधानमंत्री ने उनके सिर पर पक्की छत का प्रबंध किया है। देश की जनता का आशीर्वाद निरंतर प्रधानमंत्री को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सभी के प्रयासों से भारत विश्व गुरु बनेगा।

सांसद श्री अनिल फिरोजिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले और कोई भी हितग्राही शासकीय योजनाओं से वंचित न रहे।

प्रत्येक पात्र परिवार को शासकीय योजनाओं से किया जाएगा लाभान्वित

मुरैना, किसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने विकसित भारत संकल्प यात्रा से प्रत्येक पात्र हितग्राही को जोड़कर लाभ दिलाने के निर्देश दिये हैं। श्री कंषाना ने मुरैना के जौरा विकासखण्ड के ग्राम बागचीनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होकर ग्रामीणों को योजनाओं से लाभान्वित किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र हितग्राही लाभों से वंचित न रहे। श्री कंषाना ने ग्राम पंचायत के विकास कार्यों के लिये विधायक निधि से 10 लाख रुपये देने की घोषणा भी की।

कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ-सबका विकास' के मूलमंत्र को साकार करने के लिये समग्र प्रयास किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी से देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। गरीबों को नि:शुल्क इलाज मिल रहा है, महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं, वे आत्मनिर्भर बन रही हैं, जो कभी घर से बाहर निकलने में संकोच करती थीं, अब नि:संकोच यात्राएं कर रही हैं।

'गांव की बेटी योजना' एवं 'प्रतिभा किरण योजना' में आवेदन सुविधा प्रारंभ

भोपाल, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित 'गांव की बेटी योजना' एवं 'प्रतिभा किरण योजना' के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रवेशित छात्राओं के ऑनलाइन नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन के लिए राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल 2.0 पर सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। विभाग द्वारा बताया गया कि संबद्ध विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रवेशित समस्त पात्र छात्राएं 'गांव की बेटी योजना' एवं 'प्रतिभा किरण योजना' के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगी। इसके साथ ही तकनीकी एवं चिकित्सा शिक्षा के शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रवेशित समस्त पात्र छात्राएं भी उक्त योजनाओं के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगी।

यात्रा के दौरान हितग्राहियों को लाभ दिलाने में मध्यप्रदेश को देश में प्रथम स्थान पर लाएं - मुख्यमंत्री

भोपाल, विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी वाली यात्रा है। केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने वाली यात्रा से विकास का कारवां लगातार बढ़ता रहेगा। ये बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा में जिला ग्वालियर और सागर के हितग्राहियों से संवाद के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मात्र 50 दिनों की अल्प अवधि में यात्रा के दौरान 10 करोड़ से अधिक लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ मिला है। आगामी 26 जनवरी तक समाज को केंद्र की लोकहितकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का यह अभियान निरंतर चलता रहेगा।

डॉ. यादव ने ग्वालियर की श्रीमती रामा यादव और तोड़ा बाई एवं सागर के श्री कल्याण प्रजापति और श्रीमती सीता प्रजापति से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों से केंद्र की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ, यात्रा का सुचारु संचालन, योजनाओं के लाभ की सूचना सहित विभिन्न विषयों पर जानकारी ली। हितग्राहियों ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत और पीएम किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ उन्हें मिला है। डॉ. यादव ने हितग्राहियों से कुशलक्षेम पूछ कर उन्हें सफल और सुखद भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। साथ ही जिलों के जनप्रतिनिधियों से संवाद कर यात्रा की प्रगति की जानकारी ली। यात्रा के सुचारु संचालन और जन जागरूकता लाने के लिए प्रेरित भी किया।

मुख्यमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए यात्रा के संचालन में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यात्रा के दौरान जनता में लगातार उत्साह बनाए रखें और उन्हें केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सतत रूप से दें। केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे, इसका विशेष ध्यान रखें।

प्रदेश के छात्र अर्जुन सिंह जादोन देश के सर्वश्रेष्ठ 100 छात्रों में चयनित

भोपाल, मध्यप्रदेश के भोपाल जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परवलिया सड़क के कक्षा-12 के छात्र अर्जुन सिंह जादोन के वीरगाथा आलेख को राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ आलेखों में चुना गया है। छात्र अर्जुन सिंह की इस उपलब्धि पर स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने बधाई देते हुए छात्र अर्जुन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस वर्ष 2023-24 में वीरगाथा प्रोजेक्ट के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर लगभग 10 लाख विद्यार्थियों ने सहभागिता की थी। राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकन में कक्षा-12 के छात्र अर्जुन सिंह का आलेख ग्रुप-4 में चयनित हुआ। यह एक बड़ी उपलब्धि है। छात्र अर्जुन सिंह जादोन को आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को नई दिल्ली में सम्मानित किया जायेगा।

विकसित भारत संकल्प यात्रा

गांव-गांव पहुंच रही भारत सरकार

विदिशा, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के जीवन में बदलाव की बयार लेकर आयी है। इसका लाभ आने वाली पीढ़ी को भी मिले, इसके लिये प्रत्येक पात्रताधारी वंचित व्यक्ति को लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की गाड़ी गांव-गांव पहुंच रही है। पहली बार भारत सरकार गांव-गांव पहुंच रही है। ये बातें ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने विदिशा जिले की ग्राम पंचायत बरखेड़ा-कछवा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करते हुए कहीं।

श्री पटेल ने कहा कि सरकार गांव-गांव तक सीधे पहुंचकर हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान कर रही है। पूर्व में लाभांवित हो चुके हितग्राही विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान अपने जीवन में आये बदलाव को स्वयं अपनी जुबानी बताकर अन्य लोगों को अभिप्रेरित कर रहे हैं। श्री पटेल ने कहा कि शत-प्रतिशत गांव के हितग्राही लाभांवित हों उन्हें उन तमाम योजनाओं का लाभ मिले, जो उनके हित में केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा संचालित की जा रही है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे अन्य छूट गये पात्रताधारियों को लाभान्वित करने के लिये आगे बढ़कर कार्य करें।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल विदिशा जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में हितलाभ वितरित करते हुए

राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी

शिक्षा का ध्येय है व्यक्तित्व निर्माण

भोपाल, शिक्षा ही सम्पूर्ण समाज के लिए समाधान और सद्मार्ग प्रशस्त करती है। हमारे देश की परम्परा एवं मान्यता में शिक्षा का सर्वोच्च स्थान है। समाधानरहित शिक्षा महत्वहीन है। श्रेष्ठ शिक्षा का मूल ध्येय व्यक्तित्व का निर्माण और समग्र विकास है। विश्व का भारत के प्रति दृष्टिकोण बदला है और स्वत्व के भाव को जागृत कर देश अपनी परंपराओं और मान्यताओं के साथ समाज से जुड़े हर प्रश्नों के समाधान की ओर बढ़ रहा है। सामाजिक एवं व्यक्तिगत विकारों के समग्र उन्मूलन पर चिंतन मनन हो रहा है। मनोवैज्ञानिक विकारों को पहचानने और उनके निदान के सम्पूर्ण विचार मंथन को समाज में प्रसारित करने से आशाजनक परिणाम आएंगे। ये बातें उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने भोपाल के सरोजिनी नायडू शासकीय (स्वशासी) कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'भारतीय संदर्भ में मनोदैहिक विकार एवं समग्र कल्याण' विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में कहीं।

श्री परमार ने कहा कि ऐसी संगोष्ठियां समाज को दिशा देंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण और समान शिक्षा के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शैलबाला सिंह बघेल ने महाविद्यालयीन परिदृश्यों एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छात्राएं उपस्थित थीं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

थानों की सीमाओं का युक्तियुक्तकरण जनप्रतिनिधियों की सहमति से किया जाए

भोपाल, भोपाल में जोन और थानों की सीमाओं के प्रस्तावित युक्तियुक्तकरण का कार्य जनप्रतिनिधियों की सहमति से किया जाए। ऐसी व्यवस्था करें कि किसी भी जुलूस का संचालन देर रात तक न हो, आयोजन निश्चित समय-सीमा में पूर्ण हो। इसके लिए शांति समितियों के साथ पहले से ही बैठक कर कार्ययोजना बनाकर उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। सघन बस्तियों से त्योहारों के समय निकलने वाले जुलूसों में जिन क्षेत्रों में अपराध, हिंसा, अव्यवस्था की संभावना रहती है, उन क्षेत्रों का विकास पुलिस तथा नगरीय निकाय सहित अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर समन्वित रूप से किया जाए। ये बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल संभाग की कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध और ठगी के सामने आ रहे नए तरीकों पर नियंत्रण करने और इस संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष कार्रवाई की जाए। उच्चाधिकारी इस पर भी नजर रखें कि थानों में बेकसूर लोगों को न फंसाया जाए और झूठी कार्यवाहियां न हों। निर्दोष लोगों को फंसाने वाले अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि थानों में जब्त की गई सामग्री को उसके वास्तविक स्वरूप में ही रखा जाए, सामग्री से किसी भी प्रकार की छेड़-छाड़ न की जाए। डॉ. यादव ने कहा कि थाना प्रभारी उनके क्षेत्र में रहने वाले सम्भ्रांत लोगों से भी संवंध और सम्पर्क बनाएं।

डॉ. यादव ने जिला कलेक्टर्स को जेलों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए, साथ ही प्रदेश के सभी जेलों में बंदियों की स्थिति का विश्लेषण कर 15 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भी निर्देशित किया गया। डॉ. यादव ने कहा कि कैदियों के पुनर्वास के लिए उन्हें जेलों में विभिन्न कौशल संबंधी व्यावसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जेलों में बंद गलत फंसाए गए लोगों को आवश्यक विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

आदिवासी बहुल क्षेत्रों में आंगनवाड़ी खोलने के लिये करें प्राथमिक सर्वे

भोपाल, महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने विभागीय समीक्षा में आदिवासी बहुल क्षेत्रों में आंगनवाड़ी खोलने के लिये प्राथमिक सर्वे करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों के बच्चे दूरस्थ क्षेत्रों में बने स्कूलों में जाते हैं। आंगनवाड़ी की व्यवस्था होने से प्राथमिक शिक्षा आसान होगी।

सुश्री भूरिया ने कहा कि औद्योगिक शहरी क्षेत्र में कामकाजी महिलाओं के 6 माह से 6 वर्ष के बच्चे की बेहतर देखभाल के लिये आंगनवाड़ी सह पालना केन्द्र संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 52 जिलों मे 448 आंगनवाड़ी सह पालना के प्रस्ताव भारत सरकार से अनुमोदित हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुसार 10 से 15 जनवरी तक महिला सशक्तिकरण सप्ताह पूरे प्रदेश में मनाया जायेगा। इसके तहत 12 जनवरी को सभी बालक-बालिका गृह आंगनवाड़ी केन्द्र पर योगाभ्यास किया जायेगा। इसके अतिरिक्त विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जायेगा।

पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए बनेंगे छात्रावास

भोपाल, पिछड़ा वर्ग की छात्र-छात्राओं के लिये प्रमुख नगरों में छात्रावास बनाये जायेंगे। इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज जिन नगरों में शुरू हुए हैं, वहां पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को 500 सीटर छात्रावास का निर्माण कराया जायेगा। छात्रावास निर्माण कराने के कार्य को विभाग की आगामी 5 वर्षों की कार्ययोजना में शामिल किया गया है। ये बातें पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने विभागीय समीक्षा करते हुए कहीं।

श्रीमती गौर ने कहा कि 100 दिवसीय कार्ययोजना में ऐसे कार्यों को शामिल किया जाये, जिन्हें अगले 100 दिन में पूरा किया

असंगठित श्रमिकों के लिये पेंशन पर करेंगे विचार - श्रम मंत्री

भोपाल, असंगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे श्रमिकों को 60 साल के बाद पेंशन देने संबंधी विचार किया जाएगा। श्रमिकों के संबंध में प्रावधानों में संवेदनशीलता का ध्यान रखा जाए। ये बातें श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने शासकीय योजनाओं में 60 वर्ष की आयु के बाद श्रमिकों को लाभ की पात्रता नहीं होने संबंधी प्रावधानों की समीक्षा करते हुए कहीं।

श्रम मंत्री ने कहा कि बैठक में श्रमिकों के पंजीयन निरस्त किये जाने के बाद अनुविभागीय अधिकारी के यहां होने वाली अपील के प्रावधान को हटाया जायेगा। गरीब व्यक्ति को अनावश्यक रूप से प्रताड़ित नहीं होने देंगे। अपील का प्रावधान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी या श्रमिक बोर्ड के समक्ष करने संबंधी निर्णय विचारोपरांत लिया जाएगा। उन्होंने निर्देशित किया कि श्रमिकों के होने वाले पंजीयन के निरस्तीकरण के कारणों और उनके जस्टिफिकेशन के लिये किसी भी एक जिले की सैंपलिंग की जाए।

श्री पटेल ने कहा कि असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों को 45 वर्ष की उम्र के बाद बीमा योजना में कवर करने संबंधी विचार कर निर्णय लिया जाएगा। इससे श्रमिकों को 60 वर्ष की उम्र के बाद पेंशन के लाभ के साथ अन्य राशि भी प्राप्त होगी।

जनजातीय विकासखंडों में रानी दुर्गावती प्रशिक्षण एवं ई-लाइब्रेरी केन्द्र खोले जाएंगे

इंदौर, जनजातीय कार्य एवं लोक परिसम्पत्ति प्रबन्धन, मंत्री डॉ. विजय शाह ने इंदौर में संभाग के सभी विभागीय अधिकारियों की बैठक ली और विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की।

डॉ. विजय शाह ने जिलेवार विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिलों में किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की ऐसे निर्माण कार्य जिनकी लागत 50 लाख से अधिक है उनकी संबंधित विभागीय अधिकारी भौतिक मॉनिटरिंग अवश्य करें। यह विभागीय अधिकारियों की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि जिस वित्तीय वर्ष में कार्य स्वीकृत किए गए हैं उनका निर्माण कार्य उसी वर्ष में शुरू कर दिया जाए। ऐसे निर्माण

जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह इंदौर में विभागीय समीक्षा करते हुए

कार्य जो अधिक समय से लंबित हैं उनकी एक अलग लिस्ट तैयार की जाए। श्री विजय शाह ने कहा कि सभी जिला अधिकारी निर्माण एजेंसियों के साथ प्रत्येक माह बैठक आयोजित कर निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। साथ ही हर तीन माह के अंदर निर्माण का स्पॉट निरीक्षण भी करेंगे।

डॉ. विजय शाह ने संभाग अंतर्गत 1 हजार 166 छात्रावासों के संबंध में चर्चा के दौरान निर्देश दिए की सभी अनुसूचित जनजाति छात्रावासों में नियुक्त किए गए अधीक्षकों का अनिवार्य रूप से हर वर्ष 3 से 6 दिवस का मनोविज्ञान प्रशिक्षण कराया जाए।

जनप्रतिनिधि राष्ट्र की आशाओं और आकांक्षाओं के रक्षक हैं - लोकसभा अध्यक्ष

विधानसभा को आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे - मुख्यमंत्री

लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला को भारत के संविधान की प्रति भेंट करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

भोपाल, विधानमंडल गंभीर बहस और चर्चा के महत्वपूर्ण मंच हैं, मतभेद होने पर सभा के कामकाज में बाधा नहीं आने देनी चाहिए। यह सुनिश्चित करना प्रत्येक विधायक का दायित्व है कि विधायी संस्थाओं के समय का उपयोग सार्थक रूप से जनता के कल्याण के लिए हो। विधान मंडलों में अनुशासन और शालीनता की कमी और सदस्यों के अमर्यादित आचरण से विधानमंडल की गरिमा कम होती है, जिससे लोकतंत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। प्रत्येक जनप्रतिनिधि राष्ट्र की आशाओं और आकांक्षाओं का रक्षक है। जनता अपने बेहतर भविष्य के लिए जनप्रतिनिधियों पर विश्वास करती है। ये बातें लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने मध्यप्रदेश विधानसभा में विधानसभा सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहीं।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि मध्यप्रदेश की जनता से नवनिर्वाचित विधायकों को मिले जनादेश से उन्हें विशेष रूप से महिलाओं और कमजोर वर्गों की सामाजिक, आर्थिक प्रगति के लिए रचनात्मक प्रयास करने की जिम्मेदारी मिली है। विधायकों और जनप्रतिनिधियों के रूप में अपनी भूमिका के साथ पूर्ण न्याय करने के लिए विधायकगण को विधानसभा के नियमों और प्रक्रियाओं की जानकारी होना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी अतिथियों का अभिवादन और अभिनंदन करते हुए कहा कि विषय में रुचि उत्पन्न करना और विषय से एकाकार कराने का मार्ग प्रशस्त करना ही प्रबोधन का उद्देश्य है। उन्होंने व्याकरणाचार्य महर्षि पाणिनी का उद्धरण देते हुए कहा कि आशा है कि प्रबोधन कार्यक्रम के बाद विधानसभा विधायकगण का प्रशिक्षण भी आयोजित करेगी और विधानसभा के विभिन्न दायित्वों संबंधी कार्यप्रणाली से विधायकगण को अवगत कराएगी। विधायक साथियों को नए एमएलए रेस्ट हाउस की सुविधा उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर भी विचार करेंगे।

विधायक अपनी बात रखते समय जोश दिखाएं

मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने लोकसभा के प्रभावी संचालन से संसदीय परम्परा को समृद्ध बनाने के साथ-साथ लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत किया है, उन्हें लोकसभा में कई नए आयाम स्थापित करने का गौरव भी प्राप्त है। यह अपेक्षा है कि मध्यप्रदेश विधानसभा के गरिमावान सदस्यों से प्रदेश की विधानसभा की प्रतिष्ठा पूरे देश में बढ़ेगी। विधायकों के लिए आवश्यक है कि अपनी बात रखते समय उनका जोश दिखे, परंतु क्रोध पूरी तरह से नियंत्रण में हो।

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश के
शहडोल, गुना, झाबुआ, खंडवा, कटनी, छतरपुर, पिपरिया, बैतूल, सागर, विदिशा एवं इटारसी में
एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें
0755-2760006,
0755-2551330

प्रमुख आकर्षण

- कैरियर की खबरें
- राज-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन लेवट : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

क्वीन मार्ग्रेथ द्वितीय

52 साल बाद गद्दी छोड़ेंगी

डेनमार्क की महारानी मार्ग्रेथ द्वितीय ने नए साल के संबोधन के दौरान 52 वर्ष बाद गद्दी छोड़ने की घोषणा की। उन्होंने अपने पुत्र क्राउन प्रिंस फ्रेडरिक आंद्रे हेनरिक को राजगद्दी सौंपने की घोषणा की। क्वीन मार्ग्रेथ द्वितीय ने 14 जनवरी 1972 में पिता किंग फ्रेडरिक के निधन के बाद सिंहासन संभाला था। ब्रिटेन की क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय के बाद क्वीन मार्ग्रेथ द्वितीय यूरोप में लंबे समय तक राज करने वाली क्वीन हैं।

ग्लेज सॉफ्टवेयर

डिजिटल आर्ट की चोरी रोकेगा

आजकल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से हम झटपट में कोई तस्वीर या पेंटिंग्स बना सकते हैं। दरअसल एआई कोई भी डिजिटल आर्ट पहले से मौजूद डेटा का इस्तेमाल कर बनाती है। इस वजह से मूल पेंटिंग के मालिक एआई पर चोरी का इल्जाम लगाते रहे हैं। अब शिकागो यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने 'ग्लेज' नाम का सॉफ्टवेयर डेवलप किया है, जिसकी मदद से अब कलाकार अपना आर्ट चोरी होने से बचा सकते हैं। यह सॉफ्टवेयर किसी भी आर्ट का डिजिटल फुटप्रिंट इस तरह से बनाता है कि एआई इसका इस्तेमाल नहीं कर सकती। यह आर्ट के पिक्सल्स का स्वरूप बदल देती है।

ब्रिटेन में

विद्यार्थियों के वीजा नियम हुए सख्त

ब्रिटेन में पढ़ने वाले अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों पर सख्त वीजा नियम लागू हो गए हैं। अब भारतीयों सहित सभी अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी देखभाल के लिए अपने साथ परिजनों को ब्रिटेन में नहीं ला सकेंगे। सिर्फ पोस्ट ग्रेजुएट शोध विद्यार्थियों और सरकार से छात्रवृत्ति ले रहे विद्यार्थियों को यह सुविधा हासिल हो सकेगी। इसी के साथ पेशेवर वीजा पर सख्ती की गई है। इन बदलावों के बाद ब्रिटेन आने वाले प्रवासियों की संख्या कम हो जाएगी।

अर्थशास्त्री डॉक्टर मोहम्मद यूनुस

नोबेल पुरस्कार विजेता को कैद

बांग्लादेश के नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री डॉक्टर मोहम्मद यूनुस को श्रम कानूनों के उल्लंघन के आरोप में दोषी मानते हुए छह महीने कैद की सजा सुनाई गई है। उन पर ग्रामीण टेलीकॉम कंपनी में मजदूर कल्याण कोष को नहीं बनाने का आरोप था। 83 वर्षीय अर्थशास्त्री ने गरीब विरोधी अभियान चलाने के लिए 2006 में नोबेल पुरस्कार जीता था। श्रम न्यायालय की जस्टिस शेख मेरिना सुल्ताना ने यूनुस और कंपनी के 3 अधिकारियों को 6 महीने की साधारण कैद की सजा 25 हजार टका का जुर्माना लगाया।

वाइस एडमिरल किरण देशमुख

मैटरियल प्रमुख बने

वाइस एडमिरल किरण देशमुख ने मैटरियल प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला है। वाइस एडमिरल देशमुख मुंबई विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हैं। उन्हें 31 मार्च 1986 को भारतीय नौसेना में इंजीनियर अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने नौसेना मुख्यालय में स्टाफ कार्मिक और मैटरियल शाखा, परीक्षण एजेंसियों, मैटरियल संगठन, नौसेना डॉकयार्ड और एचक्यूईएनसी में कमांड स्टाफ के रूप में विभिन्न महत्वपूर्ण नियुक्तियों पर भी कार्य किया है।

फेलिक्स शीसेकेदी

कांगो के फिर से राष्ट्रपति बने

कांगो के राष्ट्रपति फेलिक्स शीसेकेदी ने एक बार फिर राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत लिया। उन्हें 73 फीसदी से अधिक मत मिले हैं। शीसेकेदी लगातार दूसरी बार राष्ट्रपति पद के लिए चुने गए हैं। उन्होंने विपक्षी नेता मोइसे कटुम्बी को हराया है। जल्दी ही वे अपना पदभार ग्रहण करेंगे। अपनी जीत के लिए उन्होंने कांगो की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया है।

श्री अरविंद पनगढ़िया

16वें वित्त आयोग के चेयरमैन बने

केंद्र सरकार ने नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष श्री अरविंद पनगढ़िया को 16वें वित्त आयोग का चेयरमैन नियुक्त किया। साथ ही वित्त मंत्रालय में संयुक्त सचिव ऋत्विक रंजनम पांडेय आयोग के सचिव होंगे। आयोग पांच साल की अवधि 2026-27 से 2030-31 के लिए अपनी रिपोर्ट 31 अक्टूबर, 2025 तक राष्ट्रपति को सौंपेगा।

वर्ष 2024 को

संयुक्त राष्ट्र ने ऊंटों का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष घोषित किया

संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2024 को ऊंटों का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष घोषित किया है। इंटरनेशनल कैमलिड्स वर्ष इस बात पर प्रकाश डालेगा कि विभिन्न देशों में शत्रुतापूर्ण वातावरण में लाखों परिवारों, विशेष रूप से स्वदेशी लोगों और स्थानीय समुदायों की आजीविका के लिए ऊंट कैसे महत्वपूर्ण हैं। ऊंटों का उपयोग परिवहन के साधन के रूप में किया जाता है। यह स्थानीय समुदायों के लिये खाद्य सुरक्षा, पोषण और आर्थिक विकास में सहायक होते हैं।

डॉक्टर अमृतपाल सिंह हंगिन

नाइटहुड की उपाधि से सम्मानित

ब्रिटेन में 30 साल से अधिक समय से चिकित्सा के क्षेत्र में सक्रिय डॉक्टर अमृतपाल सिंह हंगिन को किंग चार्ल्स तृतीय ने नाइटहुड की उपाधि से सम्मानित करने का फैसला किया है। न्यू कैसल विश्वविद्यालय में जनरल प्रैक्टिस के प्रोफेसर डॉक्टर अमृतपाल को उनकी चिकित्सा सेवा के लिए 2024 नव वर्ष सम्मान सूची में शामिल किया गया। इस सूची में भारतीय मूल के करीब 30 स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर, परोपकारी और सामुदायिक कार्यकर्ता हैं, जिन्हें समाज में निःस्वार्थ सेवा करने के लिए सम्मानित किया गया है। अमृतपाल डरहम विश्वविद्यालय के संस्थापक डीन और ब्रिटिश मेडिकल एसोसिएशन (बीएमए) के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं।

अर्जेंटीना ने

ब्रिक्स में शामिल होने से किया इंकार

अर्जेंटीना ने ब्रिक्स का सदस्य बनने से इंकार कर दिया है। नए राष्ट्रपति जेवियर मिलेई ने पूर्ववर्ती सरकार के फैसले को पलटते हुए ब्रिक्स में शामिल होने की योजना वापस ले ली है। ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका को लिखे पत्र में मिलेई ने बताया कि पिछली सरकार के फैसले को अब बदला जा रहा है। ज्ञात रहे कि अर्जेंटीना उन 6 देशों की बहुप्रतीक्षित सूची में शामिल था। जिसे ब्रिक्स की सदस्यता प्राप्त होनी थी।

विलिस गिब्सन

वीडियो गेम टेट्रिस को हराने वाला पहला व्यक्ति बना

अमेरिका के ओक्लाहोमा प्रांत का विलिस गिब्सन टेट्रिस को हराने वाला दुनिया का पहला व्यक्ति बन गया है। 13 साल के गिब्सन को पिछले साल 21 दिसंबर 2023 को यह कामयाबी मिली, जब उसने टेट्रिस स्कोर 9,99,999 हासिल कर लिए और गेम उसकी स्क्रीन पर रुक गया। गिब्सन से पहले इस गेम के फाइनल राउंड तक पहुंचने में सफलता सिर्फ एआई ने हासिल की थी।

रॉबर्ट कियोसाकी

रिच डैड पुअर डैड के लेखक कर्ज में डूबे

अमीर बनने के नुस्खे बताने वाली किताब 'रिच डैड, पुअर डैड' के लेखक रॉबर्ट कियोसाकी 48 करोड़ रुपये के कर्ज में डूब गए हैं। उन्होंने कहा संपत्ति और देनदारियों में फर्क है। रॉबर्ट ने कहा कि बहुत से लोग कर्ज चुकाने के लिए कर्जदार बनते हैं। पर रॉबर्ट संपत्ति खरीदने में कर्जदार हुए हैं। इसलिए वे इस कर्ज से उबर जाएंगे। बता दें कि रॉबर्ट की लिखी किताब में अमीर बनने के तरीके बताए गए हैं। यह किताब 1997 में पब्लिश हुई थी।

जू ए

हो सकती हैं किम जोंग उन की अगली उत्तराधिकारी

उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन की बेटी जू ए अगली उत्तराधिकारी होंगी। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस ने यह दावा किया है। एनआईएस के अनुसार जू ए को जिस तरह दुनिया के सामने लाया गया है। उससे इस बात को बल मिलता है कि वे किम की उत्तराधिकारी हैं। दस वर्षीय जू ए को पिछले साल से अपने पिता किम के साथ कार्यक्रमों में मंच साझा करते देखा गया है।

आईपीएस अरुण मोहन जोशी

देश के सबसे कम उम्र के आईजी बने

वर्ष 2006 बैच के आईपीएस अरुण मोहन जोशी 40 वर्ष की उम्र में सबसे कम उम्र के आईजी बन गए हैं। उत्तराखंड के चकराता निवासी आईपीएस अरुण वर्ष 2006 में 23 साल की उम्र में सबसे कम उम्र के आईपीएस बने थे। आईजी के मामले में 2004 बैच के आईपीएस गौरव राजपूत वर्ष 2022 में 41 साल की उम्र में देश में सबसे कम उम्र के आईजी बने थे।

आइकॉन ऑफ द सीज

सबसे बड़े क्रूज की टेस्टिंग शुरू

प्यूर्टो रिको में स्थानीय लोगों और पर्यटकों को दुनिया के सबसे बड़े क्रूज की टेस्टिंग का लुत्फ उठाने का मौका मिल रहा है। दरअसल 'आइकॉन ऑफ द सीज' परीक्षण यात्रा के हिस्से और सर्टिफिकेशन के लिए ब्रेक लेकर रुका है। टाइटैनिक से 5 गुना बड़ा क्रूज जल्द ही अपना पहला कमर्शियल सफर करेगा। यह 25,08,00 टन वजनी, 1,198 फुट लंबा, 7,600 लोगों की क्षमता वहन करने और 20 डेक वाला शिप है। इसमें बालकनी वाले स्टेटरूम और फैमिली टाउन हाउस सुइट हैं।

रणधीर जायसवाल

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नियुक्त

भारतीय विदेश मंत्रालय के नए प्रवक्ता के रूप में रणधीर जायसवाल ने पदभार संभाला। उन्होंने अरिंदम बागची की जगह ली है। 1995 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) अधिकारी बागची को जिनेवा में पदस्थापना दी गयी है। 1998 बैच के आईएफएस अधिकारी जायसवाल न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत थे।

अमेरिका

जुड़वा बच्चों की जन्मतिथि में सालभर का अंतर

अमेरिका के न्यू जर्सी में एक दंपती के जुड़वां बच्चों के जन्म में सिर्फ 40 मिनट का अंतर है लेकिन उनकी जन्मतिथि में एक साल का अंतर आ गया है। जुड़वां बच्चों के पिता बिली हम्फ्री ने बताया कि उनके पहले बच्चे का जन्म 31 दिसंबर 2023 को रात 11:48 बजे और दूसरे बच्चे का जन्म 1 जनवरी 2024 को रात 12.28 बजे हुआ। इससे जुड़वां बच्चों की जन्म तारीख में 1 साल का अंतर आ गया।

स्मृति शेष

ग्लॉक हैंडगन के अविष्कारक इंजीनियर गैस्टन का निधन

ग्लॉक हैंडगन का अविष्कार करने वाले ऑस्ट्रियाई इंजीनियर गैस्टन ग्लॉक का 94 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनकी बनाई गन अमेरिका सहित 48 देशों में राष्ट्रीय सुरक्षा बलों, कानून प्रवर्तन अधिकारियों और बंदूक उत्साही लोगों के लिए पसंदीदा हथियार है। उन्होंने 1963 में ग्लॉक कंपनी की स्थापना की थी।

ऑस्कर नॉमिनेटेड अभिनेता टॉम विल्किंसन का निधन

ब्रिटेन के मशहूर अभिनेता 'द फुल मॉन्टी' और 'द बेस्ट एग्जॉटिक मैरीगोल्ड होटल' से पहचान बनाने वाले ऑस्कर नॉमिनेटेड एक्टर टॉम विल्किंसन का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्हें 2001 में फैमिली ड्रामा 'इन द बेडरूम' के लिए बेस्ट एक्टर अकादमी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था। उन्होंने तकरीबन 100 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

इनकम टैक्स विभाग, मुंबई

पद का नाम – इनकम टैक्स इंस्पेक्टर, स्टेनोग्राफर ग्रेड II, टैक्स असिस्टेंट, मल्टी टास्किंग स्टाफ, कैंटीन अटेंडेंट आदि
पदों की संख्या - 291
योग्यता - इनकम टैक्स इंस्पेक्टर/टैक्स असिस्टेंट के लिए किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएशन, स्टेनोग्राफर ग्रेड II के लिए मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं पास, एमटीएस/कैंटीन अटेंडेंट के लिए हाईस्कूल पास होना चाहिए
अंतिम तिथि - 19 जनवरी 2024
वेबसाइट – https://www.incometaxmumbai.gov.in/

कश्मीर विश्वविद्यालय

पद का नाम - प्रोफेसर, सह प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर (वनस्पतिशास्त्र, जैव प्रौद्योगिकी, कंप्यूटर विज्ञान, दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, हिन्दी, इतिहास, भाषा विज्ञान, गणित विज्ञान, समाजशास्त्र, सांख्यिकी, ऊर्जा अध्ययन सहित अन्य विषय)
पदों की संख्या - उल्लेखित नहीं
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 19 जनवरी 2024
वेबसाइट - www.kashmiruniversity.net

पटना उच्च न्यायालय

पद का नाम - जिला न्यायाधीश (एंट्री लेवल)
पदों की संख्या - 30
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 20 जनवरी 2024
वेबसाइट - www.patnahighcourt.gov.in

भारतीय मानक ब्यूरो

पद का नाम – परामर्शदाता मानकीकरण गतिविधि
पदों की संख्या - 107
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 19 जनवरी 2024
वेबसाइट – www.bis.gov.in

हिन्दू महाविद्यालय

पद का नाम – प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ निजी सहायक
पदों की संख्या - 02
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 20 जनवरी 2024
वेबसाइट – www.hinducollege.ac.in

सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

पद का नाम – उप प्रबंधक (डिजिटल मार्केटिंग, विपणन, बिक्री, बिक्री एवं विपणन, अंतरंग डिजाइनिंग एवं सेवाएं)
पदों की संख्या - 05
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 22 जनवरी 2024
वेबसाइट – www.cottageemporium.in

शिक्षु प्रशिक्षण मंडल (पश्चिमी क्षेत्र), मुंबई

पद का नाम – सहायक निदेशक - प्रशिक्षण, प्रशासकीय तथा लेखा अधिकारी
पदों की संख्या - 02
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 19 जनवरी 2024
वेबसाइट - www.boatwr.education.gov.in

मुख्य पोस्टमास्टर जनरल का कार्यालय, छत्तीसगढ़ सर्कल

पद का नाम - स्टाफ कार ड्राइवर
पदों की संख्या - 07
योग्यता – पदानुसार
अंतिम तिथि - 20 जनवरी 2024
वेबसाइट – www.cgpost.gov.in

भा.कृ.अनु.प. - राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो

पद का नाम – यंग प्रोफेशनल - II
पदों की संख्या - 01
योग्यता - सब्जी विज्ञान/पादप प्रजनन/कृषि जैव प्रौद्योगिकी/आणविक जीव विज्ञान/पादप आनुवंशिक संसाधन/जीवन विज्ञान में एमएससी डिग्री
अंतिम तिथि - 20 जनवरी 2024
वेबसाइट – www.nbpgr.ernet.in

भारतीय उर्वरक निगम लिमिटेड

पद का नाम – कानूनी अधिकारी
पदों की संख्या - 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 19 जनवरी 2024
वेबसाइट – www.fertcorpindia.nic.in

कालिंदी कॉलेज

पद का नाम - प्रशासनिक अधिकारी
पदों की संख्या - 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 19 जनवरी 2024
वेबसाइट - www.kalindi.du.ac.in

मद्रास उर्वरक लिमिटेड

पद का नाम - कंपनी सचिव - प्रबंधक
पदों की संख्या - 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 19 जनवरी 2024
वेबसाइट - www.madrasfert.co.in

एडमिशन अलर्ट

भारतीय नौसेना

पाठ्यक्रम का नाम - बी.टेक (एसएसबी द्वारा चयन)
योग्यता - फिजिक्स, केमेस्ट्री और मैथ्स (PCM) में कम से कम 70% अंक हों, इंग्लिश में कम से कम 50% अंकों के साथ 12वीं पास होना चाहिए।
अंतिम तिथि - 20 जनवरी 2024
वेबसाइट - https://www.joinindiannavy.gov.in/

स्कॉलरशिप अलर्ट

मिलेनियम ओशियन्स प्राइज 2024

किनके लिए - समुद्र और समुद्री जीवन से लगाव रखने वाले और इनका संरक्षण करने वालों के लिए
योग्यता - किसी भी संस्थान के यूजी छात्र आवेदन कर सकते हैं। छात्रों को समुद्री जीवन के संरक्षण थीम पर कैंपेन आइडिया लिखकर भेजना है।
क्या मिलेगा - विजेताओं को 5 हजार डॉलर मिलेंगे। इसके अलावा उन्हें इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स से मेंटरशिप भी मिलेगी।
अंतिम तिथि - 31 मई 2024
वेबसाइट - https://oyaop.com/opportunity/cometition-and-awards/2024-millennium-oceans-prize/

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित)

भारतीय सेना दिवस - 15 जनवरी

स्वतंत्रता और सम्प्रभुता की संरक्षक हैं भारत की सशस्त्र सेनाएं

किसी भी राष्ट्र की स्वतंत्रता और सम्प्रभुता तभी अक्षुण्ण रह सकती है जब घरेलू सशस्त्र संघर्ष और विदेशी आक्रमण से निपटने के लिये देश में मुकम्मल सशस्त्र सेना हो। किसी भी देश की सशस्त्र सेनाएं उस देश की स्वतंत्रता और सम्प्रभुता की संरक्षक होती हैं। भारत को भी जब वर्ष 1947 में उपनिवेशी शासन से स्वतंत्रता मिली थी उस समय देश में विभाजन के कारण कई स्थानों पर दंगे भड़क गये थे। बड़ी संख्या में शरणार्थियों के भारत आने से उथल-पुथल और अस्त-व्यवस्तता का माहौल था और कानून एवं व्यवस्था इतनी बेकाबू हो गई थी कि सेना की सहायता के बिना इस विकट स्थिति से निपटना सम्भव ही नहीं था। घरेलू अशांति और हिंसा से निपटने में आजादी के बाद सेना के उपयोग का यह सम्भवत: पहला अवसर था। उसी समय कश्मीर में भी बाहा आक्रमण के कारण सेना को मोर्चे पर जाना पड़ा था। देश में विभाजन के कारण उत्पन्न इन्हीं विषम परिस्थितियों में तत्कालीन सेना ने देशवासियों की सुरक्षा और बाह्य आक्रमण करने वाले घुसपैठियों को मार गिराने में अपनी अहम् भूमिका निभाई थी। तब तक इस भारतीय सेना के प्रमुख ब्रिटिश मूल के कमाण्डर जनरल फ्रांसिस रॉबर्ट रॉय बुचर थे। तब भी भारतीय सेना ने शौर्य और पराक्रम का विलक्षण प्रदर्शन किया था।

फील्ड मार्शल करिअप्पा की पदभार तिथि से जुड़ा है यह दिन

भारतीय सेना-दिवस, भारत में हर वर्ष 15 जनवरी को फील्ड मार्शल के.एम. करिअप्पा के भारतीय थल सेना के शीर्ष कमाण्डर का पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उस समय के.एम. करिअप्पा सेना के कमाण्डर जनरल थे। उन्होंने 15 जनवरी, 1949 को ब्रिटिश राज के समय के भारतीय सेना के अंतिम अंग्रेज शीर्ष कमांडर जनरल फ्रांसिस रॉबर्ट रॉय बुचर से यह पदभार ग्रहण किया था। यह दिन सैन्य परेड, सैन्य प्रदर्शनियों व अन्य आधिकारिक कार्यक्रमों के साथ नई दिल्ली व सभी सेना मुख्यालयों में मनाया जाता है। इस दिन उन सभी बहादुर सेनानियों को सलामी भी दी जाती है जिन्होंने कभी न कभी अपने देश और लोगों की सलामती के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। भारतीय सेना दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष देश की राजधानी नई दिल्ली में दिल्ली छावनी के करिअप्पा परेड ग्राउंड से परेड निकाली जाती है जिसकी सलामी थल सेनाध्यक्ष लेते हैं।

वर्ष 1949 में भारतीय सेना दिवस समारोह शुरू होने के बाद से गत वर्ष पहली बार यह समारोह दिल्ली से बाहर बेंगलुरु में हुआ। गत वर्ष 15 जनवरी, 2023 को पिचहत्तरवां भारतीय सेना दिवस एमईजी एण्ड सेंटर परेड ग्राउण्ड, बेंगलुरु में हुआ।

केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय महत्व के आयोजनों को दिल्ली से बाहर आयोजित करने का फैसला लिया था, ताकि इनकी पहुंच ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच हो और जन भागीदारी बढ़ सके इसी परिप्रेक्ष्य में यह समारोह बेंगलुरु में हुआ, जहां थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पाण्डे ने परेड की सलामी ली।

ग्लोबल फायर पावर इंडेक्स वर्ष 2017 के अनुसार भारत की सेना दुनिया की चौथी सबसे मजबूत सेना मानी जाती है। इस सूचकांक के मुताबिक अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत का नंबर आता है। फील्ड मार्शल देश का सर्वोच्च पांच सितारा सैन्य सम्मान है। जनरल करिअप्पा यह सम्मान पाने वाले दूसरे सेनाध्यक्ष थे। वर्ष 1973 में जनरल मानेकशॉ को और वर्ष 1986 में जनरल करिअप्पा को यह सम्मान प्रदान किया गया था।

वैश्विक सैन्य अभियानों में भी शामिल रही है भारतीय सेना

भारतीय थल सेना की शुरुआत ईस्ट इंडिया कंपनी की सैन्य टुकड़ी के रूप में हुई थी। बाद में यह ब्रिटिश भारतीय सेना बनी और फिर मौजूदा भारतीय थल सेना। इसने दुनियाभर में कई लड़ाई और सैन्य अभियानों में हिस्सा लिया और विभिन्न सैन्य अभियानों में भारतीय सेना की उल्लेखनीय भूमिका रही है। भारत अब तक पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ चार और चीन के साथ एक युद्ध लड़ चुकी है। संयुक्त राष्ट्र के आह्वान पर कई सैन्य मिशन में भी भारतीय सेना शामिल रही है। भारतीय सेना की एक टुकड़ी हमेशा संयुक्त राष्ट्र की सहायता के लिए समर्पित रहती है। इसके तहत भारतीय सेना अंगोला, कम्बोडिया, साइप्रस, कांगो, अल साल्वाडोर, नामीबिया, लेबनान, लाइबेरिया, मोजाम्बिक, रवाण्डा, सोमालिया, श्रीलंका और बियतनाम जा चुकी है। भारतीय सेना ने कोरिया में हुई लड़ाई के दौरान घायलों और बीमारों को सुरक्षित लाने के लिए भी अपनी अर्द्ध-सैनिकों की इकाई प्रदान की थी। भौगोलिक तौर पर भारतीय सेना सात कमानों में विभाजित हैं, जिनके मुख्यालय देश के अलग-अलग हिस्सों में है। यह दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे आधुनिक सेनाओं में से एक है। भारतीय सेना के सात कमाण्ड हैं। सेना के छह सक्रिय कमाण्ड और एक ट्रेनिंग कमाण्ड हैं। प्रत्येक कमाण्ड का नेतृत्व जनरल ऑफिसर कमाण्डिंग इन चीफ करता है, जो लेफ्टिनेंट जनरल रैंक का अधिकारी होता है। प्रत्येक कमाण्ड, नई दिल्ली में स्थित सेना मुख्यालय से सीधे जुड़ा हुआ है। केंद्रीय कमाण्ड का मुख्यालय लखनऊ में, पूर्वी कमाण्ड का मुख्यालय कोलकाता में, उत्तरी कमाण्ड का मुख्यालय उधमपुर में, दक्षिणी कमाण्ड का मुख्यालय पुणे में, पश्चिमी कमाण्ड का मुख्यालय चण्डीमन्दिर (चंडीगढ़), दक्षिण पश्चिमी कमान का मुख्यालय जयपुर में और प्रशिक्षण कमाण्ड का मुख्यालय शिमला में है।

कर्मठ सैन्य अधिकारी थे फील्ड मार्शल करिअप्पा

पहले भारतीय सेनाध्यक्ष कोडंडेरा मडप्पा करिअप्पा का जन्म 28 जनवरी, 1899 को कर्नाटक के एक कस्बे शनिवारसंठे में हुआ था। घर में उन्हें सभी लोग प्यार से 'चिम्मा' कहकर पुकारते थे। करिअप्पा की प्रारम्भिक शिक्षा माडिकेरी के सेंट्रल हाई स्कूल में हुई, शुरू से ही वह पढ़ाई में बहुत अच्छे थे। मैथ्स और चित्रकला विषय उन्हें बेहद पसंद थे। वर्ष 1917 में स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने मद्रास के प्रेसीडेंसी कॉलेज में एडमिशन ले लिया। कोडंडेरा मडप्पा करिअप्पा, ऑर्डर ऑफ ब्रिटिश एम्पायर, मेन्शंड इन डिस्पैचेस, लीजियन ऑफ मेरिट की उपाधि से सम्मानित हो चुके थे। उन्होंने वर्ष 1947 के भारत-पाक युद्ध में पश्चिमी सीमा पर भारतीय सेना का नेतृत्व किया। वे भारत के दो फील्ड मार्शलों में से एक हैं। करिअप्पा के पद ग्रहण करने से पहले भारतीय सेना के अंतिम ब्रिटिश कमांडर इन चीफ जनरल सर फ्रांसिस बुचर थे। उनकी सेवाओं के लिए भारत सरकार ने वर्ष 1986 में उन्हें - 'फील्ड मार्शल' का पद प्रदान किया। भारतीय सेना से वर्ष 1953 में रिटायर होने के बाद करिअप्पा ने वर्ष 1954 से 1956 तक न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में बतौर हाईकमिश्नर काम किया।

भारतीय सेना की पहचान कई खूबियों से बनी

भारतीय सेना की कई ऐसी खूबियां हैं, जिससे भारतीय सेना की अलग पहचान बनी है। भारतीय सेना दुनिया में सबसे ऊंचे युद्ध के मैदान को नियंत्रित करती है। भारतीय सेना दुनिया की सबसे ऊंची पहाड़ियों को कंट्रोल करने में माहिर है, इसका उदाहरण है सियाचिन ग्लेशियर, जो समुद्र की सतह से पांच हजार मीटर से भी ऊपर है। इसी प्रकार दुनिया में भारत के पास सबसे बड़ी 'स्वैच्छिक' सेना है। सभी सेवारत और रिजर्व सैन्य कर्मियों ने वास्तव में सैन्य सेवा को स्वेच्छा से चुना यह हम सब के लिये गर्व की बात है। भारतीय सेना पहाड़ी लड़ाइयों में भी माहिर है और भारतीय सेना का- 'हाई एल्टीट्यूड वॉरफेयर स्कूल' दुनिया के सबसे अच्छे ट्रेनिंग संस्थान में गिना जाता है। अफगानिस्तान भेजे जाने से पहले अमेरिका के स्पेशल फोर्स की ट्रेनिंग भी इसी इंस्टीट्यूट में हुई थी। साथ ही यूके, रशिया से भी फौजी यहां ट्रेनिंग के लिए आते हैं। यह इंस्टीट्यूट पहाड़ी इलाकों और ऊंचाई पर लड़ाई करने की ट्रेनिंग देता है। केरल में स्थित नौसेना अकादमी एशिया में अपनी तरह की सबसे बड़ी अकादमी है।

सेना का महत्वपूर्ण अंग है रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डिफेंस रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन) भारत के रक्षा से जुड़े अनुसंधान कार्यों के लिये देश की अग्रणी संस्था है। यह संगठन भारतीय रक्षा मंत्रालय की एक आनुषांगिक ईकाई के रूप में काम करता है। इस संस्थान की स्थापना वर्ष 1958 में भारतीय थल सेना एवं रक्षा विज्ञान संस्थान के तकनीकी विभाग के रूप में की गई थी। वर्तमान में संस्थान की अपनी 41 प्रयोगशालाएं हैं जो रक्षा उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक्स इत्यादि क्षेत्र में अनुसंधान में कार्यरत हैं। हजारों वैज्ञानिक और तकनीकी कर्मचारी इस संस्था के संसाधन हैं। यहां राडार, प्रक्षेपास्त्र इत्यादि से सम्बन्धित कई बड़ी परियोजनाएं चल रही हैं। संगठन का लक्ष्य (विजन) रक्षा अनुसन्धान के क्षेत्र में विश्वस्तरीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकीय आधार स्थापित कर भारत को समृद्ध बनाना और अपनी रक्षा सेना को अंतर्राष्ट्रीय रूप से प्रतिस्पर्धी प्रणालियों और समाधानों से लैस कर उन्हें निर्णायक लाभ प्रदान करना है। इसके अलावा डीआरडीओ का ध्येय यह भी है कि अपनी रक्षा सेवाओं के लिए अत्याधुनिक सेंसर प्रणाली, शस्त्र प्रणाली और सहयोगी उपकरण अभिकल्पित करना, उन्हें विकसित करना और उत्पादन के लिए तैयार करना है।

- राजा दुबे

(लेखक, सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक, जनसंपर्क हैं।

राज्य प्रशासनिक सेवा के साक्षात्कार में कैसे हासिल करें कामयाबी

राज्य सेवा परीक्षा के साक्षात्कार में सफलता के लिए सुझाव

आशावादिता वो विश्वास है जो उपलब्धि की तरफ ले जाती है। बिना आशा और विश्वास के कुछ भी नहीं किया जा सकता - कला की उपाधि अर्जित करने वाली दुनिया की पहली दृष्टिहीन और बधिर होने के साथ-साथ प्रसिद्ध अमेरिकी लेखिका और राजनीतिज्ञ हेलेन केलर का यह कथन जीवन में आशा और विश्वास के महत्व को प्रदर्शित करता है। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य प्रशासनिक सेवा की तैयारी करने वाले युवाओं को परीक्षा के तीन चरणों से गुज़रना होता है। पहला चरण प्रारंभिक परीक्षा, द्वितीय चरण मुख्य परीक्षा और तीसरा चरण साक्षात्कार होता है। पहले दो चरण को पार करने वाले युवा साक्षात्कार की प्रक्रिया तक पहुंच जाते हैं, लेकिन साक्षात्कार में सफलता के लिए सिर्फ किताबों का अध्ययन काम नहीं आता है, बल्कि अपने व्यक्तित्व के विकास, हाजिरजवाबी, संयमता का परिचय देना होता है। राज्य प्रशासनिक अधिकारी डॉ. जीवन एस. रजक और विजय डहेरिया से चर्चा के दौरान ''रोज़गार और निर्माण'' में राज्य सेवा परीक्षा में साक्षात्कार में सफलता के गुर बताए जा रहे हैं। साथ ही उन बिंदुओं पर भी प्रकाश डाला है जो गलतियां प्रतिभागी साक्षात्कार के दौरान करते हैं ....

इंटरव्यू की तैयारी में रखिए इन बातों का ख्याल -

अपना आत्मविश्वास बनाए रखें

यदि आप इंटरव्यू देने जा रहे हैं तो अपना आत्मविश्वास बनाए रखिए। प्रतिभागी जब कोई इंटरव्यू देने जा रहा होता है तो थोड़ा टेंशन में रहता है, क्योंकि स्ट्रेस में रहने से जो पता होता है हम वह भी भूल जाते हैं। इसलिए इंटरव्यू देने के एक रात पहले अच्छे से सोएं ताकि आपका दिमाग तरोताजा और दुरुस्त रहे, अच्छे से काम करें। आपका प्रजेंस ऑफ माइंड बहुत जरूरी है क्योंकि आपसे सिर्फ सिलेबस के अंदर से ही पूछा जाएगा यह जरूरी नहीं है। आपसे कुछ भी पूछा जा सकता है।

व्यवस्थित हो फाइल

इंटरव्यू के लिए एक अच्छी और साफ व्यवस्थित फाइल हो जिसमें आपके डॉक्यूमेंट्स क्रमबद्ध रखे हों। जिस दिन आप जा रहे हैं उस दिन का अखबार पढ़ कर जाएं क्योंकि कभी-कभी अखबार से भी प्रश्न पूछे जाते हैं जैसे कि आज की ख़बर क्या है। अगर आतंकवाद पर खबर छपी है तो इंटरव्यू वाले उसे डिस्कस करेंगे।

ना बहुत जल्दी ना बहुत देर से जाएं इंटरव्यू के लिए

आप जब इंटरव्यू देने जायें तब वहां पहले पहुंच जाएं। कुछ लोग पहले पहुंच जाते हैं और यह देखते हैं कि इंटरव्यू में क्या पूछा जा रहा है और उस हिसाब से तैयारी करते हैं। होता यह है कि यदि मैं विज्ञान का विद्यार्थी हूं या जॉब में हूं तो मुझसे उसी से संबंधित सवाल पूछे जाएंगे। कोई आर्ट्स वाला विद्यार्थी है तो वह इंटरव्यू में विज्ञान के विद्यार्थी से पूछे गए विज्ञान के सवाल सुनकर टेंशन में आ जाएगा, तो यह न करें। यह मेरी सलाह है पहले वह क्या पूछ रहे हैं, क्या नहीं पूछ रहे हैं आप उस पर ना जाएं।

अपने गृह-नगर जिले को पढ़िए

आप जिस भी शहर या गांव से आते हैं आपसे आपके गांव-शहर, उसकी विशेषताओं के संबंध में सवाल पूछे जा सकते हैं। आपसे उम्मीद की जाती है कि आपको अपने आसपास के क्षेत्र के बारे में पता होगा। उदाहरण के तौर पर आप रायसेन से हैं तो रायसेन में स्थित विश्व धरोहर से संबंधित सवाल पूछे जा सकते हैं जैसे कि सांची में क्या प्रसिद्ध है? सवाल पूछने के बाद गौतम बुद्ध से संबंधित इसके सवाल पूछा जा सकता है।

उद्देश्य हमारे वास्तविक विचार को पहचानना

इंटरव्यू हम बाहरी दिखावे के आधार पर नहीं दे सकते हैं। ऐसे में खुद को नैतिक तौर पर सही दिखाने का प्रयास जल्द ही पकड़ में आ जाता है। यह व्यक्ति के ज्ञान की नहीं बल्कि व्यक्तित्व की परीक्षा होती है। इसलिए हम अपने इंटरव्यू की तैयारी में नॉलेज की बजाय व्यक्तित्व पर काम करें।

नहीं पता है तो घुमाएं नहीं सॉरी सर कह दें

अगर किसी सवाल का जवाब पता है, तो बहुत खुश ना हों या किसी सवाल का जवाब पता नहीं है तो बहुत निराश न हों। संतुलित रहें। जवाब जानते हैं तो स्पष्ट जवाब दें, हम वहां घुमा नहीं सकते हैं। सवाल का जवाब नहीं पता है तो कहें सॉरी सर, यह नहीं पता है। बातों को घुमाएं नहीं। किसी भी सवाल का संतुलित जवाब दें, किसी का न ही पक्ष लें और ना ही पूरी तरह आलोचना करें। यही चीज फील्ड में हमारी लीडरशिप में दिखाई देती है। ऐसे में इंटरव्यू लेने वाला यह परखने का प्रयास करता है कि आप फील्ड में आने वाली चुनौतियों से बेहतर ढंग से निपट सकेंगे या नहीं, कहीं दबाव में तो नहीं आ जाएंगे।

बेसिक ज्ञान होना है जरूरी

प्री, मैन्स परीक्षा के बाद इंटरव्यू तक प्रतियोगी पहुंचता है। ऐसे में उम्मीद की जाती है कि उसका बेसिक नॉलेज अच्छा होगा। आपको अपने जिले के बारे में पता होना चाहिए। अपने स्कूल, कॉलेज, अपने बारे में बेसिक बातें आपको पता होनी चाहिए। इंटरव्यू में तथ्य नहीं आपकी योग्यता, आंतरिक विचार को परखा जाता है।

कमरे में प्रवेश करते समय ध्यान रखें

इंटरव्यू हॉल में प्रवेश करते समय ध्यान रखें कि सभी बोर्ड मेंबर्स के साथ आपका आई कॉन्टेक्ट बना रहे। हॉल में प्रवेश करते समय आप परमीशन ले रहे हैं या नहीं ले रहे हैं। आपके बैठने का तरीका, हाव-भाव मायने रखता है। इन बेसिक बातों के लिए प्रतिभागी मिरर के सामने खड़े होकर अपने इंटरव्यू की तैयारी कर सकता है।

इंटरव्यू का बायोडाटा पूरा याद हो

इंटरव्यू देने से पहले एक बायोडॉटा फॉर्म भरा जाता है। उसमें अपनी हॉबी, कॉलेज, पढ़ाई या अपने से जुड़ी जो भी जानकारी आप भर रहे हैं। उम्मीद की जाती है कि आपको उसके बारे में पूरा पता हो।

समसामयिकी पढ़िए

इंटरव्यू की तैयारी के लिए हमें करेंट अफेयर्स पढ़ना आवश्यक है। जो सामान्यत: हम प्री, मैन्स की तैयारी के लिए पढ़ते हैं। इसके लिए रोजाना कोई न्यूज पेपर पढ़ना बेहतर है। इसके अलावा कोई करेंट अफेयर्स पत्रिका का नियमित अध्ययन कर सकते हैं। इसके अलावा समाचार-पत्र के संपादकीय पृष्ठ को पढ़ सकते हैं। संसद टीवी पर आने वाले कार्यक्रम देश-विदेश, वार्तालाप जैसे 5-6 शो ऐसे हैं, जो समसामयिक ज्ञान से भरपूर होते हैं।

खुद का सही स्वरूप प्रस्तुत करें

इंटरव्यू में स्वयं को आदर्श बताने के चक्कर में वर्चुअल ना बनें जो इंटरव्यू ले रहे हैं, वह इस बात को पकड़ लेते हैं। इसलिए वर्चुअल नहीं बल्कि अपना रियल स्वरूप प्रस्तुत करें। जैसे जब सवाल पूछा जाता है कि आप इस सेवा में क्यों आना चाहते हैं। अक्सर लोग आदर्श जवाब देते हैं कि मैं प्रदेश या देश की सेवा करना चाहता हूं। जबकि सेवा तो एनजीओ या राजनीति के माध्यम से भी की जा सकती है यह बात इंटरव्यू लेने वाला आपसे कह सकता है। इसलिए जवाब यह बेहतर होगा कि इस प्रोफेशन में सम्मानजनक पद, प्रतिष्ठा और वेतन तीनों हैं साथ ही प्रदेश के लिए कार्य करने का अवसर भी है।

इस तरह अपना वास्तविक रूप प्रस्तुत करें तथा पूरे आत्मविश्वास के साथ जवाब दें तो सफलता अवश्य मिलेगी।

- सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका सम-सामयिक विषयों पर लेखन करती हैं)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये सामान्य ज्ञान - खेल

1. **वर्ष 2023 में एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्वकप किस देश में खेला गया था?**
(अ) भारत (ब) अर्जेंटीना
(स) जापान (द) चिली

2. **इनमें से कौन वर्तमान में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान है?**
(अ) हरमनप्रीत कौर
(ब) स्मृति मंधाना
(स) दीप्ति शर्मा
(द) शेफाली वर्मा

3. **वर्ष 2023 में किस महिला खिलाड़ी ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स खिताब जीता है?**
(अ) जेसिका पेगुला
(ब) ईगा स्वितेक
(स) एलिना रिबाकिना
(द) सेरेना विलियम्स

4. **एशियन गेम्स-2023 में भारत ने कबड्डी में कौन-सा पदक जीता है?**
(अ) स्वर्ण पदक
(ब) रजत पदक
(स) कांस्य पदक
(द) इनमें से कोई नहीं

5. **किस देश के नाम वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है?**
(अ) भारत (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) द. अफ्रीका (द) इंग्लैंड

6. **वर्ष 2023 में किस देश ने मर्डेका कप फुटबॉल टूर्नामेंट जीता है?**
(अ) जापान (ब) कतर
(स) ताजिकिस्तान (द) सऊदी अरब

7. **इनमें से किस खिलाड़ी को मुंबई इंडियंस टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है?**
(अ) सूर्यकुमार यादव
(ब) हार्दिक पंड्या
(स) तिलक वर्मा
(द) डेवाल्ड ब्रेविस

8. **आईसीसी वन-डे वर्ल्डकप-2023 में किस गेंदबाज ने सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं?**
(अ) एडम जंपा
(ब) कैगिसो रबाडा
(स) मोहम्मद शमी
(द) शाहीन शाह अफरीदी

9. **वर्ष 2022 में किस देश ने डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट जीता था?**
(अ) ब्रिटेन (ब) सर्बिया
(स) स्वीडन (द) कनाडा

10. **फॉर्मूला-वन चैम्पियन मैक्स वर्स्टापेन किस टीम के लिए रेसिंग करते हैं?**
(अ) रेडबुल (ब) मर्सिडीज
(स) रेनॉल्ट (द) इनमें से कोई नहीं

11. **वर्ष 2023 में किस देश ने आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप जीती है?**
(अ) न्यूजीलैंड (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) भारत (द) इंग्लैंड

12. **इनमें से किस खिलाड़ी ने एशियन गेम्स-2023 में टेनिस में महिला एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है?**
(अ) जू लिन
(ब) हाकना काजी
(स) ड्रेंग किवेन
(द) इनमें से कोई नहीं

13. **कौनन स्टेडियम भारत के किस शहर में स्थित है?**
(अ) विशाखापट्टनम
(ब) तिरूवनंतपुरम
(स) मोहाली
(द) जमशेदपुर

14. **ब्रिटेन की एमा राडुकानु ने वर्ष 2021 में कौन-सा ग्रैंडस्लैम टाइटल जीता था?**
(अ) फ्रेंच ओपन
(ब) ऑस्ट्रेलियन ओपन
(स) यूएस ओपन
(द) विम्बलडन

15. **अमेरिकी खिलाड़ी मिकाइला शिफरिन किस खेल की खिलाड़ी हैं?**
(अ) जिम्नास्टिक (ब) स्कीइंग
(स) तैराकी (द) आईस हॉकी

16. **पेत्रा क्वितोवा ने कितनी बार विम्बलडन ओपन टूर्नामेंट जीता है?**
(अ) दो बार (ब) तीन बार
(स) चार बार (द) इनमें से कोई नहीं

17. **इनमें से किस भारतीय खिलाड़ी ने वर्ल्ड बैडमिंटन चैम्पियनशिप-2023 में कांस्य पदक जीता है।**
(अ) लक्ष्य सेन
(ब) एचएस प्रणय
(स) किदांबी श्रीकांत
(द) इनमें से कोई नहीं

18. **ओलिंपिक खेलों में भारत के लिए पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं?**
(अ) एमसी मैरीकॉम
(ब) पी.टी. उषा
(स) कर्णम मल्लेशवरी
(द) अंजू बॉबी जॉर्ज

19. **लियोनल मेसी ने इनमें से किस फुटबॉल क्लब के लिए फुटबॉल नहीं खेला है?**
(अ) बार्सिलोना
(ब) पेरिस सेंट जर्मेन
(स) इंटर मियामी
(द) लिवरपूल

20. **वर्ष 2023 में किस फुटबॉल क्लब ने इंडियन सुपर लीग का खिताब जीता है?**
(अ) एटीके मोहन बागान
(ब) नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड
(स) बेंगलुरु एफसी
(द) केरेला ब्लास्टर्स

21. **वर्ष 2025 में फीफा क्लब वर्ल्डकप किस देश में खेला जाएगा?**
(अ) इंग्लैंड (ब) अमेरिका
(स) अर्जेंटीना (द) सऊदी अरब

22. **डोमिनिक थिएम किस देश के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी हैं?**
(अ) ऑस्ट्रिया (ब) क्रोएशिया
(स) कनाडा (द) चेक रिपब्लिक

23. **जागरेब ओपन किस खेल से संबंधित एक खेल प्रतियोगिता है?**
(अ) टेनिस (ब) कुश्ती
(स) बैडमिंटन (द) गोल्फ

24. **इनमें से किस भारतीय गेंदबाज ने वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में दो बार हैट्रिक ली है?**
(अ) चेतन शर्मा
(ब) मोहम्मद शमी
(स) कुलदीप यादव
(द) इनमें से कोई नहीं

25. **लियोनल मेसी ने कितनी बार फुटबॉल में बेलोन डि ओर पुरस्कार जीता है?**
(अ) चार बार (ब) पांच बार
(स) सात बार (द) आठ बार

उत्तर

1. (द), 2. (अ), 3. (ब), 4. (अ), 5. (द), 6. (स), 7. (ब), 8. (स), 9. (द), 10. (अ), 11. (ब), 12. (स), 13. (द), 14. (स), 15. (ब), 16. (अ), 17. (ब), 18. (स), 19. (द), 20. (अ), 21. (ब), 22. (अ), 23. (ब), 24. (स), 25. (द)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण

1. डॉ. सलीम अली किस क्षेत्र के ख्यातिलब्ध व्यक्तित्व है?
(a) हाथी विशेषज्ञ
(b) बाघ विशेषज्ञ
(c) पक्षी विशेषज्ञ
(d) वन्य प्राणी विशेषज्ञ

2. किसी प्रजाति को विलुप्त माना जा सकता है, जब वह अपने प्राकृतिक आवास में कितने वर्ष से नहीं देखी गयी है -
(a) 15 वर्ष से (b) 20 वर्ष से
(c) 10 वर्ष से (d) 50 वर्ष से

3. सर्वाधिक जैवविविधता कहां पायी जाती है?
(a) उष्ण कटिबंधी वर्षा वनों में
(b) शीतोष्ण कटिबंधी वनों में
(c) शंकुधारी वनों में
(d) उत्तर ध्रुवीय वनों में

4. निम्नलिखित में से कौन-सी जैव-विविधता के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण रणनीति है?
(a) जैवमण्डल रिजर्व
(b) वानस्पतिक उद्यान
(c) राष्ट्रीय पार्क
(d) जंगली जन्तु अभयारण्य

5. भारत में जैव-विविधता की दृष्टि से धनी स्थान कौन सा है -
(a) पश्चिमी घाट
(b) पूर्वी घाट
(c) थार रेगिस्तान
(d) बंगाल की खाड़ी

6. जैव-विविधता के साथ-साथ मनुष्य के परंपरागत जीवन के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण रणनीति निम्न में से किस एक की स्थापना करने में निहित है?
(a) जीवमंडल निचय (रिजर्व)
(b) वानस्पतिक उद्यान
(c) राष्ट्रीय उपवन
(d) वन्यजीव अभयारण्य

7. जैव-विविधता के ह्रास का मुख्य कारण क्या है -
(a) आवासीय प्रदूषण
(b) विदेशज प्रजातियों का समावेश
(c) अत्यधिक दोहन
(d) प्राकृतिक आवासीय विनाश

8. निम्नलिखित में से क्या एक भारत का 'वायोडायवर्सिटी हाट स्पाट' नहीं है?
(a) हिमालय (b) विन्ध्यन
(c) उत्तरी-पूर्वी भारत
(d) पश्चिमी घाट

9. 'मानस' वन्यजीवन अभयारण्य किस राज्य में है?
(a) गुजरात (b) मध्यप्रदेश
(c) असम (d) उत्तरप्रदेश

10. डुगोन्ग नामक समुद्री जीव जो कि विलोपन की कगार पर है, क्या है?
(a) उभयचर (b) बोनीफिश
(c) शार्क (d) स्तनधारी

11. अंटार्कटिका में ओजोन परत का सर्वाधिक विनाश किस माह में होता है?
(a) दिसम्बर तथा जनवरी
(b) अक्टूबर तथा नवम्बर
(c) सितम्बर तथा अक्टूबर
(d) अगस्त तथा सितम्बर

12. अम्ल वर्षा (Acid Rain) का कारण क्या होता है -
(a) कारखानों के कारण
(b) पेट्रोल के कारण
(c) कोयला जलाने से
(d) लकड़ी से

13. 'फ्लाई ऐश' एक प्रदूषक दहन उत्पाद है, जो क्या जलाने से प्राप्त होता है?
(a) कोल (पत्थर के कोयले)
(b) चारकोल (लकड़ी के कोयले)
(c) डीजल/मिट्टी के तेल
(d) सी.एन.जी.

14. 'स्मोक सिटी ऑफ इण्डिया' की उपमा किसे प्रदान की गई है?
(a) दिल्ली (b) मुम्बई
(c) कोलकाता (d) कानपुर

15. अंतर्राष्ट्रीय 'टाइगर दिवस' कब मनाया जाता है -
(a) 24 जुलाई (b) 29 जुलाई
(c) 20 जुलाई (d) 25 जुलाई

16. 'गैबसन' इकाई का प्रयोग किस लिए किया जाता है?
(a) पृथ्वी की मोटाई मापने में
(b) हीरे की मोटाई मापने में
(c) ओजोन परत की मोटाई मापने में
(d) शोर को मापने में

17. जुगाली (Cud-Chewing) करने वाले पशुओं से किस ग्रीन हाउस गैस का निस्सरण होता है?
(a) CO_2 (b) मीथेन
(c) सीएससी (d) नाइट्रस ऑक्साइड

18. विश्व की हरित गृह गैसों में भारत का कितना अधिभाग है?
(a) 1 प्रतिशत (b) 2 प्रतिशत
(c) 3 प्रतिशत (d) 5 प्रतिशत

19. किस तत्व के लगातार सम्पर्क के कारण 'ब्लैक फुट' (Black Foot) नामक रोग हो जाता है?
(a) आर्सेनिक (b) नाइट्रेट
(c) कैडमियम (d) पारा

20. सबसे ज्यादा प्रदूषण किससे होता है?
(a) नाइट्रोजन (b) O_2
(c) CO (d) CO_2

21. फ्रियॉन का, जिसका प्रयोग प्रशीतक (Refrigerant) द्रव्य के रूप में किया जाता है, उसका रासायनिक नाम क्या है?
(a) क्लोरीनित हाइड्रोकार्बन
(b) लोरीनित हाइड्रोकार्बन
(c) डाईक्लोरो डाईफ्लोरो मीथेन
(d) लोरीनित ऐरोमैटिक यौगिक

22. नाभिकीय विकिरणों द्वारा सबसे पहले प्रभावित होने वाला मानव शरीर का कौन सा अंग है?
(a) यकृत (b) मस्तिष्क
(c) फेफड़ा (d) अस्थि मज्जा

23. रक्त कैंसर किस औद्योगिक रसायन से होता है?
(a) बेंजीन (b) मैंगनीज
(c) पी.सी.बी. (d) एस्बेस्टस

24. अखबार में कौन सा विषैला तत्व होता है?
(a) पारा (b) लेड
(c) मैंगनीज (d) कैडमियम

25. अधोलिखित में से प्रथम श्रेणी का प्रदूषण संकेतक कौन है?
(a) मधुमक्खी (b) तितली
(c) चूर्ण प्रावार (मोलस्का)
(d) डैंडलियॉन

26. ध्वनि प्रदूषण कितनी डेसीबल ध्वनि होने से होता है?
(a) 50-60 dB (b) 80-90 dB
(c) 40-70 dB (d) 20-25 dB

27. निम्न में से लाइकेन किस के प्रति अधिक संवेदनशील है -
(a) सल्फर डाइऑक्साइड (SO_2)
(b) कार्बन मोनोऑक्साइड (CO)
(c) नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (NO_2)
(d) ऑक्सीजन (O_2)

28. ओजोन (O_3) इनमें क्या है -
(a) प्राथमिक प्रदूषक
(b) द्वितीयक प्रदूषक
(c) (a) तथा (b)
(d) इनमें से कोई नहीं

29. निम्नलिखित में से कौन-सा मुख्य ऐरोसॉल प्रदूषक है, जो वायुयानों में पाया जाता है?
(a) CO (b) CO_2
(c) क्लोरोफ्लोरो कार्बन
(d) SO_2

30. निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक प्रदूषक है?
(a) SO_2 (b) CO
(c) NO_2 (d) उपरोक्त सभी

31. निम्न में से क्या जल की BOD को बढ़ाता है -
(a) शैवाल (b) मिट्टी
(c) सर्कारा मिल के अपशिष्ट
(d) जलीय पौधे

32. धुन्ध-कोहरा (Smog) का निर्माण कैसे होता है -
(a) कोहरे + NO_2 से
(b) धुएँ + रेडियो ऐक्टिव पदार्थ से
(c) धुएँ + कोहरे से
(d) धुएँ + CO_2 से

33. वायु प्रदूषण के विश्वसनीय संकेतक (Indicator) कौन से हैं-
(a) हरी शैवाल तथा जलीय लीवरवर्टस
(b) फर्न तथा साइकस
(c) लाइकेन तथा मौस
(d) नीम तथा आम

34. स्वचालित वाहनों से निकलने वाली गैसों के प्रकाश से रासायनिक परिवर्तन द्वारा कौन से प्रदूषक उत्पन्न होते हैं -
(a) CO एवं CO_2
(b) NO_2
(c) O_3 एवं PAN
(d) CH_4 एवं C_2H_6

35. भूमिगत जल को दूषित करने वाले अजैविक प्रदूषक कौन सा हैं -
(a) बैक्टीरिया (b) शैवाल
(c) आर्सेनिक (d) विषाणु

36. निम्नलिखित में से कौन सा वायु प्रदूषण का एक जैव सूचक है?
(a) फर्न (b) लाइकेन
(c) मनी प्लांट (d) अमरबेल

37. 'ग्रीन मफलर' किससे संबंधित है-
(a) मृदा प्रदूषण से
(b) वायु प्रदूषण से
(c) ध्वनि प्रदूषण से
(d) जल प्रदूषण से

38. सूर्य से आने वाली हानिकारक पराबैंगनी विकिरण किसका कारण हो सकती हैं -
(a) यकृत का कैंसर
(b) मस्तिष्क का कैंसर
(c) मुखीय कैंसर
(d) त्वचीय कैंसर

39. निम्नलिखित में से कौन-सा वायु प्रदूषक ऑक्सीजन की अपेक्षा अधिक शीघ्रता से रक्त के हीमोग्लोबिन में घुल जाता है?
(a) पैन (PAN)
(b) कार्बन डाइऑक्साइड
(c) कार्बन मोनोऑक्साइड
(d) ओजोन

40. निम्नलिखित में से क्या जैव-अपघटनीय प्रदूषक हैं?
(a) सीवेज (b) एस्बेस्टस
(c) प्लास्टिक (d) पॉलीथीन

41. नॉक-नी संलक्षण कैसे उत्पन्न होता है -
(a) पारा के प्रदूषण द्वारा
(b) सीसा के प्रदूषण द्वारा
(c) संखिया के प्रदूषण द्वारा
(d) फ्लोराइड के प्रदूषण द्वारा

42. निम्नलिखित में किस दिन को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के रूप में मनाया जाता है?
(a) 5 जून (b) 15 सितम्बर
(c) 4 नवम्बर (d) 14 दिसम्बर

43. 'विश्व पृथ्वी दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 22 अप्रैल (b) 20 अप्रैल
(c) 25 अप्रैल (d) 21 अप्रैल

44. ग्लोबल-500 पुरस्कार किसलिए प्रदान किया जाता है -
(a) पर्यावरण प्रतिरक्षा हेतु
(b) मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान में
(c) आतंकवाद के विरुद्ध अभियान
(d) जनसंख्या नियंत्रण के लिए

45. राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग शोध संस्थान कहां स्थित है?
(a) नागपुर में (b) पूना में
(c) लखनऊ में (d) नई दिल्ली में

46. मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल किससे संबंधित है?
(a) ओजोन क्षय
(b) परमाणु हथियार
(c) लैण्ड माइन्स
(d) सागर तट

47. पेयजल को शुद्ध करने के लिए पोटेशियम परमेंगेट का प्रयोग किया जाता है, क्योंकि यह -
(a) जल की अशुद्धियों को घोल देता है
(b) अनुर्वरीकारक है
(c) उपचायक (ऑक्सीकारक) है
(d) अपचायक है

48. ईको-मार्क (ECO-MARK) क्या है?
(a) प्रदूषण मुक्त औद्योगिक इकाई को नामपत्रित करने का योजना
(b) पर्यावरण अनुकूली उपभोक्ता उत्पादन को नामपत्रित करने की योजना
(c) लाभकारी उत्पादन तकनीक
(d) पारिस्थितिकी अनुकूली भवनों को मान्यता देने वाला अन्तर्राष्ट्रीय प्रमाणन

49. एशियाई जंगली गधा कहाँ पाया जाता है?
(a) कच्छ के रण (b) काजीरंगा
(c) रणथम्भौर (d) पेरियार

50. विश्व मौसम संगठन का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
(a) जिनेवा (b) म्युनिख
(c) प्राग (d) लंदन

उत्तर

1. (c) 2. (d) 3. (a) 4. (a) 5. (a) 6. (a) 7. (d) 8. (b) 9. (c) 10. (d) 11. (c) 12. (a) 13. (a) 14. (c) 15. (b) 16. (c) 17. (b) 18. (a) 19. (a) 20. (c) 21. (c) 22. (d) 23. (a) 24. (b) 25. (c) 26. (b) 27. (a) 28. (b) 29. (c) 30. (d) 31. (c) 32. (c) 33. (c) 34. (c) 35. (c) 36. (b) 37. (c) 38. (d) 39. (c) 40. (a) 41. (d) 42. (d) 43. (a) 44. (a) 45. (a) 46. (a) 47. (c) 48. (b) 49. (a) 50. (a)

- डॉ. जीवन एस. रजक
(लेखक : ''संयुक्त कलेक्टर'' दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान एवं लोक प्रशासन पुस्तक के लेखक)

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal- 462011 (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

No./401/22/D-12/MPRRDA/2024 Bhopal, Dated : 09.01.2024

NOTICE INVITING TENDER No. 1165 (PMGSY-B.W.)

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **www.pmgsytenders.gov.in** as detailed below;

- **Name of Work -** Construction/Up-gradation of Rural Roads under PMGSY including maintenance for Five year after construction

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1	Khargone	2	48892000.00

1. Bid document may be purchase online from 10.01.2024 (17:30 hrs) and last date for online bid submission is 27.01.2024 (17:00 hrs.)
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P.M./113196/2024 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**
''मेरी सड़क'' ऐप डाउनलोड कर, फीडबेक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें!
R-49352/2024

महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय
देवास मार्ग, उज्जैन (म.प्र.)
ईमेल - regpsvvmp@rediffmail.com, वेबसाइट - www.mpsvv.ac.in

विज्ञापन

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली संस्कृत संवर्धन योजना के अंतर्गत अष्टादशी परियोजना में विभिन्न परियोजनाओं के सम्पादन हेतु विभिन्न पदों के लिये आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। अधिक जानकारी के लिये विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट देखें। आवेदन की **अंतिम तिथि 20.01.2024** है।
म.प्र. माध्यम/113270/2024 R-49361/2024 **कुलसचिव**

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

हिन्दी

1. सकर्मक क्रिया किसे कहते हैं?
अ. जिसमें कर्म हो
ब. जिसमें कर्म न हो
स. दोनों स्थिति में
द. कोई भी नहीं
उत्तर- अ. जिसमें कर्म हो

2. संयुक्त क्रिया में कितने क्रिया पद होते हैं?
अ. एक
ब. दो
स. तीन
द. दो या दो से अधिक
उत्तर- द. दो या दो से अधिक

3. मैं पुस्तक पढ़ूंगा-पढ़ूंगा क्रिया में 'पढ़' क्या है?
अ. धातु ब. मूल
स. क्रिया द. क्रियार्थ
उत्तर- अ. धातु

4. कर्म के आधार पर क्रिया के कितने भेद हैं?
अ. अकर्मक क्रिया
ब. सकर्मक क्रिया
स. उपयुक्त दोनों
द. इनमें से कोई नहीं
उत्तर- स. उपयुक्त दोनों

5. पिताजी ने बच्चों को भली-भांति समझा दिया है। (इस वाक्य में क्रिया विशेषण है)
अ. पिताजी ने ब. बच्चों को
स. भली-भांति द. समझा दिया है
उत्तर- स. भली-भांति

6. जहां भी रहो खुश रहो (उपर्युक्त वाक्य में क्रिया विशेषण का काम करने वाला पद है।)
अ. जहां
ब. रहो
स. खुश
द. भी रहो
उत्तर- अ. जहां और स. खुश

7. सीता नाच रही है और गीता गा रही है। (रचना के आधार पर यह वाक्य है)
अ. सरल वाक्य
ब. मिश्र वाक्य
स. संयुक्त वाक्य
द. अन्य वाक्य
उत्तर- स. संयुक्त वाक्य

8. बस स्टाप पर पहुंचकर आप हमारी प्रतीक्षा करें (इसका संयुक्त वाक्य बनेगा)
अ. जैसे ही आप बस स्टाप पहुंचें हमारी प्रतीक्षा करें
ब. बस स्टाप पर पहुंचें कर प्रतीक्षा करें
स. आप बस स्टाप पहुंचें और हमारी प्रतीक्षा करें
द. जब बस स्टाप पहुंचें तभी हमारी प्रतीक्षा करें
उत्तर- स. आप बस स्टाप पहुंचें और हमारी प्रतीक्षा करें

9. नेता जी भाषण दे रहे हैं। (कौन से प्रकार का वाक्य है)?
अ. सरल वाक्य
ब. संयुक्त वाक्य
स. मिश्र वाक्य
द. अन्य वाक्य
उत्तर- अ. सरल वाक्य

10. जैसे ही सभा खत्म हुई, वैसे ही सब लोग घर चले गये (इसका संयुक्त वाक्य क्या बनेगा)
अ. सभा समाप्त हुई और सब लोग चले गये
ब. जब सभा समाप्त हुई तब लोग घर चले गये
स. सभा समाप्त होते ही सब लोग घर चले गये
द. सभा समाप्त होती है तो लोग घर चले जाते हैं
उत्तर- अ. सभा समाप्त हुई और सब लोग चले गये

11. लड़कियां गाना गा चुकी हैं? (इस वाक्य में कर्म है)
अ. गाना ब. गा
स. चुकी द. हैं
उत्तर- ब. गा

12. 'ईमानदारी' से विशेषण बनेगा?
अ. ईमान
ब. ईमानदार
स. ईमानी
द. ईमानवाला
उत्तर- ब. ईमानदार

13. अग्नि शब्द का कौन सा शब्द पर्यायवाची नहीं है?
अ. आग ब. अनल
स. मन द. पावक
उत्तर- स. मन

14. 'इन्द्र' शब्द का कौन सा शब्द पर्यायवाची नहीं है?
अ. देवेन्द्र ब. सुरेश
स. निशाचर द. पुरंदर
उत्तर- स. निशाचर

15. 'वारिस' शब्द के दो पर्यायवाची किस वर्ग से सही हैं?
अ. उत्तराधिकार - हकदार
ब. पुत्र - संपत्ति
स. रिश्तेदार - मालिक
द. जिगरी - उत्तम
उत्तर- अ. उत्तराधिकार - हकदार

16. 'कनक' शब्द का कौन सा पर्यायवाची नहीं है?
अ. सोना ब. धतूरा
स. कर्ण द. गेहूं
उत्तर- स. कर्ण

17. गहरी लाल बनियान मत पहनों। वाक्य व्याकरण के दृष्टिकोण से क्या है?
अ. संज्ञा ब. सर्वनाम
स. विशेषण द. प्रविशेषण
उत्तर- द. प्रविशेषण

18. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य शुद्ध है?
अ. मैं अनेकों विद्वानों से मिला हूं
ब. मैं अनेक विद्वानों से मिला हूं
स. मैं बहुत सारे विद्वानों से मिला हूं
द. मैं कई विद्वानों से मिला हूं
उत्तर- ब. मैं अनेक विद्वानों से मिला हूं

19. अ. मधुकर जी दिनभर नहीं रहते
ब. मधुकर जी सदैव घर में नहीं रहते
स. मधुकर जी अनवरत घर में नहीं रहते
द. मधुकर जी निरंतर घर नहीं रहते
उत्तर- ब. मधुकर जी सदैव घर में नहीं रहते

20. अ. चलो, नर्मदा किनारे सैर करने
ब. चलो, नर्मदा किनारे सैर करने के लिए चले
स. चलो, नर्मदा किनारे सैर करने चलें
द. चलो, नर्मदा किनारे सैर करने के लिए चले
उत्तर- स. चलो, नर्मदा किनारे सैर करने चलें

21. अ. मैंने कपड़े पहनने हैं
ब. मैंने कपड़े पहनने हूं
स. मुझे कपड़े पहनने हैं
द. मेरे को कपड़े पहनने हैं
उत्तर- स. मुझे कपड़े पहनने हैं

22. अ. नीरज प्रयागराज गये
ब. नीरज प्रयागराज को गये
स. नीरज ने प्रयागराज गये
द. नीरज प्रयागराज में गये हैं
उत्तर- अ. नीरज प्रयागराज गये

23. 'थोड़े में बहुत कुछ कह देना' अर्थ को व्यक्त करने वाला मुहावरा है?
अ. अधजल गगरी छलकत जाए
ब. सागर में गागर मिलाना
स. गागर में सागर डूबो देना
द. गागर में सागर भरना
उत्तर- द. गागर में सागर भरना

24. 'खून खौलना' मुहावरे का सही अर्थ है?
अ. बहुत जोश में आना
ब. पागल हो जाना
स. क्रोध निकलना
द. अत्यंत क्रोध करना
उत्तर- द. अत्यंत क्रोध करना

25. 'खून का घूंट पी जाना' मुहावरे का सही अर्थ है?
अ. क्रोधित होना
ब. आपे से बाहर होना
स. अपने क्रोध को भीतर ही भीतर सह जाना
द. खून पीन
उत्तर- स. अपने क्रोध को भीतर ही भीतर सह जाना

26. 'व्यर्थ की बातें उभारना' अर्थ को प्रकट करने वाला कौन सा मुहावरा सबसे ठीक है?
अ. खून का घूंट पीना
ब. गले पड़ना
स. गले मढ़ना
द. गड़े मुर्दे उखाड़ना
उत्तर- द. गड़े मुर्दे उखाड़ना

27. 'किसी काम के लिए पूरी तरह तैयार होना' अर्थ को व्यक्त करने के लिए किस मुहावरे का प्रयोग ठीक होगा?
अ. डर जाना
ब. गले मढ़ना
स. कमर कसना
द. कमर बांधना
उत्तर- स. कमर कसना

28. तुम मेरी ..... चाहते हो। अतः यहां से चले जाओ।
अ. आंखों में धूल झोंकना
ब. आंखों में झांकना
स. आंखों में आंखें डालना
द. आंखें मिलाना
उत्तर- अ. आंखों में धूल झोंकना

29. प्रियंका आजकल सारे गांव के ..... बनी हुई है?
अ. गले का फूल
ब. गले मिलना
स. गले का कांटा
द. गले का हार
उत्तर- द. गले का हार

30. समास के कितने भेद होते हैं?
अ. चार ब. पांच
स. छः द. सात
उत्तर- स. छः

31. 'चौराहा' शब्द में कौन सा समास है?
अ. कर्मधारय समास
ब. द्वंद्व समास
स. बहुव्रीहि समास
द. द्विगु समास
उत्तर- द. द्विगु समास

32. निम्नलिखित विग्रह का कौन सा समस्त पद बनेगा, विद्यारूपी धन?
अ. धन विद्या
ब. विद्या धन
स. धन ही विद्या
द. विद्या ही धन
उत्तर- ब. विद्या धन

33. पीतांबर
अ. पीत + अंबर
ब. पीला अंबर है
स. पीला है जो अंबर
द. पीले वस्त्र हैं जिसके अर्थात् श्री कृष्ण
उत्तर- द. पीले वस्त्र हैं जिसके अर्थात् श्री कृष्ण

34. 'गजानन' शब्द में कौन सा समास है?
अ. द्वंद्व समास
ब. बहुव्रीहि समास
स. अव्ययी भाव समास
द. कर्मधारय समास
उत्तर- ब. बहुव्रीहि समास

35. 'यथामति' का सही विग्रह होगा?
अ. मति की यथा
ब. यथा और मति
स. मति के अनुसार
द. यथा है जो मति
उत्तर- स. मति के अनुसार

36. 'शरणागत' शब्द का सही विग्रह होगा?
अ. शरण में पड़ा
ब. शरण में गया
स. शरण में गत
द. शरण में आगत
उत्तर- द. शरण में आगत

37. 'पुरुषोत्तम' शब्द का सही विग्रह होगा?
अ. पुरुषों में उत्तम है जो
ब. उत्तम पुरुष
स. मर्यादा पुरुष
द. पुरुष उत्तम
उत्तर- अ. पुरुषों में उत्तम है जो

38. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द जातिवाचक संज्ञा है?
अ. नगर ब. रामायण
स. आगरा द. नीलम
उत्तर- अ. नगर

39. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन से विकल्प में सभी शब्द व्यक्ति वाचक संज्ञाएं नहीं हैं?
अ. भोपाल, इन्दौर
ब. सतपुड़ा, हिमालय
स. गंगा, कावेरी
द. पुस्तक, कामायनी
उत्तर- द. पुस्तक, कामायनी

40. किस वर्ग की सभी संज्ञाएं भाव वाचक संज्ञा नहीं है?
अ. सुंदरता, भव्यता
ब. ऊंचाई, कमजोरी
स. पुत्र, योग्य
द. वार्धक्य, ईमानदारी
उत्तर- स. पुत्र, योग्य

41. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द व्यक्ति वाचक संज्ञा नहीं है
अ. सागर
ब. रामायण
स. कंचनजंघा
द. नर्मदा
उत्तर- अ. सागर

42. 'पंडित' शब्द से भाव वाचक संज्ञा बनेगी?
अ. पंडिताइन
ब. पंडा
स. पांडित्य
द. पंडिता
उत्तर- स. पांडित्य

43. विशेष्य किसे कहा जाता है?
अ. जो शब्द विशेषता बताते हैं।
ब. जिस शब्द की विशेषता बताई जाती है।
स. जो विशेषता बताई जाती है।
द. जो विशेषता की विशेषता बताए।
उत्तर- ब. जिस शब्द की विशेषता बताई जाती है।

44. 'विशेषण' किसे कहते हैं?
अ. जो क्रिया की विशेषता बताए।
ब. जो सर्वनाम की विशेषता बताए।
स. जो पद संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताए।
द. जो संज्ञा की विशेषता बताए।
उत्तर- स. जो पद संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताए।

45. विशेषण कितने प्रकार के होते हैं?
अ. दो ब. तीन
स. चार द. पांच
उत्तर- स. चार प्रकार के

46. 'भूगोल' शब्द से विशेषण बनेगा?
अ. भूगोलिक
ब. भौगोलिक
स. भूगोली
द. भोगोली
उत्तर- ब. भौगोलिक

47. कौन सा शब्द 'दिन' का पर्यायवाची नहीं है?
अ. वार ब. दिवस
स. दशन द. रोज
उत्तर- स. दशन

48. किस वर्ग के सभी शब्द पर्यायवाची नहीं हैं?
अ. सूर्य, रवि, भास्कर
ब. राजा, प्रजा, नर
स. वृक्ष, पादप, पेड़
द. पुष्प, सुमन, कुसुम
उत्तर- ब. राजा, प्रजा, नर

49. 'अतिवृष्टि' का विलोम शब्द होगा?
अ. स्वीकृति ब. शुष्क
स. अनावृष्टि द. उन्नति
उत्तर- स. अनावृष्टि

50. 'वैकल्पिक' का विलोम शब्द है?
अ. स्वाभाविक
ब. इच्छित
स. योगंतर
द. अनिवार्य
उत्तर- द. अनिवार्य

51. कौन सा शब्द 'शशि' का पर्यायवाची नहीं है?
अ. दिवाकर ब. निशाकर
स. चन्द्रमा द. सोम
उत्तर- अ. दिवाकर

52. 'अंबुधि' शब्द का समानार्थी शब्द है?
अ. जलद ब. सागर
स. तड़ाग द. सरिता
उत्तर- ब. सागर

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं।)

खेल चर्चा

स्टंपिंग और कन्कशन नियमों में किए गए बदलाव

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने क्रिकेट के नियमों में कुछ बदलाव किए है। यह बदलाव स्टंपिंग और कन्कशन सब्स्टीट्यूट से जुड़े हुए हैं। आईसीसी ने कहा कि नए नियमों के अनुसार अब अगर तीन स्टंपिंग के लिए डीआरएस लेती है तो अंपायर रिव्यू के दौरान सिर्फ साइड ऑन रीप्ले को इस्तेमाल करेगा और चेक करेगा कि स्टंपिंग सही है या नहीं। इस दौरान अंपायर यह चेक नहीं करेगा कि गेंद ने बल्ले का किनारा छुआ है या नहीं यानी की स्टंपिंग के लिए इस्तेमाल किए गए रिव्यू में कैच बिहाइंड की जांच नहीं होगी। आईसीसी ने कहा कि अब कनकशन सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी को तभी गेंदबाजी करने की अनुमति दी जाएगी, जब मूल खिलाड़ी को गेंदबाजी करते समय कनकशन के कारण हटना पड़ा हो।

भारत-अफगानिस्तान ट्वेंटी-20 सीरीज

भारत ने 6 विकेट से जीता पहला मैच

मोहाली, भारतीय क्रिकेट टीम ने आगामी आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप से पहले अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। भारतीय टीम ने मोहाली में खेले गए ट्वेंटी-20 सीरीज के पहले मैच में अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराया है। मैच में युवा खिलाड़ी शिवम दुबे ने गेंद और बल्ले दोनों से शानदार प्रदर्शन किया।

मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्ला गुरबाज (23) और इब्राहिम जादरान (25) ने अफगानिस्तान को मजबूत शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 50 रनों की साझेदारी की। इस जोड़ी को अक्षर पटेल ने तोड़ा। अक्षर ने गुरबाज को आउट किया, जबकि शिवम दुबे ने जादरान को पवेलियन लौटाया। इन दोनों के आउट होने के बाद अजमतुल्ला ओमरजई (29) ने पारी को संभाला। अंतिम ओवरों में मोहम्मद नबी ने आतिशी पारी खेली और 27 गेंदों में 42 रन बनाये। अफगानिस्तान ने 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 158 रन बनाये।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। टीम के कप्तान और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा पारी की दूसरी गेंद पर बिना खाता खोले रन आउट हो गए। रोहित के आउट होने के बाद शुभमन गिल (23) और तिलक वर्मा (26) ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन वे अपनी पारी को लंबा नहीं खींच सके। इसके बाद शिवम दुबे ने जितेश शर्मा के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। जितेश ने 20 गेंदों में 31 रन बनाये, जबकि शिवम ने 40 गेंदों में 60 रनों की नाबाद पारी खेली। इनके अलावा रिंकू सिंह ने भी 16 रन बनाये। भारत ने 15 गेंद शेष रहते 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

रोहित शर्मा ने बनाया जीत का शतक

मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भले ही बल्ले के साथ धमाल नहीं मचा सके, लेकिन उन्होंने ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। रोहित ने इस मैच को जीतकर ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 100वीं जीत दर्ज कर अनोखा शतक पूरा किया। यह कारनामा करने वाले रोहित विश्व के पहले पुरुष खिलाड़ी भी बन गए हैं। रोहित ने 149 ट्वेंटी-20 मैचों में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया है, इनमें से 100 मैचों में भारतीय टीम ने जीत दर्ज की है। रोहित ने 52 मैचों में भारतीय टीम की कमान संभाली है, इनमें से 40 मैचों में भारत जीता है जबकि 12 मैच में टीम को हार मिली है।

ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से जीती टेस्ट सीरीज

सिडनी, ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच खेली गई तीन मैचों की टेस्ट सीरीज को ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से अपने नाम किया है। सीरीज के तीसरे और आखिरी मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 8 विकेट से हराया। मैच में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 313 रन बनाये, जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 299 रन ही बना सकी। दूसरी पारी में पाकिस्तान की टीम पूरी तरह फ्लॉप रही और 115 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलियाई टीम को जीत के लिए 130 रनों का लक्ष्य मिला, जो उसने 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

दिमित्रोव ने जीता ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट

ब्रिस्बेन, बुल्गारिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी ग्रिगोर दिमित्रोव ने ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। दिमित्रोव ने टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में डेनमार्क के होल्गर रूने को 7-6 (7-5), 6-4 से हराया। दिमित्रोव ने दूसरी बार यह टूर्नामेंट जीता है। वे इससे पहले वर्ष 2017 में भी यह खिताब जीत चुके हैं। टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग का खिताब कजाखस्तान की एलीना रिबाकिना ने जीता।

एशियाई ओलिंपिक क्वालिफायर

वरुण और ईशा को ओलिंपिक कोटा

जकार्ता, भारत के युवा निशानेबाज वरुण तोमर और ईशा सिंह ने जकार्ता में आयोजित एशियाई ओलिंपिक क्वालिफायर में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता है। प्रतियोगिता में वरुण ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में, जबकि ईशा ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को दो ओलिंपिक कोटा दिलाए। भारतीय निशानेबाजों ने एशियाई ओलिंपिक क्वालिफायर में समाचार लिखे जाने तक 9 स्वर्ण, 7 रजत और 7 कांस्य सहित कुल 23 पदक जीत लिये हैं।

इन दोनों खिलाड़ियों के ओलिंपिक क्वालिफाई करने के साथ ही भारत के निशानेबाजों के पेरिस ओलिंपिक में 16 कोटे हो गए हैं, जो टोक्यो ओलिंपिक से अधिक हैं। भारत को सोलहवां कोटा रिदम सांगवान ने दिलाया। रिदम ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

भारत ने टोक्यो ओलिंपिक में 15 निशानेबाज उतारे थे। भारतीय निशानेबाजों के पास अभी भी अन्य क्वालिफायर स्पर्धाओं के जरिए पेरिस ओलिंपिक में जगह बनाने का मौका होगा।

कोको गॉफ ने जीता ऑकलैंड क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट

ऑकलैंड, अमेरिका की युवा महिला टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने ऑकलैंड क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में गॉफ ने यूक्रेन की एलीना स्वितोलिना को 6-7, 6-3, 6-3 से हराया। ये गॉफ के टेनिस कैरियर का सातवां डब्ल्यूटीए खिताब है। गॉफ ने वर्ष 2023 में भी यह टूर्नामेंट जीता था। इसके साथ ही गॉफ 35 साल बाद लगातार दो बार ऑकलैंड क्लासिक टूर्नामेंट जीतने वाली पहली अमेरिकी खिलाड़ी बन गई हैं।

हेनरिक क्लासेन ने टेस्ट क्रिकेट से लिया संन्यास

जोहानिसबर्ग, दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। क्लासेन ने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि मैंने रेड बॉल क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं अपने देश का प्रतिनिधित्व करके खुश हूं। क्लासेन ने कहा कि मैं सफेद गेंद क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करने के लिए उपलब्ध हूं। क्लासेन ने दक्षिण अफ्रीका के लिए महज 4 टेस्ट मैच खेले हैं।

भारत-ऑस्ट्रेलिया ट्वेंटी-20 सीरीज

ऑस्ट्रेलिया ने 2-1 से जीती सीरीज

मुंबई, ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम ने वन-डे सीरीज के बाद अब ट्वेंटी-20 सीरीज में जीत दर्ज की है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भारत दौरे पर खेली गई तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज को 2-1 से अपने नाम किया है। ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज के तीसरे और आखिरी मैच में भारत को 7 विकेट से हराया।



मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी करने को कहा। शेफाली वर्मा (26) और स्मृति मंधाना (29) ने भारत को शानदार शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 4.4 ओवरों में 39 रनों की साझेदारी की। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद भारत की रन गति धीमी पड़ गई। हालांकि बाद में रिचा घोष (34), अमनजोत कौर (17) और दीप्ति शर्मा (14) ने उपयोगी पारियां खेलीं, जिसकी बदौलत भारत ने 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 147 रन बनाये।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को कप्तान एलिसा हीली और बेथ मूनी ने मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने 85 रनों की ओपनिंग साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया के लिए लक्ष्य आसान कर दिया। हीली ने 55 रन बनाये जबकि मूनी 52 रन बनाकर नाबाद रही। इनके अलावा ताहिला मैक्ग्राथ ने 20 और फोब लिचफील्ड ने 17 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 18.4 ओवरों में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने इस दौरे पर वन-डे और ट्वेंटी-20 सीरीज जीती है, वहीं भारत ने टेस्ट मैच जीता था।

- **ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने लगातार पांचवीं बार ट्वेंटी-20 सीरीज में भारत को हराया है।**
- **ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तान एलिसा हीली को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।**

नडाल ऑस्ट्रेलियन ओपन से हुए बाहर

मेलबर्न, स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल चोट की वजह से ऑस्ट्रेलियन ओपन से हट गए हैं। वे ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट के दौरान चोटिल हो गए हैं। नडाल ने कहा कि ब्रिस्बेन में आखिरी मैच के बाद मेरी मांसपेशियों में कुछ समस्या आई थी, इसके बाद एमआई जांच के बाद पता चला कि मांसपेशियों में माइक्रो टियर हो गया है, जिसके कारण मैं ऑस्ट्रेलियन ओपन में हिस्सा नहीं ले पाऊंगा। 37 वर्षीय नडाल ने चोट के कारण लगभग एक साल तक बाहर रहने के बाद ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट के जरिए टेनिस कोर्ट में वापसी की थी। उल्लेखनीय है कि नडाल टेनिस के महान खिलाड़ियों में शुमार हैं, उन्होंने टेनिस में 22 ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं।

ट्वेंटी-20 विश्वकप

आईसीसी ने जारी किया विश्वकप का शेड्यूल

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस वर्ष खेले जाने वाले आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप का शेड्यूल जारी कर दिया है। विश्वकप का आगाज एक जून को मेजबान अमेरिका और कनाडा के बीच खेले जाने वाले मैच से होगा। ये दोनों देश पहली बार आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप में हिस्सा ले रहे हैं।

विश्वकप में भारत को पाकिस्तान, आयरलैंड, अमेरिका और कनाडा के साथ ग्रुप-ए में रखा गया है। विश्वकप में भारत अपना पहला मैच 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ खेलेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाला मैच विश्वकप का सबसे प्रतीक्षित मुकाबला है। यह मुकाबला 9 जून को न्यूयॉर्क में खेला जाएगा। इसके बाद भारत 12 जून को अमेरिका और 15 जून को कनाडा के खिलाफ अपना लीग मुकाबला खेलेगा।



- **आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप का आयोजन वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में किया जा रहा है।**
- **इस विश्वकप का फाइनल 29 जून को बारबाडोस में खेला जाएगा।**
- **वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने सबसे ज्यादा 2-2 बार जीता है ट्वेंटी-20 विश्वकप।**
- **भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया 1-1 बार बने हैं ट्वेंटी-20 विश्व चैम्पियन।**

इनके अलावा विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, अफगानिस्तान, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसी दिग्गज टीमें भी हिस्सा लेंगी।

नए फॉर्मेट में खेला जाएगा टूर्नामेंट

इस बार आईसीसी ट्वेंटी-20 टूर्नामेंट नए फॉर्मेट में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में पहली बार 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इन 20 टीमों को 5-5 टीम के चार ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप चरण में टीमें अपने ग्रुप की सभी टीमों से एक-एक बार भिड़ेंगी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सुपर-8 राउंड के लिए क्वालिफाई करेंगी। सुपर-8 में भी इन 8 टीमों को 4-4 टीम के दो ग्रुप में रखा जाएगा। इन ग्रुपों की शीर्ष 2-2 टीमें सेमीफाइनल में जगह बनायेंगी।

यूनाइटेड कप

जर्मनी पहली बार बना चैम्पियन

सिडनी, ओलिंपिक चैम्पियन एलेक्जेंडर ज्वेरेव के शानदार खेल के दम पर जर्मनी ने यूनाइटेड कप के खिताब पर कब्जा किया है। जर्मनी ने टूर्नामेंट के फाइनल में पोलैंड को 2-1 से मात दी। जर्मनी ने पहली बार यह टूर्नामेंट जीता है।

फाइनल में पहला एकल मैच जर्मनी की एंजेलिक कर्बर और पोलैंड की स्टार खिलाड़ी ईगा स्वितेक के बीच खेला गया, जिसमें स्वितेक ने कर्बर को आसानी से 6-3, 6-0 से हराकर पोलैंड को बढ़त दिलाई। वहीं एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने पुरुष एकल वर्ग का मैच जीतकर जर्मनी को पोलैंड के बराबरी पर ला दिया। ज्वेरेव ने पोलैंड के हर्बर्ट हुरकाज को कड़े मुकाबले में 6-7, 7-6, 6-4 से हराया।

एकल राउंड में स्कोर बराबर रहने के बाद विजेता का फैसला मिश्रित युगल मुकाबले से हुआ। इस मुकाबले में एलेक्जेंडर ज्वेरेव और लॉरा सिग्मंड की जोड़ी ने हर्बर्ट हुरकाज और ईगा स्वितेक की जोड़ी को 6-4, 5-7 और 10-4 के अंतर से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया।

- **अब तक दो बार आयोजित किया गया है यूनाइटेड कप टूर्नामेंट।**
- **वर्ष 2023 में अमेरिका ने जीता था यूनाइटेड कप।**

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

गलवान झड़प के बाद चीन का रुख बदला - रक्षामंत्री

ब्रिटेन दौरे पर गए भारतीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने लंदन में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात की। इस दौरान रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों देशों ने अपने ऐतिहासिक संबंधों को आधुनिक, बहुआयामी और पारस्परिक रूप से लाभप्रद साझेदारी में ढालने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। रक्षा मंत्री ने कहा कि ब्रिटेन और अन्य समान विचारधारा वाले देशों को शांतिपूर्ण और स्थिर वैश्विक नियम आधारित व्यवस्था को मजबूत करने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करना चाहिए। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सुनक ने भी व्यापार, रक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दोनों देशों के साथ मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की। राजनाथ सिंह ने कहा कि गलवान घाटी में हुई भारतीय और चीनी सैनिकों की झड़प के बाद चीन का भारत के प्रति रुख बदला है। रक्षा मंत्री ने कहा कि अब भारत को कमजोर देश नहीं माना जाता बल्कि इसे उभरती हुई वैश्विक ताकत के तौर पर देखा जाता है।

शेख हसीना के मंत्रिमंडल में 36 सदस्यों को मिला स्थान

बांग्लादेश के आम चुनाव में अवामी लीग पार्टी की जीत के बाद शेख हसीना ने पांचवीं बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही प्रधानमंत्री हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार ने अपनी 36 सदस्यीय कैबिनेट की घोषणा की। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 14 मौजूदा मंत्रियों को नई कैबिनेट में जगह नहीं मिली है। जिनमें विदेश मंत्री ए.के. अब्दुल मोमन, विदेश राज्य मंत्री शहरयार आलम, वित्त मंत्री एएचएम मुस्तफा कमाल, योजना मंत्री अब्दुल मन्नान, कृषि मंत्री अब्दुर रज्जाक और वाणिज्य मंत्री टीपू मुंशी शामिल हैं। नए चेहरों में बांग्लादेश के पहले प्रधानमंत्री ताजुद्दीन अहमद की बेटी सिमिन हुसैन रिमी राज्य मंत्रियों की सूची में शामिल हैं।

विवाद के बाद वेनेल्स की शाही सम्मान लौटाने की घोषणा

डाकघर घोटाले में कई ब्रिटिश भारतीयों सहित सैकड़ों शाखा प्रबंधकों को गलत तरीके से दोषी ठहराए जाने का मामला बढ़ता जा रहा है। इस बीच, विवादों के केंद्र में आई ब्रिटिश डाकघर की एक पूर्व प्रमुख ने अपने शाही सम्मान को लौटाने की घोषणा की है। पाउला वेनेल्स वर्ष 2012 से 2019 के बीच सरकारी स्वामित्व वाले 'पोस्ट ऑफिस लिमिटेड' की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) थीं। तब होरिजोन नाम के एक दोषपूर्ण अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर से जुड़ा आईटी घोटाला खूब चर्चाओं में था। हाल ही में वास्तविक घटनाओं पर आधारित एक टेलीविजन ड्रामा प्रसारित हुआ, जिसके बाद उनकी भूमिका नए सिरे से जांच के दायरे में आ गई। उनके खिलाफ एक याचिका पर दस लाख से ज्यादा हस्ताक्षर किए गए।

(स्रोत: संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

प्रधानमंत्री ने 10वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट का किया उद्घाटन

एक विश्व, एक परिवार, एक भविष्य का सिद्धांत अब वैश्विक कल्याण की पहली शर्त है - श्री मोदी

वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 के उद्घाटन के दौरान अतिथियों के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

- **वर्ष 2003 में शुरू हुआ था वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट**
- **10 से 12 जनवरी, 2024 तक आयोजित हुआ समिट**
- **'गेटवे टू द फ्यूचर' थीम पर हुआ आयोजन**
- **समिट में 34 सहयोगी देश और 16 भागीदार संगठन**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गांधीनगर में 10वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 का उद्घाटन किया। इस वर्ष के समिट (शिखर सम्मेलन) का विषय 'गेटवे टू द फ्यूचर' है और इसमें 34 सहभागी देश व 16 भागीदार संगठनों ने हिस्सा लिया। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा समिट का उपयोग पूर्वोत्तर क्षेत्रों में निवेश के अवसरों को प्रदर्शित करने के एक मंच के रूप में भी किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक भारत को 'विकसित' बनाने का संकल्प दोहराया, जिससे अगले 25 वर्ष देश के 'अमृत काल' बनेंगे। उन्होंने कहा- 'यह नए सपनों' नए संकल्पों और निरंतर उपलब्धियों का समय है। उन्होंने 'अमृत काल' के पहले वाइब्रेंट गुजरात समिट के महत्व का उल्लेख किया।

क्षमता, सामर्थ्य और प्रतिस्पर्धा बढ़ी

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ऐसे समय में विश्व के लिए आशा की किरण बन गया है, जब विश्व ने कई भू-राजनीतिक अस्थिरता देखी हैं। उन्होंने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में भारत की प्राथमिकताओं को प्रतिबिंबित करते हुए, टिकाऊ उद्योगों, मैन्युफैक्चरिंग और अवसंरचना, नए युग के कौशल, भविष्य की प्रौद्योगिकियों, एआई और नवाचार, ग्रीन हाइड्रोजन, नवीकरणीय ऊर्जा और सेमीकंडक्टरों का उल्लेख किया। उन्होंने अवसंरचना सुधारों पर सरकार के फोकस के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि इनसे अर्थव्यवस्था की क्षमता, सामर्थ्य और प्रतिस्पर्धा बढ़ी है।

वैश्विक कल्याण के लिए पहली शर्त

प्रधानमंत्री ने वाइब्रेंट गुजरात समिट की 20वीं वर्षगांठ का उल्लेख करते हुए कहा कि समिट ने नए विचारों को दिखावा है और निवेश तथा रिटर्न के लिए नए प्रवेश द्वार बनाए हैं। प्रधानमंत्री ने इस वर्ष की थीम 'गेटवे टू द फ्यूचर' पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 21वीं सदी का भविष्य साझा प्रयासों से उज्ज्वल होगा। उन्होंने कहा कि भारत की जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भविष्य के लिए एक रोडमैप प्रस्तुत किया गया है और इसे वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के विजन से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने 'एक विश्व, एक परिवार, एक भविष्य' के विजन के साथ आई2यू2 तथा अन्य बहुपक्षीय संगठनों के साथ साझेदारी को मजबूत बनाने का भी उल्लेख किया, जो अब वैश्विक कल्याण के लिए पहली शर्त बन गई है। प्रधानमंत्री ने कहा- 'तेजी से बदलती दुनिया में भारत 'विश्व मित्र' की भूमिका में आगे बढ़ रहा है। वैश्विक कल्याण के लिए भारत की प्रतिबद्धता, प्रयास और कठोर परिश्रम विश्व को सुरक्षित और समृद्ध बना रहे हैं।

दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट में पहले नंबर पर शामिल हुए छह देश

दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट्स की सूची जारी हो चुकी है। हेनली पासपोर्ट इंडेक्स 2024 के मुताबिक इस बार पहले नंबर पर छह देश शामिल हैं। यह पासपोर्ट अपने नागरिकों को दुनिया के 227 गंतव्यों में से 194 में बिना वीजा के एंट्री की सुविधा देते हैं। जिन छह देशों ने पहले नंबर पर जगह बनाई है, उनमें यूरोप के फ्रांस, जर्मनी, इटली और स्पेन शामिल हैं।

जापान और सिंगापुर फिर से नंबर 1

लगातार पांच वर्षों से इस स्थान पर स्थापित एशियाई देश जापान और सिंगापुर को फिर से नंबर। का स्थान हासिल हुआ है। लिस्ट में दूसरे स्थान पर दक्षिण कोरिया के साथ फिनलैंड और स्वीडन हैं, जिनके पासपोर्ट 193 गंतव्यों तक बिना वीजा जाने की सुविधा देते हैं। वहीं, तीसरे स्थान पर ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, आयरलैंड और नीदरलैंड हैं, जिनके पासपोर्ट पर नागरिक 192 गंतव्यों पर वीजा-फ्री एंट्री ले सकते हैं। 191 गंतव्यों तक बिना वीजा के जाने की छूट के साथ ब्रिटेन ने चौथे स्थान पर जगह बनाई है। वह पिछले साल छठे पायदान पर था।

सूची में भारत 80वें स्थान पर

भारत को इस सूची में 80वें स्थान पर रखा गया है। भारतीय अपने पासपोर्ट के जरिए मौजूदा समय में 62 गंतव्यों पर बिना वीजा के जा सकते हैं। इनमें थाईलैंड, इंडोनेशिया, मॉरिशस, श्रीलंका और मालदीव शामिल हैं। दूसरी तरफ भारत के पड़ोसी देशों की बात करें तो जहां 85 गंतव्यों में वीजा-फ्री एंट्री है लिए चीन को 62वें स्थान पर रखा गया है।

सबसे कमजोर पासपोर्ट की सूची में है पाकिस्तान

सबसे कमजोर पासपोर्ट की बात की जाए तो इसमें अफगानिस्तान का नंबर सबसे ऊपर है। हालांकि, पाकिस्तान का पासपोर्ट भी सबसे कमजोर की लिस्ट में चौथे नंबर पर है। युद्ध प्रभावित सीरिया और इराक के पासपोर्ट इस लिस्ट में दूसरे और तीसरे नंबर हैं। सबसे कमजोर पासपोर्ट में पाकिस्तान की स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसके पासपोर्ट की स्थिति युद्ध झेल रहे यमन और सोमालिया से भी खराब है। इसके अलावा नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका का पासपोर्ट भी कमजोर पासपोर्ट की लिस्ट में रखे गए हैं।

मालदीव और चीन के बीच हुए 20 प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू चीन की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इस दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मुइज्जू और उनकी पत्नी साजिदा मोहम्मद के लिए राजकीय रात्रिभोज की मेजबानी की। मुइज्जू ने एक दिन पहले चीन से अनुरोध किया था कि वे अधिक से अधिक चीनी पर्यटकों को मालदीव भेजें। भारत से विवाद के कारण मालदीव फिलहाल पर्यटकों की कमी से जूझ रहा है। मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार राष्ट्रपति मुइज्जू ने वहां कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई। मुइज्जू ने दोनों देशों के बीच सामाजिक-आर्थिक संबंधों और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए चीनी अधिकारियों के साथ भी बैठकें कीं।

समझौतों का आदान प्रदान हुआ - जानकारी के अनुसार मालदीव और चीन ने बीस प्रमुख समझौतों का आदान-प्रदान किया। समझौतों पर हस्ताक्षर के दौरान, उन्होंने बीजिंग में ग्रेट हॉल ऑफ पीपल समारोह में भाग लिया। प्रमुख समझौतों की सूची में आपदा जोखिम न्यूनीकरण, मत्स्य पालन, डिजिटल अर्थव्यवस्था और बीआरआई सहित अन्य क्षेत्र शामिल हैं।

चीनी पर्यटकों से मालदीव आने का अनुरोध - चीन के फुजियान प्रांत में मोहम्मद मुइज्जू ने मालदीव बिजनेस फोरम को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने चीन को अपना निकटतम सहयोगी बताया था। उन्होंने चीन के बेल्ट एंड इनिशिएटिव (बीआरआई) परियोजनाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि चीन हमारा करीबी सहयोगी है।

नासा और इसरो का साझा प्रयास

ग्लेशियरों पर नजर रखने के लिए अमेरिका के साथ बनाई गई सैटेलाइट 'निसार' के प्रक्षेपण की तैयारी

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा द्वारा बनाई गई सैटेलाइट निसार लॉन्चिंग के लिए तैयार है और जल्द ही इसकी लॉन्चिंग की तारीख की घोषणा की योजना है। इस सैटेलाइट की मदद से इसरो और नासा धरती पर पर्यावरण के लिए अहम वेटलैंड, ज्वालामुखी में आए बदलाव और जमीन तथा समुद्र की बर्फ में आए बदलावों का अध्ययन करेगी। निसार सैटेलाइट ग्लेशियरों से बर्फ पिघलने की भी निगरानी करेगी।

नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेट्री ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। बयान में कहा गया है कि इससे वैज्ञानिकों को पता चलेगा कि कैसे एक छोटी सी प्रक्रिया से अंटार्कटिका और ग्रीनलैंड के ग्लेशियरों में बड़े बदलाव आते हैं।

साथ ही इस उपग्रह की मदद से कृषि मानचित्रण और भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों की मैपिंग की जा सकेगी। नासा के बयान के अनुसार, निसार की मदद से धरती पर बर्फ से जमे क्षेत्र में आए बदलाव का सबसे विस्तृत डाटा मिल सकेगा, जिसे क्रायोस्फीयर कहा जाता है।

ग्लेशियरों के पिघलने की दर समझने में मिलेगी मदद

ग्लेशियरों का अध्ययन करने वाले वैज्ञानिक एलेक्स गार्डनर ने बताया कि धरती पर मौजूद बर्फ तेजी से पिघल रही है और हमें पिघलने की प्रक्रिया को समझने की जरूरत है, जिसमें निसार सैटेलाइट मदद करेगी। यह सैटेलाइट पूरी पृथ्वी की जमीन और बर्फ के क्षेत्र का हर 12 दिन में दो बार सर्वेक्षण करेगी।

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक - संदीप यादव, मुद्रक - संदीप यादव द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।